* ओड़िशा संस्करण

30 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 219

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










# देश विश्व की तीसरे नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है : नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में सीता सोरेन के पक्ष में जनसभा की। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरे नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

नड्डा ने कहा कि ये पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच नतीजा है कि देश की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है। ये ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया के बड़े देशों की अर्थव्यवस्था की हालत खराब है। रूस, अमेरिका, चीन और जापान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए वहां की सरकारों को सोचना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का बदलता भारत है। साथ ही कहा कि सीता सोरेन को समर्थन दीजिये। इससे मोदी की स्थिति और मजबूत होगी। बदलाव को गति मिलेगी।

**झारखंड में बालू माफिया, लैंड और लव जिहाद को सरकार का संरक्षण :** जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए इसके नेताओं को भ्रष्टाचारी बताया। उन्होंने कहा कि बालू माफिया, लैंड जिहाद और लव जिहाद को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इंडी गठबंधन वालों को आपसे कोई लेना देना-नहीं है। ये सब भ्रष्टाचारी हैं। झारखंड में झामुमो वाले जल, जंगल, जमीन की बात करके सत्ता में आये थे। कहा कि आज एक साधारण आदमी भी मान चुका है कि देश में आया बदलाव मोदी की देन है। आम आदमी का यह विश्वास किसी नेता को मुश्किल से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि पहले लोग धर्म, जाति, स्थानीयता और भाषा आदि के आधार पर वोट करते थे। देश में अलग-अलग तरह के वाद थे, लेकिन मोदी ने एक ही जाति, धर्म और वाद का नारा दिया और वह है विकासवाद का नारा।

## यह मोदी का बदलता भारत है



## डिजिटल ट्रांजैक्शन के मामले में भारत चौथे स्थान पर

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बदलते भारत में दो लाख गांव में ऑप्टिकल फाइबर बिछाये गये। गांवों को वाइ-फाइ से जोड़ा गया। गांवों में दो लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। जब मोदी ऑप्टिकल फाइबर बिछा रहे थे, तब कांग्रेस और झामुमो वाले कहते थे कि भारत तो अनपढ़ है। ये तो पैसे की बर्बादी है। उनको भारत का सामर्थ्य मालूम नहीं था, लेकिन मोदी को मालूम था। आज सब्जी वाला भी डिजिटल ट्रांजेक्शन करता है। डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले आज भारत विश्व में चौथे स्थान पर है।

## सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्लान चलाया

जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रह चुका हूं। देख चुका हूं कि इस देश में कई बीमारियों की दवा आने में 25-30 साल लग गये। कुछ दवाएं ऐसी हैं, जिसको भारत आने में 100 साल लग गये, लेकिन याद कीजिये कोरोना काल को। मोदी ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिया और अपने देश में दो-दो वैक्सीन बने। इस वैक्सीन को बनाने में सिर्फ छह से नौ महीने लगे। उन्होंने कहा कि हमने न सिर्फ अपने देश के लोगों को वैक्सीन दिया, बल्कि कई गरीब देशों को मुफ्त में वैक्सीन दिया भी।

## आयुष्मान योजना की चर्चा की

जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान योजना की सोच पीएम की सोच है। आज पांच लाख का इलाज आयुष्मान योजना से गरीब मुफ्त में करा रहे हैं। यह मोदी का बदलता भारत। नड्डा ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की चर्चा की।

# कोकर अयोध्यापुरी और रातू रोड में इडी का छापा

## मनीष रंजन से आठ घंटे की पूछताछ के बाद इडी ने दी दबिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को इडी की टीम ने तीन हजार करोड़ के टेंडर कमीशन घोटाले में बड़ी दबिश दी। इडी की टीम ने कोकर के अयोध्यापुरी निवासी त्रिवेणी ठाकुर और रातू रोड के तेल मिल गली निवासी प्रशांत कुमार के यहां छापामारी की। इडी के अधिकारी वहां करीब 6 घंटे तक रहे। प्रशांत कुमार दंत चिकित्सक रवि कुमार के भाई प्रशांत कुमार हैं। अयोध्यापुरी में त्रिवेणी ठाकुर रहते हैं। इनका पुत्र सौरभ कुमार इंडसइंड बैंक में अधिकारी है। दोनों आइएएस अधिकारी मनीष रंजन के करीबी बताये जाते हैं। मंगलवार को इडी ने आठ घंटे तक मनीष रंजन से पूछताछ की है। तीन जून को आइएएस अधिकारी को फिर बुलाया गया है। मनीष रंजन पर आरोप है कि जब वे ग्रामीण विकास विभाग के सचिव थे, तो अपने चहेतों को ठेका दिया और कमीशन की वसूली की। बुधवार को इडी ने उनके करीबियों के यहां छापामारी की। इडी की टीम जब दो ठिकानों पर पहुंची, तो हर एक घर में रहने वाले हर एक सदस्य का मोबाइल जब्त कर लिया गया। एक-एक कर सभी से पूछताछ की गयी। इडी के अधिकारी कुछ महत्वपूर्ण कागजात लेकर वहां से निकल गये।



## अब तक आठ लोगों की हुई है गिरफ्तारी

टेंडर कमीशन घोटाले में अब तक मंत्री आलमगीर आलम समेत आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इडी का दावा है कि टेंडर घोटाला 3000 करोड़ से अधिक का है। इडी ने सुप्रीम कोर्ट में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के अंतरिम जमानत से जुड़े मामले में दाखिल हलफनामे में आंशिक रूप से इसका दावा किया है। मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी वर्क ऑर्डर आवंटन के बदले ठेकेदारों, इंजीनियरों से कमीशन वसूलने के मामले में हुई है। टेंडर कमीशन घोटाले में ही पिछले साल ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ जांच में करीब सवा सौ करोड़ की अवैध संपत्ति अर्जित करने का पता चला था। मिले सबूतों से पता चला कि यहां टेंडर में एक निश्चित कमीशन वरिष्ठ मंत्री और अधिकारियों को जाता है। इडी ने छह मई को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। तब छापेमारी में जहांगीर आलम के फ्लैट से 32 करोड़ 20 लाख रुपये नकद मिले थे।

## न्यूज रील्स

### देश में सबसे ज्यादा गर्म दिल्ली, पारा 52.3 डिग्री

नयी दिल्ली। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार को देश में सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दिल्ली ने तोड़ दिया। मंगेशपुर में दोपहर का तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली के बाद राजस्थान का चुरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान में गर्मी से 23 से 29 मई तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। भीषण गर्मी से यहां बुधवार को आठ जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गये। राज्य में दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश के बाद बिहार में सभी स्कूलों को 8 जून तक के लिए बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि मॉनसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है।

# छह महीने में आयेगा बड़ा भूचाल, बिखर जायेंगी परिवारवादी पार्टियां : पीएम मोदी

**बंगाल में अपनी आखिरी सभा में पीएम ने विपक्षी गठबंधन पर बोला जोरदार हमला**

**बोले- बंगाल की सीमाओं से घुसपैठ की अनुमति देकर टीएमसी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बंगाल में अपनी आखिरी जनसभा में विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि चार जून के बाद अगले छह महीने में देश में बहुत बड़ा राजनीतिक भूचाल आने वाला है। परिवारवादी पार्टियां अपने आप बिखर जाएंगी। इनके कार्यकर्ता भी अब थक चुके हैं। वो भी देख रहे हैं कि देश किधर जा रहा है और ये पार्टियां किधर जा रहीं हैं। मथुरापुर में सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने घुसपैठ को लेकर टीएमसी को घेरते हुए कहा कि बंगाल की सीमाओं से अनियंत्रित घुसपैठ की अनुमति देकर टीएमसी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है। घुसपैठिए आप लोगों के हक व जमीन जायदाद पर कब्जे कर रहे हैं। बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदल दी गई है। पूरा देश इसको लेकर चिंतित है। पीएम ने कहा कि टीएमसी बंगाल में अवैध घुसपैठियों को बसाना चाहती है लेकिन मतुआ शरणार्थियों को नहीं रहने देना चाहती है। वोट बैंक के तुष्टीकरण के चलते टीएमसी सीएए का विरोध कर रही है। पीएम ने कहा कि एक-एक शरणार्थी को भारत की नागरिकता दी जाएगी यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि अब तो टीएमसी सरकार तुष्टीकरण के लिए देश के संविधान पर भी खुलकर हमला करने लगी है। हमारे संविधान ने दलितों-पिछड़ों को आरक्षण दिया है लेकिन बंगाल में उस आरक्षण की खुली लूट हो रही है। टीएमसी सरकार फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र जारी कर मूल ओबीसी के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इन फर्जी प्रमाणपत्रों को रद कर दिया है लेकिन टीएमसी इस फैसले को स्वीकार नहीं कर रही। तुष्टीकरण के लिए ये लोग किस सीमा तक जाने को तैयार हैं। एक जून को आपका एक वोट इन खतरनाक इरादों को रोकेगा। मोदी ने कहा राम मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। लेकिन टीएमसी के लोग राम मंदिर को अपवित्र बताते हैं।



# इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय: कल्पना

**जामताड़ा में चुनावी सभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** जामताड़ा के वेना मैदान में बुधवार को आयोजित इंडिया गठबंधन की सभा में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय है। जिस तरह आपलोगों के प्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीजेपी वालों ने षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया है, उसी तरह जनता भी इस बार इंडिया गठबंधन के साथ मिल कर बीजेपी को खत्म कर देगी। कल्पना ने कहा कि जब शिबू सोरेन ने सिर नहीं झुकाया, तो हेमंत सोरेन कैसे सिर झुका देगा। हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की आवाम है। साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है।



**बीजेपी की ताबूत में आखिरी कील ठोंकेगा संताल :** कल्पना ने कहा कि हमारे झारखंड में तीन चरण का चुनाव हो गया है। चुनाव का परिणाम साफ हो गया है। जनता ने इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत दिया है। यह आखिरी चुनाव, जो संताल परगना में हो रहा है, यह बीजेपी की ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का काम हो रहा है और इंडिया गठबंधन के तीनों के तीनों प्रत्याशी दुमका, राजमहल और गोड्डा में भारी मतों से जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये भारत की खूबसूरती है कि यहां अनेकता में एकता दिखती है। जब अंग्रेजों के समय में बाबा तिलका मांझी तीर उठाया था, तब हिंदुस्तान में किसी ने आजादी का सपना देखा भी नहीं था। इसलिए हेमंत है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी झुकेगा नहीं।

## भाजपा को जनता सिखायेगी सबक

वहीं, गोड्डा में रैली को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंडियों से चिढ़ने वाली, 1932 खतियान का विरोध करनेवाली और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण की विरोधी भाजपा को जनता चुनाव में सबक सिखायेगी। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता अपना आशीर्वाद दे रही है। यह लोकसभा चुनाव जनता लड़ रही है। गोड्डा की जनता ने ठाना है कि कांग्रेस से गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव को भारी बहुमत से विजयी बनाना है।

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND

SAI NATH UNIVERSITY

Established in 2012

Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956

CUET Preference



APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012 | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | Member of AIU | App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharma | App. by BCI for Law Programme | Approved by INC

Admission 2024-25

Engineering / Polytechnic

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B. Tech. CS & IT | 4 Yrs | 10+2 with Math |
| 2. | B. Tech. Mining | 4 Yrs | 10+2 with Math |
| 3. | B. Tech. (Lateral) | 3 Yrs | Polytechnic |
| 4. | Diploma in Engg. | 3 Yrs | 10th |
| 5. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs | 10+2 with Math / IT |

• MINING ENGG • ELEC. ENGG.
• MECH. ENGG. • CIVIL ENGG.

EDUCATION PROGRAMME (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 2. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 3. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 4. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |
| 5. | B.A./B.Sc.-B.Ed | 4 Yrs. | 10+2 |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 2. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

PHYSICAL EDUCATION (Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL (Approved by INC)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 1. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

gurugracia.com

Excellent Placement Records

Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel

Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)

7970408015, 6204313818, 7461073942, 7903145542, 9050565535

E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com

# संताल परगना में भी 'मोदी' ही सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर

## ■ अंतिम परिणाम 2-1 हो सकता है, पर किसके पक्ष में, कहना मुश्किल

## ■ शहरी इलाके में भाजपा का जोर, तो गांवों में बराबरी की है टक्कर

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड की राजनीति का केंद्रबिंदु कहे जानेवाले संताल परगना में लोकसभा चुनावों के अंतिम चरण, यानी 1 जून को मतदान होगा। यहां चुनाव प्रचार के लिए अब 24 घंटे से भी कम का समय बचा हुआ है, इसलिए सभी दलों और उम्मीदवारों ने संताल परगना की तीनों सीटों पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा तमाम छोटे-बड़े नेताओं ने चुनावी रैलियां की हैं, जबकि इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे, झामुमो नेता कल्पना सोरेन, तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और अन्य छोटे-बड़े नेताओं ने जम कर पसीना बहाया है। इस धुआंधार चुनाव प्रचार अभियान के बीच अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि इस इलाके में चुनावी परिदृश्य क्या है और यहां के मतदाता क्या सोचते हैं। केंद्रीय योजनाओं के लाभ के बारे में उनका विचार क्या है और नयी सरकार बनाने के बारे में उनकी धारणा क्या है। इन तमाम सवालों के जवाब तलाशने के लिए आजाद सिपाही की टीम ने संताल परगना की तीनों सीटों का लगातार तीन दिन तक दौरा किया। इस दौरे के क्रम में सैकड़ों लोगों से भेंट हुई, बात हुई और राजनीतिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा भी हुई। इस पूरी बातचीत के आधार पर आजाद सिपाही की टीम में शामिल प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह, राजनीतिक संपादक प्रशांत झा और संवाददाता सुनील कुमार ने जो ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की है, उसे शब्द रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड की उप राजधानी दुमका जिले में अवस्थित बासुकीनाथ मंदिर, यानी फौजदारी बाबा का स्थान इन दिनों चुनावी बुखार से अछूता नहीं है। संताल परगना में आखिरी चरण में एक तारीख को मतदान होना है। देवघर से शुरू हुई आजाद सिपाही टीम की चुनावी यात्रा के क्रम में संताल परगना की तीनों सीटों, दुमका, राजमहल और गोड्डा का हाल समझने की कोशिश की गयी। जहां तक इन तीनों सीटों पर बीजेपी और जेएमएम की स्थिति का सवाल है, तो संताल में माहौल 2-1 का दिख रहा है। अब कौन दो सीट जीतेगा और कौन एक, यह 4 जून को पता चलेगा।

### गोड्डा में भाजपा का पलड़ा भारी

गोड्डा में एकदम स्थिति साफ लग रही है। यहां निशिकांत दुबे का पलड़ा भारी है। हमारी मुलाकात एक सफाई कर्मी की पत्नी से हुई, जो अपने डेढ़ साल के बच्चे को नहला रही थी। उसने खुद को बिहार के बांका का बताया और कहा कि उसका पति मंदिर में साफ-सफाई करता है। उन दोनों ने बासुकीनाथ में ही अपना वोटर कार्ड बनवाया है। उस महिला को पता है कि चुनाव कब है और उम्मीदवार कौन है। उसने साफ तौर पर कहा कि उसका वोट तो मोदी जी को मिलेगा, क्योंकि उन्होंने बहुत काम किया है। अनाज-पानी देते हैं। वह भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के नाम से भी परिचित थी। यहां से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें भी अच्छा-खासा वोट मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि वह निशिकांत दुबे की राह में कोई बहुत बड़ा रोड़ा अटका पायेंगे। इसके पीछे निशिकांत का काम और उस पर से मोदी की लोकप्रियता कारण है।

### दुमका में बराबरी की टक्कर

जहां तक दुमका का सवाल है, तो सीता सोरेन को पार्टी में लाते वक्त भाजपा को यह उम्मीद थी कि उनके आने से जेएमएम का सारा वोट ट्रांसफर हो जायेगा और भाजपा खुद के वोट के सहारे दुमका सीट जीत लेगी। दुमका से दो बार बाबूलाल मरांडी और एक बार सुनील सोरेन भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत चुके हैं। वैसे आम तौर पर दुमका को लोग शिवू सोरेन की सीट मानते हैं। बीच में दो-तीन बार भाजपा जरूर जीती है, लेकिन शिवू सोरेन का नाम यहां पर सबसे आगे है। लोगों से बातचीत में साफ हुआ कि दोनों प्रमुख उम्मीदवारों, भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन, दोनों का दो प्लस है, तो दो माइनस भी है। नलिन सोरेन शिकारीपाड़ा से विधायक हैं, यह उनका प्लस प्वाइंट है। उनका दूसरा प्लस प्वाइंट जामताड़ा है। यहां एक जगह है मसलिया। यहां जेएमएम कितना लोकप्रिय है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होनेवाले लोगों ने भी खुल कर यह कहा कि सिमलिया में हेमंत सोरेन ने बहुत काम किया है। बच्चों के लिए काम किया है। महिलाओं के लिए काम किया है। जामताड़ा और मसलिया से जेएमएम पहले भी लीड करता था और इस बार भी वह मजबूत है। सीता सोरेन के प्लस प्वाइंट में पहला नाम जामा है, जहां से वह विधायक हैं और दूसरा दुमका का शहरी इलाका। शहरी इलाके में भाजपा बहुत आगे है। उसका पूरा वोट बैंक इंटैक्ट है। इस स्थिति में अब सब कुछ बूथ प्रबंधन पर निर्भर करता है। कौन सी पार्टी कैसे किलेबंदी करती है, अंतिम परिणाम उसी पर निर्भर करेगा। नलिन सोरेन के पास शिकारीपाड़ा से अपराजेय रहने का रिकॉर्ड है और लंबा राजनीतिक अनुभव है, तो सीता सोरेन के पास अपने पति दुर्गा सोरेन की विरासत के साथ कुछ-कुछ सहानुभूति भी है। सीता सोरेन ने शिकारीपाड़ा में कैंप कर अपने पक्ष में माहौल बनाया है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उनकी कितनी पैठ बनी है, इसका अंदाजा अभी नहीं लग पाया है। दुमका की यात्रा के दौरान एक बात जरूर नजर आयी कि जिस तरह चाइबासा में गीता कोड़ा बीजेपी में बहुत जल्दी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से घुल-मिल गयीं, वैसा सीता सोरेन नहीं कर सकी हैं। सीता सोरेन को लोग आज भी दुर्गा सोरेन की पत्नी होने के नाते ही जानते हैं। भाजपा के लोगों का भी यही कहना था कि सीता सोरेन अभी पूरी तरह से पार्टी में रच-बस नहीं पायी हैं। तीसरी बात यह है कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद जिस तरह कल्पना सोरेन ने कमान संभाली है, उससे परिदृश्य में बहुत बड़ा बदलाव आया है। लोग अब कल्पना को मानने लगे हैं। झामुमो कार्यकर्ताओं में उनकी स्वीकार्यता बढ़ गयी है। कल्पना भी दुमका के लोगों का मिजाज समझने लगी हैं। वह जिस तरह लोगों से खुद को कनेक्ट कर रही हैं, वह बहुत असर कर रहा है। इस चुनाव में कल्पना ने गुरुजी और हेमंत की कमी नहीं खलने दी है और यह जेएमएम के लिए बड़ा प्लस प्वाइंट है। कल्पना की स्वीकार्यता जेएमएम कार्यकर्ताओं में ही नहीं, लोगों में भी बहुत बढ़ी है। उनके बोलने की शैली से भी लोग और खासकर झामुमो के समर्थक प्रभावित हो रहे हैं। 25 मई के बाद से कल्पना सोरेन लगातार संताल परगना में चुनावी रैलियां कर रही हैं। उनकी रैलियों से झामुमो कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा भी है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद झामुमो के कुछ समर्थक और स्थानीय नेता निराश हो गये थे कि अब क्या होगा, लेकिन कल्पना सोरेन ने उस निराशा को पाट दिया है और झामुमो समर्थकों में नयी ऊर्जा का संचार कर दिया है।



### राजमहल में लोबिन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती

राजमहल संसदीय क्षेत्र में लेबिन हेंब्रम के उतरने के बाद विजय हांसदा के लिए कड़ी चुनौती है। जेएमएम को अंदाजा भी नहीं लग पा रहा है कि लोबिन कितना वोट काटेंगे। इतना तय है कि वह जो भी वोट काटेंगे, वह जेएमएम का ही होगा। यदि वह अधिक वोट काट ले गये, तो जेएमएम को सीधा नुकसान होना तय है। भाजपा के ताला मरांडी के लिए भी राह आसान नहीं दिख रही है। यदि लोबिन को छोड़ कर विजय और ताला की तुलना की जाये, तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज की तारीख में विजय हांसदा आगे हैं। ताला मरांडी के लिए स्थिति तभी अनुकूल हो सकती है, जब लोबिन हेंब्रम झामुमो के कोर वोटरों में बड़ी सेंधमारी कर दें। ताला मरांडी वैसे भी भाजपा में आते-जाते रहे हैं, इसलिए लोग बहुत उत्साहित नजर नहीं आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वह जरूर थे, लेकिन बेटे की शादी वाले विवाद के बाद एक तरह से वह राजनीतिक क्षेत्र से आउट हो गये थे। अब भाजपा ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतारा है और भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत वह माहौल को बदलने की फिराक में हैं। यह भी तय है कि खुद की बदौलत ताला मरांडी कोई बड़ा चमत्कार नहीं कर सकते, उन्हें जो भी वोट मिलेगा वह भाजपा और मोदी के कारण मिलेगा, उनका अपना खुद का उतना वोट नहीं है कि उसकी गिनती की जाये। यानी कह सकते हैं कि ताला मरांडी के राजनीतिक भाग्य का ताला तभी खुलेगा, जब लोबिन हेंब्रम झामुमो मतदाताओं में बड़ी सेंधमारी करेंगे।

### अंतिम दो रात हमेशा होती है कातिल

संताल परगना के बारे में मशहूर है कि यहां की हर सीट पर अंतिम दो रात कातिल होती है। जो उम्मीदवार इन दो रातों में अपने 'हथियार' का जितना प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करता है, बाजी उसके हाथ होती है। वैसे संताल परगना की तीन सीटों पर इंडिया गठबंधन कल्पना सोरेन पर निर्भर है, उसमें चंपाई सोरेन का भी साथ मिल रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि संताल में कल्पना सोरेन का प्रभाव ज्यादा है। वहीं ताला मरांडी को भाजपा के केंद्रीय नेताओं पर भरोसा है। बाबूलाल मरांडी भी स्थिति को अनुकूल बनाने की कोशिश में जुटे हैं। वह भी 25 मई से लगातार वहां कैंप किये हुए हैं। हां बीच में दो दिन वह बंगाल में चुनाव प्रचार करने जरूर गये थे। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और भाजपा के दूसरे राज्यों के अन्य नेताओं ने भी लगातार यहां चुनावी सभाएं की हैं, लेकिन सबसे ज्यादा असर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 मई को यहां हुई रैली का पड़ा है। मोदी की रैली के बाद राजनीतिक फिजां में पैदा हुई ऊर्जा को 1 जून तक संजो कर रखने की फिराक में बाबूलाल मरांडी लगे हुए हैं। कुल मिला कर संताल परगना का चुनावी फैक्टर भी झारखंड के अन्य हिस्सों की तरह 'मोदी' ही है। यहां लड़ाई मोदी समर्थकों और मोदी विरोधियों के बीच है। दुमका और राजमहल में राजनीतिक लड़ाई इतनी कांटे की है कि अभी वहां के बारे में कोई टिप्पणी करना या निष्कर्ष निकालना संभव नहीं है। हां इतना तय है कि फैसला वहां 2-1 से ही होने की संभावना है।

---

# झूठ बोल कर जनता को भ्रम में रख रही कांग्रेसः मोहन यादव

## मध्यप्रदेश के सीएम ने राजमहल में जनसभा को संबोधित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजमहल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ के सीएम विष्णु देव साय ने राजमहल में आयोजित जनसभा में लोगों से ताला मरांडी के लिए लोगों से समर्थन मांगा। बालू मैदान में आयोजित जनसभा में मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ झूठ बोल कर भारत की जनता को भ्रम में रखा हुआ है। पीएम मोदीजी ने कहा है कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। वे भ्रष्टाचार खत्म करने पर लगे हुए हैं। वे खुद ऐसे स्वभाव के हैं कि अपनी पूरी तनख्वाह अपने साथ के कर्मचारियों के बीच बांट देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



अपने तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पक्का मकान बना कर देंगे। आज इंडी गठबंधन में पूर्व के नेताओं के बच्चे चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी का कोई भी परिवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। 25 करोड़ गरीब लोगों के घरों में उजाला हुआ है। वे गरीबी की दुनिया से बाहर निकाले गये हैं।

मध्य प्रदेश के सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश की जनता को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं। आज हमारी सेना विश्व की तीसरी सबसे ताकतवर सेना है। कांग्रेस ने झारखंड सहित इस इलाके के विकास के लिए नहीं सोचा। अब मोदीजी की पहल पर यहां बंदरगाह बनाया जा रहा। पाकिस्तानी पहले यहां बम विस्फोट करते थे, लेकिन अब नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के घर में घुस कर देश के दुश्मनों को मार रहे हैं। पीएम ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया। तीन तलाक को समाप्त किया। शौचालय दिया। आयुष्मान योजना दी। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव के बाद जब भाजपा की सरकार बनेगी, तो जल्द ही भारत विश्व का नंबर एक देश बनेगा।

### कांग्रेस-झामुमो ने किया झारखंड को तबाहः साय

**छत्तीसगढ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य एक साथ बने, पर विकास की दृष्टि से झारखंड पिछड़ा रह गया। राज्य को लूटने में लगी कांग्रेस-झामुमो की सरकार में मोदीजी की योजनाएं धरातल पर उतारी नहीं। मोदीजी चाय बेचने वालों में से रहे हैं। उन्हें सुख-दुख का अहसास बखूबी है। वे पूरे देश को अपना परिवार मानकर काम करते हैं। लगातार तीसरी बार वे केंद्र में जिम्मा संभालें, इसके लिए ताला मरांडी को विजयी बनायें।**

---

# गांव, गरीब, वंचित और महिलाओं को समर्पित रहेगी मोदी सरकार : बाबूलाल

**सीता सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 29 मई को दुमका लोकसभा के अंतर्गत नाला विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में दुमका लोकसभा के प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत बैठक को संबोधित किया। साथ ही, प्रदेश अध्यक्ष ने दुमका लोकसभा अंतर्गत जनसंपर्क कर माताओं बहनों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बननी तय है।



तीसरे कार्यकाल में मोदी सरकार गांव, गरीब, वंचित और महिलाओं के लिए समर्पित रहेगी।

उन्होंने कहा कि यह झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस दोनों ही संताल परगना में चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों पार्टी झारखंड की विरोधी रही हैं। 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने देश में राज किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा इन्हीं के साथ रहा, लेकिन इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। भाजपा ने वादा किया था कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जायेगा। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बना। झारखंड अलग राज्य भाजपा और अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। जिस पार्टी ने झारखंड अलग राज्य बनाया है, हमें उसी पार्टी को वोट करना है।

---

# सरयू राय के पत्र से मुश्किल में ढुल्लू महतो

**रैयती और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के मामले में राज्यपाल ने जांच के दिये आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बाघमारा विधायक सह बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ करीब 200 एकड़ निजी, रैयती और गैरमाजरुआ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले की जांच को लेकर राजभवन गंभीर है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सह पूर्व मंत्री सह झारखंड विधानसभा के पब्लिक अंडरटेकिंग समिति के चेयरमैन सरयू राय के पत्र के आलोक में झारखंड राज्यपाल सीपी



राधा कृष्णन ने जांच के आदेश दिये हैं। सरयू राय ने पिछले दिनों रांची और जमशेदपुर और धनबाद में प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया था कि बाघमारा के कतरास और लेदीडुमर गांव के पास विधायक ढुल्लू ने इन जमीनों पर अवैध कब्जा कर ऊंची-ऊंची चहारदीवारी से घेराबंदी कर दिया है। सरयू राय ने 25 अप्रैल को इन क्षेत्रों में घूम-घूम कर करीब तीन दर्जन पीड़ित लोगों की सूची तैयार की है और आरोप लगाया कि इन पीड़ितो में ऊंची जातियों से लेकर पिछड़ा वर्ग और आदिवासी परिवार भी शामिल है।

इस मामले को लेकर राज्यपाल सचिवालय की संयुक्त सचिव अर्चना मेहता ने धनबाद जिला उपायुक्त को सरयू राय का पत्र से अवगत कराते हुए मामले की जांच के निर्देश दिये हैं। अब देखना है इस मामले में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की ओर सफाई बयान क्या आता है। फिलहाल बीजेपी विधायक ढुल्लू की मुश्किल बढ़ने वाली है। वहीं जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने फोन पर बताया कि हमने बाघमारा के पीड़ितों से वादा किया था ढुल्लू की दबंगई और अत्याचार से निजात दिलायेंगे। इसी संकल्प के तहत गरीबों शोषितों को न्याय मिलने तक आवाज उठाते रहेंगे और जरूरत पड़ी तो कोर्ट की शरण में भी जायेंगे।

---

# गोड्डा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत तय : फुरकान

**सांसद से 15 साल के काम का हिसाब मांग रही जनता : संजय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, राजद के पूर्व विधायक संजय यादव, राज्य हज समिति के सदस्य हाजी इकरारूल हसन आलम सहित अन्य नेताओं ने गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। बाद में नेताओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर



प्रेसवार्ता में पत्रकारों से बात की। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि गोड्डा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव की जीत पक्की है। गठबंधन एकजुट है। विपक्षी मतभेद की बात कहकर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। उनकी साजिश सफल नहीं होने वाली है। हमारा लक्ष्य मोदी हटाओ और देश बचाओ है। पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि इस बार जनता जागरूक हो चुकी और किसी के बहकावे में नहीं आनेवाली है। जनता सांसद से पिछले 15 साल का हिसाब मांग रही है। राज्य हज समिति के सदस्य हाजी इकरारूल हसन आलम ने कहा कि इस बार जनता ने मोदी सरकार को हटाने का पक्का मन बना लिया है। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह जरूरी भी है। उन्होंने दावा किया कि प्रदीप यादव की जीत भारी मतों से होगी और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इससे पूर्व इन नेताओं ने गावों में घूम-घूमकर लोगों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए वोट मांगा। नेताओं की टोली ने पूर्वी क्षेत्र के कई गांव में पहुंचकर लोगों को समझाया कि संविधान व आरक्षण की रक्षा और गरीबों-जरूरतमंदों के विकास के लिए मोदी सरकार को हटाना जरूरी है।

www.epaper.azadsipahi.in

30 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 219

ओड़िशा सीएम की बिगड़ती तबीयत साजिश तो नहीं: मोदी



# जेपी नड्डा ने देवघर में किया भव्य रोड शो भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड की राजनीति अब संताल परगना में शिफ्ट कर गयी है। क्योंकि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में गोड्डा, राजमहल और दुमका संसदीय सीट 1 जून को मतदान होना है। इसी के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवघर में रोड शो किया और लोगों से वोट मांगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी।

**कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उमड़ी भीड़ :** रोड शो में जेपी नड्डा के साथ बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे भी मौजूद थे। उनके आगे-पीछे कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान कार्यकर्ता जेपी नड्डा जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। इस दौरान सुरक्षा व्यस्था के भी कड़े इंतजाम थे। हालांकि इस रोड शो से किसी भी राहगीर को परेशानी नहीं हुई क्योंकि कार्यकर्ता बेहद अनुशासनत्मक ढंग से चल रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी सड़क मार्ग के आस पास रहने वाले लोगों का हाथ हिलाकर अभिनंदन कर रहे थे।



## रोड शो के बाद जेपी नड्डा ने दी प्रतिक्रिया

रोड शो के बाद जेपी नड्डा ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि रोड शो में उमड़ी भीड़ इस बात का संकेत है कि झारखंड के हर बूथ पर कमल खिलेगा। लोगों में दिख रहा उमंग, उत्साह व जनसमर्थन ये दिखाता है कि अब भी मोदी जी पर प्रदेशवासियों का अटूट विश्वास है। घमंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद और अराजकता से त्रस्त झारखंड की जनता यह जान गयी है कि झारखंड को भाजपा ने बनाया है और भाजपा ही संवारेगी। आज राज्य के सभी लोग अबकी बार, 400 पार के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हैं।

# सीता सोरेन की बेटी ने कहा: दुमका में भाजपा का पूरा सपोर्ट मिल रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** सीता सोरेन की बेटियां अपनी मां के लिए चुनाव प्रचार में उतरी हुईं हैं। निजी तौर पर वे लोग दुमका के गलियों में घूम-घूम कर प्रचार कर रही हैं। उनकी बेटी राजश्री ने पार्टी, परिवार और कल्पना सोरेन पर तीखा हमला किया। कहा कि पिता जी के निधन के बाद भी मेरी मां जामा में अकेले ही चुनाव लड़ा करती थीं। इस बार हम दोनों बहनें मां के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने अपने मां के खिलाफ प्रचार कर रही अपनी चाची (कल्पना सोरेन) पर प्रहार करते हुए कहा कि वो हेलिकॉप्टर से घुम रही हैं। इसमें किसका पैसा खर्च हो रहा है। यह तो जनता का पैसा है ना। हमें हेलिकॉप्टर की जरूरत नहीं है। हम जमीन से जुड़कर काम कर रहे हैं। लोगों से मिल रहे हैं। पूरे झारखंड में हम जहां जा रहे हैं, मेरे पापा (दुर्गा सोरेन) के बारे में बात हो रही है।



## राजश्री ने क्या-क्या कहा

जामा के चुनावों में पार्टी, परिवार का सपोर्ट नहीं मिलता था। पार्टी और परिवार ने पिता के नाम को धुंधला किया। जनता के पैसे खर्च कर हेलिकॉप्टर में घुम रही हैं कल्पना। मेरे पिता के निधन के बाद मेरे पापा के चेहरे को धुंधला करने का प्रयास इनलोगों ने किया। मगर वे अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो सके। वे पूरे झारखंडियों के दिलों में बसते हैं। परिवार वाले हमें मान-सम्मान नहीं दे पाये। मोदी जी ने सम्मान देने का काम किया। जब मेरी मां जामा से चुनाव लड़ती थीं तो अपने दम पर, उस समय भी पार्टी और परिवार का उतना सपोर्ट नहीं मिलता था। मां के लिए कमल फूल छाप बताने में और समझाने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। क्योंकि हमे पूरे भाजपा परिवार का सपोर्ट मिल रहा है।

# हेमंत सोरेन की कमी को पाटने में सफल रहीं कल्पना सोरेन

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। शिबू सोरेन बीमार चल रहे हैं। बसंत सोरेन स्टेट लेवल के नेता बन नहीं पाये। बीच चुनाव में शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भाजपा ज्वाइन कर लिया। खुद कल्पना सोरेन गांडेय सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही थीं। इन कठिन परिस्थिति के बीच पूरी पार्टी में एक बड़े कद के प्रचारक की अचानक कमी हो गयी। हालांकि पार्टी के पास पुराने मंजे हुए नेता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन थे, मगर पार्टी को एक ऐसे चेहरे की जरूरत थी, जो सोरेन परिवार का हो। झंझावतों के बीच आखिरकार पार्टी ने एक चेहरा ढूंढ़ लिया। न केवल पार्टी एवं परिवार ने कल्पना सोरेन को चुनावी समर में उतारा, बल्कि उन्हें पूरे स्टेट में पार्टी का एक बड़ा चेहरा एवं कद्दावर नेता के रूप में पेश किया। कल्पना सोरेन ने भी निराश नहीं किया। सोरेन परिवार के गांव नेमरा से कल्पना की लांचिंग हुई। इसके बाद कल्पना सोरेन ने न्याय उलगुलान महारैली आयोजित करके खुद के चयन को सही साबित किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा।

**इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी के लिए लगातार कर रही हैं धुआंधार प्रचार, प्रत्याशी पीछे, कल्पना रहीं फ्रंट लाइनर :** पूरे चुनावी अभियान में कल्पना सोरेन पार्टी के दिग्गजों और धुरंधरों, यहां तक कि कांग्रेस और माले प्रत्याशी की भी खेवनहार बन कर उभरीं। न केवल अपनी विधानसभा सीट को खुद संभाला, पहली बार चुनावी समर में उतरीं कल्पना ने अपनी नैया खुद ही पार लगाने की ठान ली। गांडेय के साथ-साथ कल्पना इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए धुआंधार प्रचार में जुट गयीं। पूरे चुनावी अभियान में कल्पना ने हर सीट पर तीन से चार चुनावी सभाओं को संबोधित किया। प्रमुख राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मंच भी शेयर किया।

कल्पना की चुनावी सभाओं की तस्वीरों को गौर से देखने पर स्पष्ट हो जाता है कि मंच पर कल्पना फ्रंट लाइनर रहीं और प्रत्याशी उनके पीछे खड़े रहे। उन्होंने अपने सारे सीनियर नेताओं और प्रत्याशियों का हाथ अपने हाथ में लेकर वोट देने की अपील की। इसमें पूर्व मंत्री जोबा मांझी, मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, विनोद सिंह, समीर मोहंती, केएन त्रिपाठी, विजय हांसदा, सुबोधकांत सहाय आदि प्रमुख रहे। यह सारे नेता कल्पना से सीनियर रहे हैं। इन्हें सम्मान देने में ये सीनियर नेता भी नहीं चूके। मंच पर कल्पना को ही फ्रंट लाइनर रखने में पूरी मदद की। फिलहाल कल्पना सहित पूरे इंडिया गठबंधन का कुनबा संताल शिफ्ट हो चुका है। खुद बसंत सोरेन दुमका में शुरू से ही कैंप किये हुए हैं।



## क्या विस चुनाव के लिए झामुमो का पिच हो गया तैयार

लोकसभा चुनाव देश का बड़ा चुनाव होता है। लेकिन इस चुनाव में जिस प्रकार से कल्पना को पार्टी ने प्रोजेक्ट किया है, उसमें अभी तक वह खरी उतरीं। उनका स्पीच भी बहुत आक्रामक है। वह अपने भाषण से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ पूरे भाजपा को काउंटर कर रही हैं। शायद भाजपा को भी इसका अनुमान नहीं होगा कि हेमंत के जेल जाने के बाद झामुमो की ओर से कोई ऐसा नेता सामने आयेगा, जो फ्रंट लाइनर की भूमिका में हो। यही सोच कर भाजपा ने एक रणनीति के तहत सोरेन परिवार में बड़ी सेंधमारी की और सीता सोरेन को अपने पाले में ले गयी। लेकिन सीता सोरेन पूरे चुनावी समर में केवल दुमका तक ही सीमित रहीं। अब एक जून को चुनाव समाप्त हो जायेगा। किसे, कितनी सीट मिलती है, वह भी चार जून को सामने आ जायेगा। यदि एनडीए को कोई नुकसान होता है, तो इसका श्रेय निश्चित रूप से कल्पना सोरेन को जाना तय है।

# गर्मी के मद्देनजर मतदान के दौरान रहेगी विशेष व्यवस्था: के रवि कुमार

## गुरुवार की शाम पांच बजे थम जायेगा राजमहल, गोड्डा और दुमका में चुनाव प्रचार

- चुनाव प्रचार का समय समाप्त होने के बाद क्षेत्र से वापस होना होगा नेताओं को
- राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष से अधिक हैं महिला मतदाता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के तहत राजमहल, गोड्डा और दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव का प्रचार गुरुवार शाम पांच बजे थम जायेगा। उसी के साथ चुनाव प्रचार आदि कार्य से चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में बाहर से गये राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं को नियमानुसार वापस लौटना होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदान के दिन मतगणना केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। बूथों पर गर्मी से बचने के लिए फैन, शेड, निंबू पानी, कुर्सी, मेडिकल सुविधा आदि बहाल की गयी है। वहीं दूर-दराज के मतदाताओं को बूथ तक लाने, ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि गर्मी से मतदान प्रतिशत प्रभावित नहीं हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ यह भी प्रयास किया जा रहा है कि मतदाताओं को कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। इसके लिए मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्व से ही मतदाता जागरूकता हेतु व्यापक अभियान चलाये गये हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

सातवें चरण के चुनाव में राजमहल, गोड्डा और दुमका में 1 जून को मतदान होना है। राजमहल ऐसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है, जहां पुरुषों से अधिक महिला मतदाता हैं। यहां कुल 17,04,671 मतदाता में से पुरुष मतदाता 8,51,165 और महिला मतदाता 8,53,496 हैं। दुमका में कुल मतदाता 15,91,061 हैं, जिनमें पुरुष 7,99,045 और महिला मतदाता 7,92,010 हैं। उसी तरह गोड्डा में कुल मतदाता 20,28,154 हैं, उनमें पुरुष 10,50,328 और महिला मतदाताओं की संख्या 9,77,809 है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में अवैध सामग्री और नकदी के रूप में 133 करोड़, 60 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गयी है।

# भयमुक्त व्यापार के लिए निशिकांत को दें समर्थन : शाहनवाज

## अल्पसंख्यक व्यवसायियों से शाहनवाज हुसैन ने समर्थन मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के समर्थन में अल्पसंख्यक व्यापारियों का विश्वास जगाने पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन बुधवार को गोड्डा पहुंचे। उन्होंने कई प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक व्यापारियों से मिलकर भाजपा के लिए समर्थन मांगा। कहा कि भयमुक्त व्यापार के लिए भाजपा प्रत्याशी की जीत जरूरी है। न्यू मार्केट के बड़े मार्वल व्यापारी मो. गुड्डू उर्फ शाहिद के शो-रूम में पहुंचने पर शाहनवाज हुसैन का भव्य स्वागत किया गया।

शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मोदी सरकार में व्यवसायी भयमुक्त होकर व्यापार कर रहे हैं। पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ उठाकर अल्पसंख्यक वर्ग के लोग अपना जीवन सुधार रहे हैं। युवा बैंक से बिना गारंटी के ऋृण लेकर अपना कारोबार कर रहे हैं। इसके बाद हुसैन ने बड़े कारोबारी अब्दुल मन्नान, मो। शहाबुद्दीन बबलू, मो. इमरान समेत अन्य अल्पसंख्यक व्यवसायियों से मुलाकात की। मौके पर बिहार के पीरपैंती के भाजपा विधायक ललन पासवान, प्रीतम गाडिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह, नगर महामंत्री प्रेमजीत साह, पप्पू शर्मा, विक्की साह आदि उपस्थित थे।





# बाबूलाल मरांडी आज राजमहल लोकसभा में करेंगे दो जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 30 मई को राजमहल लोकसभा में दो जनसभा को संबोधित करेंगे।

पहली जनसभा साहिबगंज जिले के बोरियो विधानसभा की खैरवा पंचायत स्थित जिरली करहरिया मैदान में 11:30 बजे से होगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी मौजूद रहेंगे।

दूसरी जनसभा पाकुड़ जिले के महेशपुर विधानसभा के कांकजोल हटिया फुटबॉल मैदान में 1:00 से होगी। इस अवसर पर प्रत्याशी ताला मरांडी मौजूद रहेंगे।





आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 मई, 2024
www.azadsipahi.in


## स्वयंसेवी संस्थाओं की उन्मुखीकरण कार्यशाला




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था समर्पण की ओर से आपदा प्रबंधन कार्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के स्वयंसेवी संस्थाओं का उन्मुखीकरण कार्यशाला सह आइएजी बैठक का आयोजन दुधिमाटी स्थित होटल सेलिब्रेशन में किया गया। बैठक में रांची से आये इंटर एजेंसी ग्रुप-झारखंड के प्रोग्राम डायरेक्टर शुभेन्द्र झा, राज्य समन्वयक सुबीर कुमार, डायरेक्टर फाइनेंस शैली मैथ्यू मौजूद हुए। इंटर एजेंसी ग्रुप-झारखंड के राज्य समन्वयक सुबीर कुमार ने आइएजी के मिशन, विजन और उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड सहित पूरे विश्व में पानी का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। बेहतर लाइफ स्टाइल और विकास के नाम पर हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम संस्थाओं को भी जानकारी बढ़ाने की आवश्यकता है। तभी सरकार, जिला प्रशासन या समुदाय को मदद कर पायेगे। प्रोग्राम डायरेक्टर शुभेन्द्र झा ने कहा कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से दूर और सीमेंट, बालू और छड के करीब पहुंच गये हैं। उन्होंने प्रकृति द्वारा दिये गये संपदा की रक्षा करने की बात करते हुए कहा कि पलास का फुल लू से बचने की अचूक दवा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से कहीं ज्यादा आजकल मानव निर्मित आपदाएं ज्यादा है। इस पर नियंत्रण जरुरी है। समर्पण के सचिव इंद्रमणि साहू ने स्वागत करते हुए कहा कि गाड़ी, घर का एक कमरा, हॉल को ठंडा करना बहादुरी नहीं है। बहादुरी है पूरे विश्व, पूरे देश और समस्त जिला को ठंडा करने में। हमारी काबिलियत तभी सिद्ध होगा जब हम अपने घरों के छत का और खेत का पानी को रोक लेंगे। आइजी की और से आपदा प्रबंधन को लेकर जिले के सभी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करने के लिए जिला नोडल एजेंसी के रूप में संस्था समर्पण का चयन किया गया। बैठक में होली फॅमिली के मुन्ना भाई, घो-घो रानी के विमला देवी, लोक मित्र के पूनम साहू, सवेरा फाउंडेशन के सिवानी सिन्हा, आदर्श फाउंडेशन के राहुल कुमार, हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के तुलसी कुमार, आरजेएसएस के संगीता कुमारी, ज्ञान विज्ञानं समिति के राम रतन अवाध्या, वीर झारखंड विकास सेवा मंच के भोला प्रसाद यादव, झारखंड यूथ नेटवर्क के नवनीत कुमार, सेवा भारती के आलोक सुमार सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, पिंकी देवी, वैभव कुमार, समन्वयक शंकरलाल राणा, शिक्षक श्रवण कुमार, समर्पण के प्रोग्राम मेनेजर आलोक कुमार सिन्हा, नेहरू युवा केंद्र के परवेज नैयर, सचिन कुमार, कल्याण फाउंडेशन के मेरियन सोरेन, ज्ञान सेवा संस्थान के जीतेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

## जमीन अधिग्रहण के बिना एनएचएआइ कर रहा काम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया के सीडी कॉलोनी बाइपास के समीप राजपुरा मौजा में जमीन को बिना अधिग्रहण किया भू -अर्जन और एनएचएआइ अपने कार्य को कर रहा है। भू-अर्जन के द्वारा 150 फीट ही जमीन अधिग्रहित किया गया है लेकिन उससे अधिक जमीन को लेकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यहां के रैयत का कहना है कि भू -अर्जन राजपुरा मौजा में किस प्लोट में कितना डिसमिल जमीन अधिग्रहण किया है इसका सूची भू-अर्जन और एनएचएआइ और इनसे संबधित सभी पदाधिकारी इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। रैयत गुहार लगाते लगाते थक गये हैं लेकिन अभी तक इसका कोई निराकरण नहीं हो पाया है। जिस जमीन का एक डिसमिल का मुआवजा दिया गया है लेकिन उसका 6 डेसिमल अधिक भूमि को मापी करके चिन्हित कर अधिग्रहित बताने का कार्य कर रही है। जिस जमीन का कोई मुआवजा नहीं दिया गया है अभी तक उसकी संपूर्ण जमीन अधिग्रहण बताया जा रहा है। वैसे बहुत से रैयत है जिनका 1970 से उक्त जमीन संबंध में गुहार लगाकर थक गये हैं, लेकिन अभी तक कोई परिणाम नहीं मिल पाया है। रैयत के अनुसार इनका एक ही मात्र कारण है कि रैयत का गरीब और लाचार होना। सभी रैयत मिलकर संबंधित अधिकारी से गुहार लगाने का कोशिश बहुत दिनों से कर रहे हैं कि उनके परेशानी का उचित निराकरण करके रैयत के साथ इंसाफ किये जाये लेकिन अथक प्रयास के बाद भी कोई समाधान नहीं हो पाया है। रैयत का कहना है कि जिस जमीन से जितना जमीन का मुआवजा दिया गया है उतना एनएचएआइ और भू-अर्जन माप कर निकाल ले और उक्त जमीन पर अपना कार्य करें और जिस जमीन का मुआवजा नहीं मिला है उस जमीन को छोड़ दिया जाए ताकि रैयत अपने उक्त जमीन का सदुपयोग कर पाये।

## सिमराजरा गांव का किया गया दौरा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत आंगो टोला सिमराजरा का बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में सरकारी कर्मियों का एक टीम द्वारा दौरा किया गया। उक्त टीम पगडंडियों के सहारे चिलचिलाती कड़ी धूप में बड़ी ही मशक्कत के साथ पहुंची और ग्रामीणों से विकास योजनाओं की जानकारी और समस्या से अवगत हुए। गांव भ्रमण के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मंडल ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही मनरेगा योजना से कूप और डोभा निर्माण की जायेगी। इसके अलावा वर्तमान समय का लाइफ लाइन जीवन के लिए बिजली पहुंचने का भी आश्वासन दिया गया। श्री मंडल ने ग्रामीणों को कहा कि जिनका जिनका आवास नहीं बना है उन्हें अबुआ आवास भी दी जाएगी। जिसकी उम्र सीमा हो गयी है उन्हें पेंशन भी शुरू किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा 15 में वित्त आयोग से एक कूप मरम्मती और नियम संगत उक्त कूप में नल जल योजना के तहत पानी टावर निर्माण का भी आश्वासन दिया गया। योजनाओं का डीपीआर बनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ सहायक अभियंता मनीष कुमार, मनरेगा बीपीओ हीरो महतो, सहायक अभियंता जय प्रकाश चौधरी, मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी, प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, पंचायत सचिव मुकेश दास, रोजगार सेवक शंभू रविदास, जुगेश्वर रविदास, सुबोध सिंह, अजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी, समाजसेवी कौलेश्वर गंझू यदि भी शामिल थे। प्राप्त समाचार के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और उनके टीम का गांव पहुंचने पर ग्रामीण काफी खुश और गदगद हो उठे। ग्रामीणों का कहना था कि आजादी के बाद हम लोग के गांव में ये दुसरे प्रखंड विकास पदाधिकारी हैं जो पहुंचने का काम किये हैं। इससे पूर्व तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदकिशोर लाल पहली बार इस गांव में पहुंचे थे।

## महिला ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई में बुधवार को एक बुजुर्ग महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसकी पहचान विमला देवी (उम्र 55 वर्ष पति सुखदेव साव) ग्राम लोकाई के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर उक्त बुजुर्ग महिला के जहर खा लेने से अचानक तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## जलापूर्ति को लेकर जिला स्तर पर क्यूआरटी गठित

# समस्या के निदान का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** भीषण गर्मी को देखते हुए कोडरमा जिला में आम जनों तक पेयजल की सुविधा, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में सुलभ और अबाध तरीके से उपलब्ध कराये जाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने क्यूआरटी टीम को निदेश दिया है कि जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है अथवा पेयजल से संबंधित पेयजल पाइप के क्षतिग्रस्त होने, मोटर के खराब होने की स्थिति में अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निमित आपस में समन्वय स्थापित कर त्वरित गति से सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन अथवा अन्य कारणों से पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, उन स्थलों पर टैंकर को



टैग करते हुए पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर क्यूआरटी टीम में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, कोडरमा से दीपक कुमार, कनीय अभियन्ता, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, कोडरमा-7541920901, नगर परिषद, झुमरीतिलैया, कोडरमा से सतीश कुमार, नगर प्रबंधक, नगर परिषद, झुमरी तिलैया-7004049486, नगर पंचायत कार्यालय, कोडरमा से संजीत कुमार साहू, सीएमएम, नगर मिशन प्रबंधक, नगर पंचायत कार्यालय, कोडरमा 8340281548 शामिल हैं। वहीं क्यूआरटी टीम के वरीय पदाधिकारी के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, कोडरमा और संबंधित नगर निकाय क्षेत्र के प्रशासक को रखा गया है और उन्हें क्षेत्रों से आने वाली पेयजल समस्या के निराकरण हेतु क्यूआरटी टीम के द्वारा किये जा रहे कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

## गर्मी के कारण बाजार भी हुआ सुनसान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। मंगलवार और बुधवार को बरकट्ठा का अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के साथ गर्मी चरम पर रही। सुबह 10 बजे दिन के बाद से ही बरकट्ठा बाजार में दिन भर सन्नाटा पसर गया। तपती गर्मी के कारण लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे। विदित हो कि पिछले चार-पांच दिनों से पूरे क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। स्थानीय कपड़ा दुकानदार पवन कुमार ने कहा कि गर्मी के कारण ग्राहक न के बराबर आ रहे हैं। सुबह कुछ लोग खरीददारी के लिए आते हैं और फिर शाम 5 बजे के बाद ही थोड़ा बहुत ग्राहक घरों से निकलते हैं। फल विक्रेता विमलेश कुमार, उमेश कुमार और सब्जी विक्रेताओं की भी ऐसी ही हालत है। वहीं लोग गर्मी से बचने के लिए तरबूज, खीरा, ककड़ी, आम, नींबु, नरियल पानी, कोल्ड ड्रिंक आदि खरीदते नजर आते हैं ताकि गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

## संकट मोचन मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

# एक आस तुम्हारी है, विश्वास तुम्हारा है श्याम बाबा...

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाराणा प्रताप चौक के समीप श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम की नयी छवि के साथ श्रृंगार किया गया। मुकुट का श्रृंगार यश बंसल के द्वारा और फूलों का श्रृंगार मनोज मालाकार के द्वारा किया गया। मौके पर भोजपुरी गायक धीरज कुमार पांडेय ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया। उन्होंने एक आस तुम्हारी है, विश्वास तुम्हारा है श्याम बाबा..., मुझे माफ करना लंका जला कर..., राजा चौरसिया ने श्याम के थे श्याम के हैं और शाम के ही रहेंगे..., साक्षी भदानी ने देना है तो दीजिए जन्म जन्म का साथ आराधना सिंह ने




बनवारी रे जीने का सहारा तेरा नाम..., दीपक बसंत ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है... के अलावा पंकज केसरी, मनोज लड्ढा, सतेन्द्र सिन्हा, तन्मय लड्ढा, अनुराधा एकघरा, संगीता जेठवा, सीमा सहल सहित कई भजन गायकों ने बाबा श्याम, वीर हनुमान, बाबा भोले शंकर, माता दुर्गा सहित विभिन्न देवी देवताओं पर आधारित भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगवाया। कार्यक्रम का संचालन गिरधारी सोमानी ने किया। मौके पर नितेश कुमार निक्की, गणेश मजूमदार, पप्पू सिंह,विवेक सहल, दीपेश जेठवा, विष्णु खटोर, विकास वैश्यकियार, पंकज तर्वे, संतोष सिंदुरिया, अनिल लखपतिया, संजय सूद, रंजीत श्रीवास्तव, विजय कपसीमे, शिव शंकर प्रसाद, रवि रत्ती आदि मौजूद थे। भजन गायक धीरज पांडेय को श्याम चौधरी ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## जमीन विवाद में मारपीट, दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच चले आ रहे विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरे पक्ष के हमले में खागो साव (उम्र 80 वर्ष, पिता स्वर्गीय बिशुन साव) और नारायण साव (उम्र 47 वर्ष, पिता खागो साव) को परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने नारायण साव की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि घर के समीप अपने खाली जमीन पर वह पशु शेड का निर्माण करवा रहे थे। इस दौरान उनके पड़ोसी गणेश साव, मिथलेश साव, शानू कुमार, कोकिल कुमार समेत महिलाओं ने भी कुदाल और डंडे से वार कर दोनों को घायल कर दिया।

## स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर प्रतियोगिता

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत, पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने माइनिंग और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ढेंगा में सोहराई कला और शिल्प पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवा ग्रामीण लड़कियों के लिए एक जीवंत पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस पंद्रह दिवसीय स्वच्छता अभियान के 14वें दिन, 40 प्रतिभाशाली प्रशिक्षुओं ने स्वच्छ भारत थीम के तहत अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक दृष्टि का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को उजागर किया, जो स्वच्छ भारत अभियान की भावना को प्रतिबिंबित करता है। युवा प्रतिभागियों ने पारंपरिक सोहराई कला को स्वच्छता के आधुनिक संदेशों के साथ मिलाकर बड़े ही सुंदर पोस्टर बनाये, जो स्वच्छ और हरे-भरे भारत की आवश्यकता पर जोर देते हैं। इस मौके पर मैती के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय के अलावा डीजीएम और सीएसआर एसके सेनापति मौजूद रहे।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान ने विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह और सिमरिया पंचायत के 10 गांव में विभिन्न तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 10 गांवों के कुल 10 बाल मंचों के 200 बच्चों और ग्रामीण माताओं, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, सेविका, सहायिका और सीपीसी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, और मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व को उजागर करना और समुदाय में जागरूकता फैलाना तथा माहवारी के प्रति विभिन्न तरह की भ्रांतियां को दूर करना था। पर्यवेक्षक सुनीता देवी ने बच्चों और ग्रामीण महिलाओं को मासिक



धर्म स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। स्लोगन और ड्राइंग प्रतियोगिताओं ने बच्चों के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता के साथ समुदाय में एक सकारात्मक संदेश भी दिया गया कि मासिक धर्म पर्दे की चीज नहीं है। यह सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस समय महिलाओं को पूर्णता स्वच्छ रहना अनिवार्य है जिससे पूरे जीवन में स्वच्छता का असर होता है। कार्यक्रम के अंत में, सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया गया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी गांव में किशोरी और महिलायों ने संकल्प लिया कि मासिक धर्म के प्रति भ्रम और लज्जा को दूर करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेंगे और राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सहयोग से समय के साथ सभी गांव में पैड बैंक का स्थापना किया जायेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम प्रबंधक शिव शंकर पांडे, सुनीता देवी, राजेंद्र राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काजल कुमारी, रुबी कुमारी, निशा कुमारी, सरिता कुमारी, क्रांति कुमारी, रेशमा कुमारी, सरिता, सूरज कुमार, आर्यन सिन्हा, जिन्नतुन प्रवीन व कई आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ने भी भूमिका निभाई।

# तिलैया डैम में 155 मेगावाट के सोलर प्लांट का निर्माण शुरू

**मार्च 2026 तक बनकर हो जायेगा तैयार**

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया डैम में डीवीसी और एनटीपीसी के संयुक्त तत्वावधान मे लगभग 250 करोड़ से ऊपर की लागत से बनाने वाले 155 मेगावाट सोलर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। डैम में बिजली का निर्माण सूर्य की किरणे प्राप्त कर सोलर पैनल की मदद से किया जायेगा। पिछले कुछ समय से भारत मे सोलर एनर्जी का उपयोग तेजी से बढ़ा है, पर्यावरण की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बन रहा है। बिजली के क्षेत्र मे आत्म निर्भर बनने की कवायद की जा रही है जिसमे कोडरमा थर्मल पवार प्रोजेक्ट भी महत्वपूर्ण भूमिका



निभा रहा है। अप्रैल माह के पहले सप्ताह से केटीपीएस में 10 मेगावाट सोलर बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया है जिसे ग्रिड से भी जोड़ कर बिजली उपभोक्ताओं को दी जा रही है। इसमे लगभग 60 करोड़ रुपया खर्च लगा। इधर केटीपीएस के परियोजना प्रमुख दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि तिलैया डेम में 155 मेगा वाट सोलर प्लांट मार्च 2026 तक बन कर तैयार हो जायेगा और इसकी बिजली भी ग्रिड के जरिये ही उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी बताया कि केटीपीएस मे हीरोडीह स्टेशन से प्रतिदिन 3 से 4 रैक कोयला की आपूर्ति होती है। लगभग 12 किलोमीटर का यह फासला अभी 30 मिनट में पूरा होता है। वर्तमान मे इसकी गति सीमा 15 किलोमीटर प्रतिघंटा है जो बढ़कर 30 किलोमीटर हो जाएगी और रैक 1 जुलाई से प्लांट मे 15 मिनट मे पहुंचने लगेगा। वहीं पिपराडीह साइडिंग से एसपोंड की ढुलाई की शुरूआत होगी। रेलवे बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद यह कार्य शुरू हो जायेगा।

**1600 मेगावाट का अतिरिक्त प्लांट केटीपीएस में लगेगा:** केटीपीएस मे 14 हजार करोड़ की लागत से 800-800 मेगावाट की दो नई परियोजना लगेगी। परियोजना शुरू होने के लगभग 50 महीने मे कार्य पूरा हो जायेगा। वर्तमान मे यहां 500-500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। केटीपीएस की अधिग्रहित भूमि का प्लांट के मौजूदा परिसर मे 463.96 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। पानी की अवश्यकता इसके लिए 1,67,423 केएलडी अवश्यकता होगी जो बराकर नदी तिलैया डैम से पूरी की जायेगी।

## कोडरमा में ढिबरा लदे दो टेंपो जब्त



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह सुधा स्वीट्स के समीप रेंजर के नेतृत्व में ढिबरा लदे दो टेंपो वाहन को जब्त किया। जानकारी के अनुसार रेंजर को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच ढोढाकोला जंगल से ढिबरा लोड दो टेंपो वाहन तिलैया की तरफ जा रहे हैं। वन विभाग का गाड़ी को देखते हुए गाड़ी स्पीड में भगाने लगे, जिसके बाद जयनगर रोड की तरफ भागने लगे जो सुधा स्वीट के समीप गाड़ी छोड़कर चालक भागने में सफल रहा। इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लादे दो टेंपो वाहन जब्त करके वन परिसर लाया। दोनों गाड़ी में ढिबरा 1 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग लाख रुपया बतायी जा रही है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, गोपाल यादव, सिकंदर यादव, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा महतो, शंकर महतो मौजूद थे।

## गड़बडी की शिकायत पर अपर समीहर्ता ने रजिस्ट्री ऑफिस का किया औचक निरीक्षण

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रजिस्ट्री कार्यालय में बुधवार को अपर समाहर्ता ने औचक निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इन्हें शिकायत मिली थी कि जमीन रजिस्ट्री करने में भारी अनियमितता हो रही है। नियम को ताक पर रखकर रजिस्ट्री किया जा रहा है। इस सूचना पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार ने लगभग 2 घंटे तक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के दौरान पूरे दफ्तर में अफरा तफरी का माहौल हो गया। जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में रजिस्ट्रीस में प्रतिबंधित सूची में दर्ज जमीन का भी रजिस्ट्री कर दिया गया है। यही नहीं नकली खतियान बनाकर भी रजिस्ट्री करने की शिकायत अपर समाहर्ता को मिली थी। इस आलोक में यह औचक निरीक्षण किया गया है। औचक निरीक्षण करने के बाद अपर समाहर्ता संतोष कुमार ने बताया कि पूरी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपा जायेगा, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि अनियमितता की शिकायत आयी थी, उसी के आधार पर यह औचक निरीक्षण किया गया है। बता दें कि इन दिनों पूरे झारखंड में जमीन निबंधन को लेकर घोटाला हुआ है। कई बड़े अधिकारी इसमें नपे भी गये हैं। ऐसे में यह औचक निरीक्षक बेहद महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्री ऑफिस के आस-पास सक्रिय दलाल भी फरार हो गये। घंटों बीत जाने के बाद जब पदाधिकारी औचक निरीक्षण करने के बाद है निकले तो तरह तरह की बातें भी होने लगी।

## मतगणना को लेकर बैठक आयोजित




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर 4 जून को आयोजित होने वाली मतगणना की व्यवस्थाओं के संबंध में अभ्यार्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त ने अभ्यार्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को मतगणना संबंधित चुनाव आयोग के प्रोटोकॉल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम-वीवीपेट गणना, पोस्टल बैलट गणना और इटीपीबीएस प्री-काउंटिंग व गणना, प्रति विधानसभावार 5-5 वीवीपेट (रैंडमली सिलेक्टेड) की पर्चियों की गणना और मतगणना के बाद इवीएम सीलिंग कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदु से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि गणन अभिकर्ताओं को मतगणना परिसर में पेन, पेपर और पेपर पैड के अलावा अन्य कोई सामग्री नहीं ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सुबह 5:30 से सभी वज्रगृह को खोला जायेगा जिसमें अभ्यार्थियों अथवा निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य है। तदोपरांत पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना प्रारंभ की जायेगी। उन्होंने मतगणना के दौरान निर्वाचन और मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्त, दायित्व और कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में अभ्यार्थियों और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के द्वारा की गयी क्वेरिज पर भी जानकारी दी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया और सभी अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक को योग की किताब भेंट की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में कोडरमा के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से औपचारिक मुलाकात करते हुए योग क्रांतिकारी जोड़ी योगाचार्य सुषमा सुमन और प्रदीप कुमार सुमन ने परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज की लिखी हुई पुस्तक योग का किताब भेंट किया। पुलिस अधीक्षक से सुषमा सुमन ने योग पर चर्चा की। योग शिविर लगाने के लिए भी सुषमा सुमन ने कहा। एसपी श्री सिंह ने कहा कि 4 जून के बाद हमारे सारे जवान वापस आ जायेंगे, वे चुनाव कराने के लिए गये हुए हैं। पुलिस लाइन में 6 जून के बाद योग शिविर करवायेंगे। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरकारी, प्राइवेट, गांव, शहर, आदिवासी, वनवासी सभी जगह योग उत्सव त्यौहार की तरह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इसके लिए तैयारी बहुत जोर-शोर से चल रही है।

## मनरेगा योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में जयनगर प्रखंड सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया। बैठक में मनरेगा योजना, अबुआ आवास और 15 वें वित्त आयोग की हुई समीक्षा। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने अबुआ आवास लाभुकों को द्वितीय किस्त के लिए आवश्यक कागजात जमा करने का निर्देश जारी किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि पहले किस्त के रूप में जो तीस हजार मिले हैं वह भवन निर्माण में खर्च होने चाहिए ताकि द्वितीय किस्त के पचास हजार खाते में भेजे जा सके। साथ ही लाभुकों को निर्देश दिया कि हर परिस्थिति में अबुआ आवास किस्त मिलने पर समय पर कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। जिस लाभुक का अबुआ आवास किस्त लेने के बाद भी नहीं बना पा रहे हैं उस राशि की रिकवरी कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर बीपीओ रवि शंकर, आवास प्रखंड समन्वयक रवि कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार, समन्वय विवेक कुमार, बीपीओ राधा सिंह, कनीय अभियंता सत्यवान कुमार, मनोज कुमार, सहायक अभियंता तारीक अनवर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कनीय अभियंता ओम प्रकाश, पंचायत सचिव प्रकाश साव, रंजीत कुमार राणा, शिव कुमार यादव, खुर्शीद मियां, रजनी कुमारी साव, शिवानी कुमारी, कुंदन कुमार, पिंटू कुमार, जन सेवक दिलीप कुमार यादव, पंकज कुमार, अनिल कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, रोजगार सेवक दीपक कुमार सिंह, धीरज कुमार, संजय पासवान, अजीत सरकार, अजय कुमार, तानेश्वर राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# हेसागढ़ा में दिशोम मांझी परगना का स्थापना दिवस समारोह आज, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

कार्यक्रम को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने तैयारियों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता





**मांडू।** संथाल समाज दिशोम मांझी परगना द्वारा 30 मई को 28वां स्थापना दिवस मनाने को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने तैयारी का जायजा लिया। हेसागढ़ा बुध बाजार फुटबॉल मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल होंगे। संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारीयों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संथालों के लिए बीते 30-31 मई 1997 में संथाल समाज दिशोम मांझी परगना नामक एक सामाजिक संगठन की स्थापना की गयी थी। जिसका 28वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पहले सड़क मार्ग से आने वाले थे। परंतु अब हवाई मार्ग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से समारोह स्थल पहुंचेंगे। जिसके लिए कार्यक्रम स्थल के निकट हेलीपैड बनवाया गया है। साथ ही कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि समारोह में झारखंड, बंगाल, उड़ीसा, असम, बिहार और भारत के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल से संथाल समाज के पदाधिकारी और बुद्धिजीवी लोग शामिल होंगे। जिनके लिए भोजन और पानी की ब्यवस्था की गयी है।

इस दौरान फागू बेसरा ने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही समारोह के दौरान आयोजित होने वाले तीर धनुष प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल का भी अवलोकन किया। मौके पर समाज के केंद्रीय महासचिव सोनाराम हेम्ब्रम, उपाध्यक्ष सोनाराम मांझी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष एतवा मांझी, पन्नालाल मुर्मू, टीरू सोरेन, अमित हॉसदा, चुनूराम बेसरा, कैलाश मांझी, प्रदीप सोरेन, सानुमदन सोरेन, धीरज हॉसदा, संजय करमाली, बीरबल मरांडी आदि मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 9 कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी/कर्मी बर्दास्त नहीं: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 9 शिक्षक और सहायक अध्यापकों के विरुद्ध चतरा सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसमें आबिद हुसैन, सहायक अध्यापक उत्क्रमित मध्यविद्यालय उर्दू डाटम हंटरगंज, गिरिजा भुईयां सहायक अध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सतरामपुर हंटरगंज, किसुन कुमार यादव सहायक अध्यापक एनपीएस बकायन हंटरगंज, बहादुर राम सहायक अध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रामचकतारी प्रतापपुर, संजय कुमार पीजीटी एसएस +2 हाई स्कूल टंडवा (पीठासीन पदाधिकारी), विनोद प्रजाप्रति सहायक अध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय धवैया सिमरिया, सत्यम सहायक शिक्षक उत्क्रमित हाई स्कूल दूवारी गिद्धौर, दिलीप कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चोरवोरा, सिमरिया, मनोरंजन महाजन, सहायक अध्यापक, उत्क्रमित मध्यविद्यालय बानासाडी, सिमरिया शामिल हैं।

## विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है: डीइओ

जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि चतरा लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा सभी कर्मियों को विभिन्न कोटि के मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। उपरोक्त सभी कर्मी चतरा कॉलेज, चतरा में डिस्पैच के समय अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये। इनके द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 और आइपीसी की धारा 187 और 188 का उल्लंघन किया गया है। इन्होंने बिना किसी कारण अनुपस्थित रहकर चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को बाधित किया है। पोलिंग पार्टी मिलान के दिन इनके अनुपस्थित पाये जाने के कारण पोलिंग पार्टी मिलान करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। उनका यह कृत्य निर्वाचन कार्य को बाधित करना है, जो इनके कार्य के प्रति लापरवाही, कर्तव्य के प्रति उदासीनता और उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने को परिलक्षित करता है। लापरवाह शिक्षक/ सहायक अध्यापक कर्मियों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# मजदूरों का शोषण कर रही हैं आउटसोर्स कंपनियां: सुखदेव

आजाद सिपाही संवाददामा



**उरीमारी।** जनता मजदूर संघ के केंद्रीय संगठन सचिव सह वेलफेयर बोर्ड मेंबर सीसीएल सुखदेव प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सयाल परियोजना में कोयला खनन का काम कर रही दोनों आउटसोर्स कंपनियां क्रमश पीएसएमइ और आरए माइनिंग मजदूरों का दोहन और शोषण कर रही हैं और बरका सयाल प्रबंधन मौन धारण किये हुए हैं। कोल इंडिया के हाई पावर कमेटी के नियमों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है साथ ही झारखंड सरकार के नियमावली जिसमें निजी कंपनियों को स्थानीय स्तर पर 75प्रतिशत लोगों को रोजगार देने की बात कही गयी है उसका भी उल्लंघन किया गया है। एक भी स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया गया है दोनों कंपनियां मजदूरों को सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दे रही है और मजदूरों के द्वारा विरोध करने पर काम से निकालने की धमकी देती है। जनता मजदूर संघ दोनों कंपनियों के खिलाफ और बरका सयाल प्रबंधन के खिलाफ जून माह में क्रमवार आंदोलन करेगी और मजदूरों को न्याय दिलाने का काम करेगी। सुखदेव प्रसाद ने आगे कहा कि समय रहते बरका सयाल प्रबंधन इस पर पहल करें और मजदूरों को कंपनी द्वारा निर्धारित हाई पावर कमेटी द्वारा तय न्यूनतम राशि और सुविधा दिलाने का काम करें स्थानीय लोगों को आउटसोर्स दोनों कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराये अन्यथा बाध्य होकर जनता मजदूर संघ के द्वारा जून माह में आंदोलन की जायेगी जिससे क्षेत्र में औद्योगिक शांति भंग होगी जिसकी सारी जवाबदेही स्थानीय प्रबंधन की होगी।

## ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक

# पूरा ट्रक हैंड लोडिंग देने की बात कही

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने की मांग को लेकर मंगलवार को हाथीदाड़ी खदान के समीप ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक और संचालन मोर्चा के केंद्रीय सचिव निरंजन पटेल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा कि पेलोडर लोडिंग को हमारी मोर्चा स्वीकार नहीं करेगी। ट्रकों में लोडिंग का कार्य मजदूरों के द्वारा हैंड लोडिंग के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संचालन समिति में जो मजदूर ट्रक लोडिंग करेगा वही संचालन समिति का सदस्य, सचिव और अध्यक्ष होगा। उन्होंने मजदूरों को पूरा का पूरा ट्रक हैंड लोडिंग के लिए देने की बात कही। कहा कि इसमें मुंसियाना की जरूरत नहीं होगी। मजदूरों को ट्रक लोडिंग के लिए बैंक के माध्यम से पैसा का भुगतान कराया जाये। साथ ही मजदूरों के लिए मेडिकल सुविधा, सेल सेंटर में शौचालय और पीने की पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। कहा गया कि भुरकुंडा लोकल सेल में ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। हमारी मोर्च ना शहरी और ना देहाती के साथ है। बैठक के बाद भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखकर भुरकुंडा लोकल सेल चालू कर ग्रामीण और कोयलांचल के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग की गयी। बैठक में भाग मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री नकुल प्रसाद, किशोर नायक, रवि, केंद्रीय सदस्य सुभाष दास उर्फ काला बाबू, मधु बाउरी, राजेंद्र नायक, राजेश वर्मा, राहुल सिंह आदि मौजूद थें।

# रामगढ़ महाविद्यालय में अविभावकों और शिक्षकों की बैठक संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** महाविद्यालय रामगढ़ के उर्दू विभाग में अविभावक और शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई। विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि अविभावकों को सिर्फ महाविद्यालय में नामांकन कराने से कर्तव्य समाप्त नहीं हो जाता है। बल्कि अपने बच्चों की कक्षा में निरंतर उपस्थिति बनाये रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की निरंतर उपस्थिति ही ज्ञानवर्धन का आधार है। बताते चले कि उर्दू विभाग में विद्यार्थियों को अनुशासित बनाये रखने और बेहतर परीक्षाफल प्राप्त करने के लिए निरंतर विद्यार्थियों और अविभावकों को लेकर कार्यक्रम होता रहा है। इस क्रम में बुधवार को भी अविभावक शिक्षक मीटिंग आयोजित कर विद्यार्थियों के अभिभावकों से कहा गया कि अपने बच्चों का कक्षा में निरंतर उपस्तिथि दर्ज करायें और विभागीय आंतरिक परीक्षा और बाह्य परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए कई दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही महाविद्यालय परिसर क्षेत्र में महाविद्यालय के अनुशासन के सभी बिन्दुओं का पालन करने, और ड्रेस कोड का पालन करने को कहा गया। इस अवसर पर मो मुजम्मिल अंसारी, हलीमा खातून, कुर्बान अंसारी, मो तस्लीम अंसारी, मो आरिफ अंसारी आदि अविभावक उपस्थित थे।

## ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की बैठक

# यूनियन की मजबूती पर दिया गया बल

आजाद सिपाही संवाददाता




**पतरातू।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पतरातू टू शाखा के शाखा परिषद की बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि इसीआरकेयू के अपर महामंत्री मोहम्मद ज्याउद्दीन उपस्थित थे, इसके अतिरिक्त ओमप्रकाश, ओपी शर्मा आदि केंद्रीय नेता भी शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता और संचालन शाखा सचिव अजीत कुमार ने किया। बैठक में सबसे पहले रेलवे के विभिन्न आंदोलनों में शहीद हुए रेलकर्मियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसमें यूनियन के मजबूती पर बल दिया गया। बैठक में कैरेज डिपू में कार्यरत कर्मचारियों के शिकायतों और परिवादों का संकलन किया गया। इसके तहत आवास, सड़क, कार्यालय की स्थिति, पेयजल की समस्या, बिजली की समस्या आदि समस्याओं को जल्द समाधान करवाने के लिए अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही गयी। इसके साथ ही रेलकर्मियों को रात्रि भत्ता और यात्रा भत्ता वर्षो से लंबित है। इसके लिए भी यूनियन द्वारा दिलाने की बात की गयी। मो ज्याऊद्दीन ने उपस्थित रेलकर्मियों को आश्वासन दिया है कि उनके सभी परिवादों का तत्काल निवारण किया जायेगा। सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने कहा कि हमें अपने समस्याओं के लिए एकजुट होकर पहल करने की आवश्यकता है। इस मौके पर शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, रिटायर्ड इम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सरयू प्रसाद, ओंकार चौधरी, दुर्गेश कुमार, कुश चौधरी, श्रीपति सेठी, चंदन, जयवंती खलखो, लीलामुनी, मीनाक्षी देवी, रावनी देवी, शैलेश कुमार, पीके सुधांशु, कुंदन प्रमाणिक, बबलू कुमार, सतीश पासवान, मिथिलेश पांडेय, अभिनव विक्रांत, भुवन बराईक, जोएश बारा, शत्रुघ्न कुमार, छोटेलाल पटवा, ब्रजेश आदि उपस्थित थे।

## जिप अध्यक्ष ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

# स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने को लेकर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी बुधवार को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर प्रसव रूम, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, ओपीडी, दवा, इमरजेंसी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छ पेयजल का अभाव और शौचालय में गंदगी देखकर काफी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने को लेकर कई निर्देश दिया। जिप अध्यक्ष ने स्वास्थ्य कार्यालय में चल रहे सीएचओ एएनएम की बैठक में भी शामिल हुई। वहीं प्रखंड में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को मिलने वाले सुविधा की भी जानकारी ली और सी एच ओ और एएनएम को उप स्वास्थ्य केंद्र में सही ढंग से ड्यूटी करने की हिदायत देते हुए ड्यूटी सही से नहीं करने पर कार्रवाई करने की भी बात कही। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों बैठने का समय सारणी और वही प्रसव कराने आइ महिलाओं को मिलने वाले खाने का मीनू भी नहीं लिखा हुआ पाया। जिसे लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर के के शाह और बीपीएम संजय सिंन्हा को सुधार लाने की बात कही। साथ ही बताया कि इससे पहले भी निरीक्षण के दौरान चिकित्सक का समय सारणी और प्रसव कराने आई महिलाओं को मिलने वाले मीनू सूचना पट्ट पर लिखवाने की बात कही गयी थी। लेकिन इसमें कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिप सदस्य ने इसकी शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही है। इस मौके पर चतरा जिला के जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, सुरेश पासवान शहर काफी संख्या में लोग शामिल थें।

# रुद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पांडेयपुरा में चल रहे रुद्र महायज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ रही है। मेला में खासकर मनोरंजन के लिए झूला, नौका झूला, मौत का कुआं, मीना बाजार और अन्य व्यंजनों की दुकान काफी बेहतर तरीके सजाया गया है। मेले में स्थापित रंग-बिरंगे लाइट, झालर बाल्वो की रोशनी से पूरा यज्ञ परिसर जगमगा रही है। महिलाओं की उमड़ रही भीड़ के कारण घरेलू सामानों की खरीदारी जोरों पर देखा जा रहा है। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक नृत्य संगीत, प्रवचन का आनंद उठाने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके अलावे सुबह से शाम तक भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

# समर कैंप का किया गया आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीवीयूएनएल पतरातू ने 15 दिन के समर कैंप का आयोजन किया। समर कैंप में 70 बच्चों ने दाखिल लिया जिनकी उम्र 6 से 12 साल है। समर कैंप का उद्घाटन आर के सिंह और सीनियर ऑफिशियल ने केक कट कर के किया। यह समर कैंप नेता सुभाष जी हाल में आयोजित किया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी 15 दिन के कैंप में बच्चों को डांस, योग, साइंस, थिएटर और अन्य स्किल्स पर प्रशिक्षण दी जायेगी। बताया गया कि यह समर कैंप बच्चों के एक साथ आने और मौज मस्ती करने का एक विशेष शिविर है। इस प्रकार के शिविर से स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नये दोस्त भी बनाते हैं और मेल जोड़ बढ़ाते हैं। जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है।

## पारसोतिया में मंडा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी का गठन

# मंडा पूजा का इतिहास है पुराना, मनेगा धूमधाम से: विक्रम

अध्यक्ष विक्रम कुशवाहा और सचिव कुणाल कुमार कुशवाहा बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के पारसोतिया में मंडा पूजा 8 से 9 जून को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर समिति की बैठक बुधवार को मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में मंडा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। जिसमे, अध्यक्ष विक्रम कुशवाहा, उपाध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा, सचिव कुणाल कुमार कुशवाहा, सहसचिव दीपू सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार उपकोषाध्यक्ष सुजीत कुमार और पप्पू कुशवाहा एवं कार्यकारी अध्यक्ष गणेश महतो, सहकार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार, संगठन मंत्री शिबू गंझू, मीडिया प्रभारी टिंकू कुशवाहा बनाये गए। जबकि, संरक्षक लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, दयाल महतो, राजू प्रसाद कुशवाहा, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, कपूर प्रसाद कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार दांगी, नरेश कुमार, कैलाश मुंडा, धर्म प्रसाद कुशवाहा, रमेश करमाली बनाये गये।

**18 सालों से सकुशल अध्यक्ष पद निभा रहे है विक्रम कुशवाहा:** श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर पारसोतिया का मंडा पूजा ऐतिहासिक है। यहां वर्षों से मंडा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। 18 वर्षों से लगातार सकुशल अध्यक्ष पद में विक्रम कुशवाहा अपनी भूमिका निभा रहे है। उनके कार्यकाल में मंदिर सहित परिसर का चहुमुखी विकास हुआ है। इस वर्ष भी अध्यक्ष बनाये जाने पर विक्रम कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पारसोतिया में मंडा पूजा धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इसमें समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सहभागिता जरूरी है। बैठक में मंडप पूजा के पुजारी भिखारी महतो, पोखलाल महतो, रोहित महतो के अलावा अनिल साहू, सुजीत कुमार, कपिल देव, अंकित कुमार, पंकज कुशवाहा, दीपक राज, रतन महतो, नरेश महतो, मधु महतो, प्रीतम कुमार, सुबोध कुमार, बिट्टू कुमार, राहुल रोशन, गोलू कुमार, रितिक कुमार, प्रिंस कुमार, डब्लू कुमार, सचिन कुमार, संतोष कुमार, आकाश कुमार, पप्पू साहू, अविनाश कुमार, दिलीप कुमार, आशीष कुमार आदि उपस्थित थे।

# टीबी से किशोरी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** पदमपुर पंचायत के लेम्बुआ गांव के एक दलित परिवार महेश भुईयॉ की एक नाबालिक पुत्री की मौत बीते शुक्रवार को हो गया था। बताया जाता है की लेम्बुआ गांव में शुक्रवार को मृत बालिका अपने परिजन के साथ बाजार आयी थी की वही उसका दम घुटने लगा जिससे घर जाते जाते घंटो मिनट्स के बाद उसकी मौत हो जाती है। मौत की खबर सुनकर परिजन जुटे और रात्रि में ही अग्नि संस्कार कर दी गयी। मौत की खबर को अगले दिन शनिवार को गांव के ही कुछ विकृत मानसिकता वाले तथाकथित बुद्धिजीवी व अपना आदर्श छवि को जोर जबरदस्ती से मनवाने के कारण सोसल मिडिया में भ्रामक खबर फैला दी की लेम्बुआ गांव में एक दलित परिवार महेश भुईया की पुत्री के साथ गलत हुआ और गांव वालों के दबाव में अग्नि संस्कार करवा दी गयी। जिसे जांच की जाये बड़े राज खुल सकते है। अगले दिन शनिवार को टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव और डीएस्पिअ प्रभात रंजन बरवार लेम्बुआ गांव संध्या में पहुंचकर गहनता से महेश भुइयां के परिजनों और रिस्तेदारो ग्रामीणों से जांच की तब पूछ-ताछ में जानकारी मिली की मृत बालिका एक यक्ष्मा रोगी थी जिसका इलाज टंडवा चतरा सदर से चल रहा था। बाजार जाने के क्रम में उसे दमघुंटने लगा और घर आते आते मौत हो गयी। टंडवा थाना प्रभारी अनिल उरांव में इस मामले पर भ्रामक खबर की पुष्टि करते हुए आजाद सिपाही प्रतिनिधि से कहा की पुलिस गहनता से जांच की मामला यक्ष्मा रोग के कारण किशोरी की मौत हुई। गांव के लोग कथित तौर पर भर्म फैलाने का काम किया है बताया।

UNIVERSITY DEPARTMENT OF MANAGEMENT
VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG

ADMISSION OFFER

MBA Regular Session-2024-26 & MBA Evening Session-2024-26
Bachelor of Business Administration (BBA) (Session:-2024-27)

Applications are invited for MBA (Regular) with Intake: 70 (Seventy), MBA Evening with Intake :40 (Forty) and Three Years Full Time BBA with Intake: 70 (seventy) through Chancellor portal.
Portal address is https://jharkhanduniversities.nic.in/home.
**Online application applying date for MBA (Regular & Evening) from 28th May, 2024 to 25th July, 2024 for BBA from 28th May, 2024 to 25th June, 2024**
Contact No. For any inquiry -
9431795999 (Director), 8084496651, 6200522179,
7858882626, 8603250126 (T.P.O.) during office hour.
Note:- For more information visit University website - www.vbu.ac.in

By order of the Vice-Chancellor
Sd/
Registrar,
VBU, Hazaribag
Dated : 28/05/2024

(Dr. Amitava Samanta)
Director
Memo No.- MBA/VBU/3502/2024

# पद्मश्री वैद्य का इलाज रोकने का फैसला

छत्तीसगढ़ के बस्तर स्थित नारायणपुर जिले में रहने वाले वैद्यराज हेमचंद मांझी की निराशा चिंताजनक है। 72 साल के मांझी 20 साल की उम्र से जड़ी-बूटियों के सहारे आदिवासियों का इलाज करते रहे हैं, लेकिन माओवादियों की ओर से लगातार मिलती धमकियों से तंग आकर उन्होंने अपना यह काम बंद करने का फैसला किया है। मांझी को आदिवासियों की आजीवन सेवा की एवज में पिछले महीने ही पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया है, लेकिन माओवादियों का कोपभाजन वह पहले से बने हुए हैं। छह महीने पहले ही माओवादियों ने उनके भतीजे कोमल की हत्या कर दी थी। उनके कई और रिश्तेदार माओवादी हिंसा की भेंट चढ़ चुके हैं। अब उनकी हत्या करने की धमकी दी जा रही है। माओवादियों की ओर से छोड़े जा रहे पर्चों में मांझी को गद्दार बताते हुए आरोप लगाया जाता है कि वह स्थानीय आमदायी खदान प्रॉजेक्ट को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। मांझी खदान प्रॉजेक्ट से अपना कोई लेना-देना होने से इनकार करते हैं। माओवादी इन स्थानीय प्रॉजेक्टों को आदिवासी हितों के खिलाफ बताते हुए उनका विरोध करते हैं। माओवाद प्रभावित इलाकों में इस तरह की स्थिति कोई नयी बात नहीं है। इन इलाकों में पुलिस-प्रशासन और प्रॉजेक्ट संचालकों से माओवादियों का सीधा और तीखा विरोध होता है। ऐसे में इन इलाकों में शांतिपूर्ण ढंग से आदिवासियों के बीच रचनात्मक कार्य कर रहे लोगों को अक्सर इन दोनों ही पक्षों का विरोध झेलना पड़ता है। पुलिस उन्हें नक्सल सिंपैथाइजर समझती है, तो नक्सली उन पर पुलिस और पूंजीपतियों का एजेंट होने का ठप्पा लगाते हैं। निश्चित रूप से इसका स्थायी इलाज यही है कि इन क्षेत्रों को माओवादी प्रभाव से मुक्त किया जाये, लेकिन काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि उसके लिए उपाय क्या अपनाये जा रहे हैं। आम तौर पर दो ही स्थितियां दिखती हैं। कुछ सरकारें माओवाद को सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक समस्या मानते हुए पुलिस कार्रवाई के मोर्चे पर ढिलाई बरतने लगती हैं, तो कुछ अन्य सरकारें पूरा जोर पुलिस बलों की सख्ती पर लगा देती हैं। छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में पुलिस कार्रवाई पर जोर बढ़ा है। इस साल के इन पांच महीनों में ही सुरक्षा बलों के हाथों 116 माओवादी मारे जा चुके हैं, जबकि 2023 में पूरे साल के दौरान यह संख्या 22 थी। स्वाभाविक ही फेक एनकाउंटर के आरोप भी लग रहे हैं। पुलिस की सख्ती माओवाद से मुक्ति के प्रयासों का अहम हिस्सा है और रहेगी। लेकिन जरूरी है कि बेकसूरों के मारे जाने की किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाये, क्योंकि फेक एनकाउंटर का कोई एक भी मामला दर्जनों जेनुइन ऑपरेशंस के असर पर पानी फेर देता है।

**मांझी को आदिवासियों की आजीवन सेवा की एवज में पिछले महीने ही पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया है, लेकिन माओवादियों का कोपभाजन वह पहले से बने हुए हैं। छह महीने पहले ही माओवादियों ने उनके भतीजे कोमल की हत्या कर दी थी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिमी भारत के कई इलाकों में पारा 50 डिग्री सैल्सियस के पार जाने की आशंका जतायी है। बढ़ते तापमान से खेती, कंस्ट्रक्शन एवं औद्योगिक कार्यों में लगे उन लाखों श्रमिकों के लिए खतरा है, जो खुली धूप में काम करने को मजबूर हैं। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग खेती एवं कामगारों की उत्पादकता के साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरे की घंटी है। इस कड़ी चुनौती से निपटने के लिए भारत को जलवायु परिवर्तन अनुकूल नये टिकाउ समाधान अपनाने की जरूरत है।**


# जानलेवा जलवायु परिवर्तन से निपटने को टिकाउ समाधान की जरूरत

**डॉ अमृत सागर मित्तल**

राजस्थान के कई इलाकों में 50 डिग्री के पार तापमान से 48 घंटे में 21 लोगों की मौत जलवायु परिवर्तन के इस जानलेवा असर का दुखदाई संकेत है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं गुजरात जैसे राज्य भी लू से झुलस रहे हैं। भीषण गर्मी के प्रकोप से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं कश्मीर के जंगलों में लगी आग ने पहाड़ी इलाकों का पारा भी चढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिमी भारत के कई इलाकों में पारा 50 डिग्री सैल्सियस के पार जाने की आशंका जतायी है। बढ़ते तापमान से खेती, कंस्ट्रक्शन एवं औद्योगिक कार्यों में लगे उन लाखों श्रमिकों के लिए खतरा है, जो खुली धूप में काम करने को मजबूर हैं। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग खेती एवं कामगारों की उत्पादकता के साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरे की घंटी है। इस कड़ी चुनौती से निपटने के लिए भारत को जलवायु परिवर्तन अनुकूल नये टिकाऊ समाधान अपनाने की जरूरत है।

**कामगारों व अर्थव्यवस्था पर असर :** भारत में जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान से कामगारों व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर पर चिंता जताती वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल बढ़ते तामपान की वजह से 2030 तक भारत में 16 से 20 करोड़ लोग घातक लू की चपेट में आ सकते हैं। भीषण गर्मी के प्रभाव से उत्पादकता व कार्यकुशलता में गिरावट से करीब 3.4 करोड़ लोगों का रोजगार छूटने का अनुमान है। खेती एवं कंस्ट्रक्शन सैक्टर के अलावा स्टील इंडस्ट्री एवं ईंट भट्ठों पर काम करने वालों पर बढ़ते तापमान का सबसे ज्यादा असर पड़ने की संभावना है।

**भारत का लक्ष्य पर्यावरण की ओजोन परत के लिए घातक एयरकंडीशनर्स एवं रैफ्रीजरेटर्स में कूलैंट के तौर पर इस्तेमाल होने वाले हाइड्रोक्लोरोफ्लूरो कार्बन के उत्पादन व प्रयोग को खत्म करने का है।**




इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन (आइएलओ) के एक सर्वे मुताबिक भारत में बढ़ती गर्मी के कारण साल 1995 में खेती एवं कंस्ट्रक्शन सैक्टर में रोजमर्रा के काम के घंटों में 5.87 प्रतिशत कमी आयी, जबकि उद्योगों में 2.95 प्रतिशत व सर्विस सैक्टर में 0.63 प्रतिशत घंटों का नुकसान हुआ था। 2030 तक खेती एवं कंस्ट्रक्शन में 9.04 प्रतिशत, उद्योगों में 5.29 प्रतिशत और सर्विस सैक्टर में 1.48 प्रतिशत घंटों के नुकसान का अनुमान है। काम करने वाली जगहों पर भीषण गर्मी के तनाव के कारण साल 1995 में दुनिया की अर्थव्यवस्था को 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान 2030 तक 2400 बिलियन डॉलर होने की आशंका है। ट्रांसपोर्टेशन के दौरान खाद्य पदार्थों का नुकसान 13 अरब डॉलर तक हो सकता है। ट्रांसपोर्टेशन में खाद्य पदार्थों एवं दवाओं की बर्बादी से निपटने के लिए वर्ल्ड बैंक ने कोल्ड चेन डिस्ट्रीब्यूशन नैटवर्क को और अधिक बेहतर करने की सिफारिश की है। प्री-कूलिंग और रैफ्रिजरेटिड ट्रांसपोर्टेशन से खाद्य पदार्थों की 76 प्रतिशत बबार्दी घटा कर कार्बन के फैलाव को भी 16 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

**टिकाऊ समाधान :** वर्ल्ड बैंक स्टड-क्लाईमेट इनवैस्टमेंट ऑपर्च्यूनिटी इन इंडियाज कूलिंग सैक्टर के मुताबिक वैकल्पिक एंव आधुनिक एनर्जी एफिशिएंट टैक्नोलॉजी की मदद से लू के प्रकोप से निपटा जा सकता है। इस टैक्नोलॉजी पर 2040 तक 1.6 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के निवेश की संभावनाएं हैं, जिससे पर्यावरण में ग्रीनहाऊस गैसों के फैलाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वर्ल्ड बैंक का सुझाव है कि एनर्जी एफिशिएंट टैक्नोलॉजी अगले दो दशक में पर्यावरण से कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को भी काफी हद तक घटा सकती है। पर्यावरण को ठंडा रखने की भारत की कूलिंग रणनीति बड़े पैमाने पर जनजीवन एवं आजीविका की रक्षा के साथ भारत को दुनिया के ग्रीन कूलिंग मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर सकती है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट ने कूलिंग के लिए एक टिकाऊ समाधान का सुझाव देते हुए 2040 तक सालाना 300 मिलियन टन कार्बन डाईऑक्साइड के फैलाव को घटाने का रोडमैप दिया है। 2019 में भारत के भी विभिन्न क्षेत्रों में टिकाऊ कूलिंग उपायों को लागू करने के लिए इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (आइसीएपी) की शुरुआत की गयी। इन उपायों में बिल्डिंग में इनडोर कूलिंग, कृषि एवं फार्मास्यूटिकल सैक्टर में कोल्ड चेन एवं यात्री वाहनों में एयरकंडीशनिंग शामिल हैं। इस योजना का लक्ष्य बिजली से चलने वाले कूलिंग उपकरणों में साल 2037-38 तक बिजली की खपत 25 प्रतिशत तक घटाना व ट्रेंड टैक्नीशियंस के लिए 20 लाख नौकरियों के नये अवसर पैदा करना है। इससे अगले दो दशक में रैफ्रीजरेंट की मांग भी करीब 31 प्रतिशत तक घटाने का लक्ष्य है।

**जलवायु अनुकूल कूलिंग टेक्नोलॉजी :** बढ़ते तापमान से जनजीवन प्रभावित न हो, इसलिए प्राइवेट व सरकारी भवनों में जलवायु अनुकूल कूलिंग टेक्नोलॉजी को एक स्टैंडर्ड के तौर पर अनिवार्य किये जाने की जरूरत है। बड़े पैमाने पर इसकी शुरुआत केंद्र सरकार के किफायती हाऊसिंग प्रोजेक्ट्स से की जा सकती है, जिसके तहत भविष्य में ग्रामीण इलाकों में बनने वाले 2.90 करोड़ एवं शहरों में 1.10 करोड़ घरों में जलवायु अनुकूल कूलिंग टैक्नोलॉजी अपनायी जा सकती है। जिला स्तर पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत कूलिंग टैक्नोलॉजी में निवेश महत्वपूर्ण है। इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से एक सेंट्रल प्लांट में तैयार किये ठंडे पानी को एक साथ कई सारी बिल्डिंगों में अंडरग्राऊंड एवं अंडर वॉल इंसुलेटिड पाइप के जरिए ठंडा रखा जा सकता है। इससे एयर कंडीशनर के बिजली के बिल पर 20 से 30 प्रतिशत तक खर्च घटाने में मदद मिलेगी। चंडीगढ़ में जलवायु परिवर्तन अनुकूल बनी पंजाब एनर्जी डिवैल्पमेंट एजेंसी (पेडा) की बिल्डिंग ने मिसाल कायम की है, जहां आजकल की भीषण गर्मी में भी बगैर एयरकंडीशनर्स के ठंडक रहती है एवं सर्दियों में बगैर हीटर के गर्माहट। मजे की बात यह है कि पेडा बिल्डिंग में न तो कोई एयरकंडीशनर लगा है और न ही कोई हीटर। भविष्य में बनने वाली नयी बिल्डिंग्स में भी पेडा के डिजाइन को दोहराये जाने की जरूरत है।

**आगे की राह :** जलवायु परिवर्तन के साथ वर्कप्लेस को भी उसके अनुकूल बनाया जाये। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बुनियादी बदलाव लाने के लिए वर्ल्ड बैंक बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर देता है। इससे जहां कृषि श्रमिकों का उच्च तापमान के संपर्क में आना कम हो सकेगा, वहीं उनका शारीरिक परिश्रम भी कम होगा। भारत का लक्ष्य पर्यावरण की ओजोन परत के लिए घातक एयरकंडीशनर्स एवं रैफ्रीजरेटर्स में कूलैंट के तौर पर इस्तेमाल होने वाले हाइड्रोक्लोरोफ्लूरो कार्बन के उत्पादन व प्रयोग को खत्म करने का है। वर्ल्ड बैंक ने इस बात पर जोर दिया है कि टिकाऊ ग्रीन डिवैल्पमेंट को बढ़ावा दिया जाये, जिससे जानलेवा जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने में आसानी हो।

**(लेखक : कैबिनेट मंत्री रैंक में पंजाब इकोनॉमिक पॉलिसी एवं प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# मतगणना के लिए तमाम सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने का डीइओ ने अधिकारियों को दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने सभागार में मतगणना की तैयारियों पर समीक्षा बैठक की।बुधवार को पदाधिकारियों संग बैठक के दौरान कॉलेज परिसर में प्रत्याशियों व उनके कार्यकर्ता के बैठने की व्यवस्था,वाहन पार्किंग, काउंटिंग एजेंट का पहचान पत्र, परिसर की साफ-सफाई, पेयजल,चलंत शौचालय समेत मतगणना केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे, मतगणना की वीडियोग्राफी, इंटरनेट, माइकिंग सिस्टम, कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर को लेकर चर्चा की। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिए। वही टेबलवार मतगणना कार्मिक की प्रतिनियुक्ति व मतों की गिनती के दौरान किसी कार्मिक की तबीयत खराब होने या अन्य कारणों में कोई बाधा न हो इसके लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा इसके लिए विधानसभावार मतगणना पार्टी रिजर्व में रहेंगे। उन्होंने सभी एआरओ एवं प्रभारी पदाधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा काउंटिंग से संबंधित तैयारियों को ससमय सुनिश्चित किया जाये। साथ ही संबंधित अधिकारी अपने से कार्य का भलीभांति अध्ययन कर तैयारी पूर्ण करें। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। उसके बाद ईवीएम में दर्ज वोटों की गिनती शुरू होगी।बैठक में उपविकास आयुक्त मनीष कुमार,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार,अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा,अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम रंजीत लोहरा, निदेशक एनईपी अजय साव, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार,जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी,उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, एसडीओ धालभूम श्रीमती पारूल सिंह,एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज ने परशुराम जन्मोत्सव को लेकर की बैठक, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिया संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति के द्वारा पप्पू मिश्रा के नेतृत्व मे टेल्को स्थित सबुज कल्याण संघ मे बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक के दौरान आगामी 9जून को होने वाले भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह को लेकर चर्चा की गई। बैठक मे पूर्व डीएसपी कमल किशोर ने बताया सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए ब्राह्मणो की एकजुटता आवश्यक हैं। कारण अन्यत्र समुदाय के लोग वर्तमान मे सबसे ज्यादा ब्राह्मण को ही टारगेट करके उसे समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। उनके इन कार्य को तोड़ने के लिए ब्राह्मणो की एकजुटता आवश्यक हैं। खासकर ब्राह्मण परिवार अपने को सशक्त और मजबूत करने के लिए इस आयोजन का होना अति आवश्यक हैं। आवश्यकताओं को पूर्ण करना तभी सम्भव जब आप संगठित होकर अपने समाज को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा आगामी 9जून को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह को सफल बनाने के लिए कोई ब्राह्मण परिवार छूटे नहीं इसका ख्याल रखना होगा।बैठक मे नकुल तिवारी,ओमप्रकाश उपाध्याय,श्रीनिवास तिवारी, मुन्ना चौबे, अरविन्द पाण्डेय, हरेंद्र ओझा, अप्पू तिवारी, जन्मजय पाण्डेय, रविशंकर त्रिपाठी,संजय तिवारी, अभय पाण्डेय,अंकित आनंद, बिनोद पाठक, जितेंद्र तिवारी, रितेश ओझा, जय चौबे, नितेश शर्मा, पंज तिवारी, संतोष मिश्रा, विजय पाण्डेय,मनोज पाण्डेय, ॐ पाण्डेय, समेत सैकड़ो ब्राह्मण परिवार के लोग उपस्थित रहे।

# घाटशिला थाना क्षेत्र के गहनडीह गांव में दुधारू मवेशी लदा एक ट्रक जब्त, चालक फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** मंगलवार रात घाटशिला थाना क्षेत्र के गहनडीह गाँव मे दुधारू मवेशी लदे एक ट्रक को खड़े कर चालक फरार हो गया। बुधवार सुबह ट्रक पर लदे 11 दुधारू गाय और 4 बछड़ा बछिया को वाहन में तड़पते देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना घाटशिला थाना को दी। थाना प्रभारी मधुसूदन दे के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से ट्रक से दुधारू गाय और बछड़ो को नीचे उतार उन्हें पानी पिलाया गया। थाना प्रभारी द्वारा पशु चिकित्सक शिंकेश यादव को सूचना देते हुए बीमार गायों का उपचार कराया गया । इस क्रम में ट्रक पर एक गाय की बछिया की मौत हो गई थी। ट्रक संख्या डब्लूबी 15 डी 4298 में आरा से गायों को लाद कर कोलकाता पहुंचाया जाना था। थाना प्रभारी द्वारा ट्रक और गायों को भोजन और पानी और देखरेख करने की जिम्मेदारी ऊपर पावडा कर वार्ड सदस्य बृजेश सोरेन और गहनडीह के ग्रामीणों को दी गई। इस क्रम में पुलिस बल को भी तैनात रखा गया।

ग्रामीण बसेत मुर्मू ने बताया कि रात 3 बजे जब उनका नीद खुला तो वे घर के बाहर आवाज सुन बाहर आए। उस पर देखा कि एक ट्रक खड़ा है जिस पर से आवाज आ रहा है। जब वे ट्रक के करीब पहुंचे तो देखा कि उस ट्रक पर छोटे से जगह पर 11 बड़ी दुधारू गाय थी और उनके 4 बछड़ो की ट्रक पर बने छोटे से जगह पर चारो पाव और सर एक साथ बांध कर छोड़ा गया है। जबकि गायों को इस तरह बांधा गया था कि वे ज्यादा हिल डुल नही सके। इसी क्रम में सॉर्ट कट बंगाल पहुंचने और बॉर्डर क्रॉस करने के लिए घाटशिला से देहाती सड़क पकड़ा था। इस क्रम में उनका ट्रक का एयर टैंक पाइप लीक होने से उन्होंने एक गाँव के पास ही ट्रक खड़ा कर मेकेनिक की खोज में निकल गए थे। ट्रक पर उनके साथ गायों की देखरेख के लिए जो व्यक्ति था वह कहा चला गया इसकी जानकारी उन्हें नही है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। सभी गाय दुध देने वाले है किसी खटाल के लग रहे है। चालक अगर सभी के कागजात दिखाने में सफल हुए तो छोड़ दिया जायेगा, नही तो नियम संगत कारवाई की जायेगी।

# भीषण गर्मी में लू लगने से महिला की मौत

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला व आसपास के क्षेत्र में प्रचंड गर्मी से अब आम आदमी के जनजीवन प्रभावित होने लगी है। बुधवार को आदित्यपुर थाना के पास बिजली विभाग कार्यालय के समीप एक महिला को मृत अवस्था में पाया गया। संभावना जताई जा रही है लू लगने से महिला की मौत हुई है। समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी। महिला दिहाड़ी सब्जी विक्रेता होने का अनुमान लगाया जारहा है। वे प्रतिदिन यहां सब्जी बेचने आती थी। फिलहाल सूचना मिलने पर पहुची पुलिस महिला के शव को जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तलाश की जा रही है।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती से सामूहिक दुष्कर्म के पांच दोषियों को उम्रकैद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हवाई अड्डा के पास सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच दोषियों को भादवि की धारा 376 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। भादवि की धारा 395, 377, 412 और 376 के तहत दर्ज मुकदमों का सामना कर रहे इन लोगों पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

प्रथम जिला ओर सत्र न्यायाधीश सह पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने बुधवार को यह सजा सुनायी। सजा पाने वाले दोषियों में सुरेन देवगम, शिवशंकर करजी, पुरमी देवगम उर्फ सेटी, प्रकाश देवगम उर्फ डेंबो और सोमा सिंकू उर्फ पेट्रा शामिल है। सभी चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सालीहातु गांव के रहने वाले हैं। इस मामले में पांच नाबालिग भी आरोपित हैं। सभी का मुकदमा जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। बता दें कि 20 अक्टूबर 2022 की शाम युवती अपने दोस्त के साथ चाईबासा के एयरपोर्ट की ओर घूमने गयी थी। शाम करीब सात बजे आरोपितों ने दोनों को पकड़कर पहले उसके साथ मारपीट की। इसके बाद लड़के को वहां से भगा दिया और लड़की के साथ 10 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर 22 अक्टूबर को जेल भेज दिया था।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 मई, 2024
www.azadsipahi.in


## मुखिया ने शादी और ब्रह्मभोज में किया आर्थिक सहयोग



रंका(आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी ने अपने निजी खर्च से मंगलवार को सोनदाग निवासी युवराज राम के पुत्री की शादी में नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया वही बुधवार को हुरदाग निवासी रघु भुईयां की माता जी (95 वर्ष) की आकस्मिक निधन हो जाने पर सूचना मिलते के साथ मुखिया रीमा देवी ने उनके घर जाकर मृतक के पुत्र वधु के हाथ में दाह संस्कार के लिए निजी खर्च से नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया और पुण्य के भागी बनीं। उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि सोनदाग पंचायत की जनता के सुख दु:ख में यथा संभव मदद करती रहूंगी।

# मनरेगा योजना के नियमों की खुलेआम उड़ायी जा रही धज्जियां

**बनसानी पंचायत में आधा दर्जन निमार्णाधीन कूप निर्माण में सामने आया, जहां बगैर कूप में काम लगाये ही फर्जी मास्टर रोल के जरिये राशि की फर्जी निकासी की गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से मनरेगा योजना के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। मामला बनसानी पंचायत में आधा दर्जन निमार्णाधीन कूप निर्माण में सामने आया, जहां बगैर कूप में काम लगाये ही फर्जी मास्टर रोल के जरिये राशि की फर्जी निकासी किये जाने, तो कहीं काम कराने के बाद भी कमीशन को लेकर जेई द्वारा एमबी बुक नहीं किये जाने तथा कम कराने के बाद अधिक राशि की भुगतान कर दिया गया।



### क्या है मामला

आपको बता दें कि वनसानी पंचायत के केतवारू राम के खेत में स्वीकृत बिरसा संबर्धन कूप निर्माण में बगैर निर्माण कार्य शुरू किए बिना ही 14688 रुपये और दीनानाथ पाठक के खेत में स्वीकृत कूप निर्माण के नामपर 9792 रुपये की फर्जी मास्टर रोल के जरिये सरकारी राशि की निकासी कर ली गयी। वहीं संजय विश्वकर्मा के कूप निर्माण में महज 8-10 फीट खुदाई किये किये पर 75 हजार 786 रुपये जबकि संतोष राम के कूप निर्माण में 48 हजार 756 रुपये की निकासी कर ली गयी। जबकि दूसरी तरफ राम अवध राम के 25 फीट तथा अशोक राम 25 फीट कूप खोदाई किये जाने के बाद भी बतौर पांच प्रतिशत कमीशन की मांग रोजगार सेवक और जेई द्वारा करके ब्लॉक का चक्कर कटवाया जा रहा है। जिससे लाभुक काफी हताश व परेशान हैं।

### क्या कहते हैं जेई

इस संबंध में पूछे जाने पर जेई प्रविंद्र कुमार ने बताया कि अशोक राम और राम अवध राम का बिल हम काम के अनुसार कर दिए हैं पैसा मांगने का आरोप गलत है। संजय विश्वकर्मा और संतोष राम का एम बी मेरे पास नही आया है भुक्तान योजना में कैसे हुआ है मुझे जानकारी नहीं है।

### क्या कहते हैं पंचायत सचिव

तो वहीं पंचायत सचिव अजित सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा कूप की स्वीकृति कराने के एवज में पैसा नहीं लिया गया, यह सब रोजगार सेवक और बीपीओ के मार्फत स्वीकृत कराया गया है। उन्होंने स्वीकारा की कूप स्वीकृति कराने में ब्लॉक में खर्च हुआ ही है।

### क्या कहते हैं रोजगार सेवक

वहीं रोजगार सेवके तहमिद अंसारी ने कहा कि लाभुक द्वारा लगाया जा रहा आरोप गलत है। हमने जितना का एमबी हुआ उसके अनुसार भुगतान किया है।

## सूर्य के कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा शुरू



**ज्येष्ठ महीने के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि यानी 25 मई नौतपा शुरू, 4 जून तक बरकरार रहेगा।**

**मौसम विभाग के साथ साथ जिला प्रशासन ने लोगों से बेवजह घर से नहीं निकलने, भरपेट पानी पीने के साथ पानी वाला फल खाने की अपील की है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** ज्येष्ठ महीने के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि यानी 25 मई को सूर्य के कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा शुरू हो गया जो 4 जून तक बरकरार रहेगा। इन दिनों पलामू और गढ़वा के साथ साथ कांडी में पड़ रही भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंगलवार और बुधवार को लगातार कांडी प्रखंड क्षेत्र में दिन का तापमान 47 के पार रहा, जिससे सैकड़ों लोग सिर दर्द उल्टी और बुखार से पीड़ित रहे, वहीं भीषण गर्मी की वजह से कांडी प्रखंड के सुंडिपुर में मंगलवार को 100 से अधिक चमगादड़ों की मृत्यु हो गयी है। मौसम विभाग के साथ साथ जिला प्रशासन ने लोगों से बेवजह घर से नहीं निकलने, भरपेट पानी पीने के साथ पानी वाला फल खाने की अपील की है।

### आइए जानते हैं-क्या होता है नौतपा!

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा शुरू हो जाता है, विगत कुछ वर्षों से सूर्य नारायण लगभग 25 मई को ही रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर रहे थे इस वर्ष भी सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में 25 मई की रात्रि मे 03 बजकर 15 मिनट पर प्रवेश किये जो 8 जून तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इन दिनों के प्रथम 9 दिन यानी 25 मई से 04 जून तक नवतपा माना जायेगा। नौतपा साल के वह 9 दिन होते है जब सूर्य पृथ्वी के सबसे नजदीक रहता है जिस कारण से इन 9 दिनों में भीषण गर्मी पड़ती है इसी कारण से इसे नौतपा कहते हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों के लिए आता है तो उन पंद्रह दिनों के पहले नौ दिन सर्वाधिक गर्मी वाले होते हैं। इन्हीं शुरूआती नौ दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार, इस दौरान धरती पर सूर्य की किरणें सीधी लम्बवत पड़ती हैं। जिस कारण तापमान अधिक बढ़ जाता है। कई ज्योतिषी मानते हैं कि यदि नौतपा के सभी दिन पूरे तपें, तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है।

## खराब पड़े चापाकल और जलमीनार, लोग परेशान

कांडी(आजाद सिपाही)। सरकार और जिला प्रशासन ढ़िढोरा पीटते हुए नहीं थकती की गर्मी के मौसम में लोगों को पानी पीने के लिए कोई समस्या नहीं होगी। इसके लिए विभाग कमर कस चुकी है। खराब पड़े चापाकल और जलमीनार को सूचना मिलते ही उसे ठीक कर लिया जायेगा। लेकिन विभाग का उक्त घोषणा झूठा साबित हो रहा है। प्रखंड के मझिगावां पंचायत की तो श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में लगाये गये जलमीनार, पीएचडी विभाग से लगाये गये कांडी- चौबे मझिगावां मुख्य सड़क के किनारे लगे जलमीनार के सारे सोलर पैनल फुट चुके हैं, प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर के जलमीनार बंद पड़ा हुआ है, कवलदाग आगनबाड़ी का सोलर पैनल आंधी तूफान में उड़ने के कारण जलमीनार बंद है। उसके आलावे मझिगावां पंचायत में दस से ऊपर चापाकल इस भीषण गर्मी में बंद पड़े हैं। हरिहरपुर में वार्ड नंबर 07 और 08 में 11 चापाकल और दो जलमीनार की मरम्मत की आवश्यकता है। उसके आलावे शिवपुर पंचायत में लगाये गये कूल 11 जलमीनारों में से अधौरा गांव का दो जलमीनार वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। गांव स्थित हरिजन टोला में सार्वजनिक चबूतरे के पास लगाया गया जलमीनार वर्षो से खराब है। उक्त जलमीनार पिछली पंचायत सरकार के कार्यकाल में लाखों रुपये खर्च कर लगाये गये थे। जलमीनार खराब होने के कारण वहां आस पास के दर्जनों घरों के लोग पानी को लेकर प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों के कई बार के शिकायत के बावजूद उसे ठीक करने का कोई उपाय नही किया गया। उधर प्रावि हरिजन टोला के प्रांगण में लगा जलमीनार भी वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। जलमीनार खराब होने से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पानी के लिए काफी मसक्कत करना पड़ता है। जब से विद्यालय के एकलौता चापाकल में जलमीनार का समरसेबुल डाला गया है। उक्त चापाकल से पानी बहुत कम मात्रा में निकलता है। बच्चे बहुत देर से चापाकल चलायेंगे तब जाकर एक बोतल पानी मिलेगा। प्रखंड क्षेत्र में कहीं पर लोगों को पानी की कोई समस्या नहीं हो इसके लिए बीडीओ ने एक टीम गठित की है। लेकिन उक्त टीम भी कागज तक ही सीमित रह गयी है।

## रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिहार के काराकाट में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी आज बिहार के लोकसभा काराकाट में भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। तथा विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। जनसभा के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी और औरंगाबाद सांसद शुशील कुमार सिंह बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू, एमएलसी दिलीप सिंह, शामिल हुये।

श्री चंद्रवंशी जनसभा में लोगों से मोदी सरकार के कार्यकाल तथा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये भाजपा के काराकाट लोक सभा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में समर्थन मांगा। वहीं लोगों ने भी बार-बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार के नारे लगाये। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का गरीब कल्याण के नाम समर्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी यूक्रेन में फंसे कई छात्रों को दो घंटे तक युद्ध को रूकवाकर शकुशल भारत लाया। चंदरगढ़, नबीनगर, बजार, भूसौली, नबीनगर स्टेशन रोड़, जनसंपर्क, आभियान, चलाकर, लोगो को कमल के फूल छाप पर बटन दबाकर, नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की उनके द्वारा जनधन, आयुष्मान सहित कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी।

## शिक्षक को मातृ शोक

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सिंहपुर के शिक्षक धनंजय तिवारी की माता तालुकराज कुंवर का हार्ट अटैक से अचानक मौत हो गयी। वे 75 वर्ष के थे।मृतक मंगलवार की शाम खाना खाने के बाद सोये उसके बाद अचानक हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गयी। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया गया। अंतिम संस्कार में गांव के कई लोग शामिल हुए।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## प्रशासन बना तमाशबीन, अवैध धंधा करने वालो का बढ़ा मनोबल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारिया।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय मे अवैध बालू के उत्खनन परिवहन का कार्य बेरोकटोक चल रहा है। सूचना के बावजूद संबंधित विभाग के कर्मी और स्थानीय प्रशासन तमाशबीन बने रहने से इस अवैध धंधे में संलिप्त कारोबारीयों का मनोबल बढ़ता जा रहा है, प्रखंड मुख्यालय इस्थित बगलीडेरा कनहर नदी और लहगुड़वा धसनी कंहर नदी या छोटे नदी सरसोंत्या नाला से भी आये दिन रात तो रात सुबह 6 बजे तक बिना रोक टोक के भंडरिया प्रखंड अवैध बालू का कारोबारी फल फूल रहे हैं, और एक दर्जन से अधिक बिना नंबर वाले ट्रैक्टर से अबैध बालू का ढुलाई कर डंप किया जा रहा है। प्रखंड के विभिन्न गांव में परिवहन कर उच्च दामों पर बेच रहे हैं, बालू के कारोबारी में सम्मिलित लोगों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि भंडारिया मुख्यालय के बगल से रात भर ट्रैक्टर से अवैध बालू लेकर निर्माण



कार्य स्थल तक पहुंचा रहे हैं, फिर भी स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तो गर्मी के दिन है, दूसरे ट्रैक्टर का सोर गुल रात में नींद नहीं आती है। इधर आम जनता सहमे हुए है। इधर अबुआ आवास वाले उपभोक्ताओं ने बताया कि हम लोगों को कनहर नदी के बालों पचीस से तिहत्तर हजार रुपये ट्रैक्टर बालू आम जनता को अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास या मनरेगा से या पंचायत से छोटी मोटी कार्य में बालू पचीस सौ से तीन हजार रुपये तक मिलता है, वहीं बड़े कंस्ट्रक्शन को जगह जगह बड़े पैमाने में डंप कर बालू उठकर दो हजार-पच्चीस सौ दिया जा रहा है। भंडरिया प्रखंड के फकीराडी पंचायत के कुरुण गांव के सपही नदी से अवैध बालू पलामू जिला के रामगढ़ रक्सी रामकांडा में बालू माफिया के द्वारा ढुलाई कर बेचा जा रहा है।

## आठवीं की परीक्षा में डीएवी का शत प्रतिशत रिजल्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड बोर्ड की आठवीं की परीक्षा में डीएवी मॉडल के शत प्रतिशत बच्चे ए+ और ए ग्रेड से सफल हुए हैं, जिसमें संजू कुमारी फर्स्ट इन फर्स्ट सभी विषयों में ए+ के साथ हुई है। इसी प्रकार आशिया खातून दो विषयों में ए + के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त की है। गुनगुन कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शेष सभी बच्चे ए ग्रेड से उत्तीर्ण किये हैं। विद्यालय परिवार इन बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर प्राचार्य गुलाम सरवर ने सभी बच्चों को विद्यालय की ओर से हार्दिक शुभकामनायें दी। निदेशक सुशील केसरी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किये जाते हैं विद्यालय में पढ़ने के बाद बच्चों को ट्यूशन की आवश्यकता नहीं पड़ती है, यदि अभिभावक भी थोड़ा भी ध्यान अपने बच्चों पर रखें और उन्हें सोशल मीडिया, मोबाइल से दूर रखें और किताब कापी के साथ पढ़ने और लिखने की आदत बनायें तो बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकता है।

## नाबालिग लड़की से शारीरिक संबंध बनाने के मामले दो आरोपी गिरफ्तार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के दोसैया गांव के एक नाबालिग लड़की को अपहरण कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने के मामले में पुलिस ने घटना का 48 घंटा के अंदर दो आरोपीयों को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से गिरफ्तार करने में सफलता पायी। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के गगटी गांव निवासी अंशु कुमार पिता शंकर विश्वकर्मा बिलासपुर गांव निवासी अंगद गुप्ता पिता संतोष शाह ने दुसैया गांव के एक नाबालिग लड़की से 26 मई को शारीरिक संबंध बनाकर अपहरण कर लिया था। नाबालिग लड़की के पिता ने धुरकी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी सर्च करायी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शक्ति से खोजबीन शुरू किया, तो दोनों आरोपी मिर्जापुर से गिरफ्तार हुए।**



## कोर्ट नोटिस

न्यायालय, प्रधान जिला न्यायाधीश-सह-मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण,गढ़वा
मोटर दुर्घटना दावा (एम०मी०) वाद
सं० 29/2019
कामाख्या महतो एवं 01 अन्य (आवेदकगण)
सभी निवासी ग्राम मेराल, वार्ड सं० 5, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा, झारखण्ड।
बनाम
1. संतोष कुमार मिश्रा पिता सरयु मिश्रा, (विपक्षी सं०- 1) निवासी मकान स० 166/2 सोनपुरवा, वार्ड सं0 14. थाना-जिला गढ़वा, झारखण्ड।
2. सुनिल पाण्डेय पिता पितरा नन्द पाण्डेय, (विपक्षी सं० 2) ग्राम करकारपुर, थाना-कोला, जिला-रोहतास, बिहार।
3. ब्रांच मैनेजर, एच०डी०एफ०सी० इर्गो जेनील इन्स्योरेन्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, (विपक्षी सं० 3) पता- कासविन्डज, 6-फ्लोर 41 कोर्ट रोड रॉची, झारखण्ड, पिन- 834001
4. दी ब्रांच मैनेजर, दी ऑरिएन्टल इन्स्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड, (विपक्षी सं० 6) तृतीय पार्टी क्लेम हब, तृतीय फ्लोर, प्रबुद्ध टावर, एस०एन० गांगुली रोड, रांची, झारखण्ड, 834001 इस नोटिश के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कामाख्या महतो वैगरह ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 166 के अन्तर्गत, मोटर दुर्घटना दावा (एम०मी०) वाद सं० 29/2019 दायर किया है जो लम्बी अवधि से आपकी उपस्थिति हेतु लंबित चला आ रहा है। वाद में सुनवाई हेतु अगली तिथि दिनांक 31.05.2024 निर्धारित की गई है जिसमे आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 31:05:2024 को 07:00 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायालय उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जाने। आज दिनाक-04:05:2024 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत।


## सैकड़ों चमगादड़ों की मौत जांच में जुटी प्रशासनिक टीम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गयी है। आशंका जतायी जा रही है कि भीषण गर्मी की वजह से सभी चमगादड़ों की मौत हुई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी आफताब आलम ने कहा है कि मामले की जांच चल रही है और पता लगाया जा रहा है कि चमगादड़ों की मौत कैसे हुई है। मामला गढ़वा के कांडी प्रखंड के सुरीपुर और कासंप गांव के इलाके का है। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी हैं।

गांव वालों का कहना है कि दोनों गांवों में चमगादड़ पेड़ पर रहते थे। सभी पेड़ सोन नदी के तटीय इलाके में हैं। बुधवार को जब स्थानीय ग्रामीण इलाके में गये तो देखा कि कुछ चमगादड़ मर चुके थे और वे पेड़ से नीचे गिरे हुए थे। कुछ देर बाद अचानक पेड़ से चमगादड़ों के शव नीचे गिरने लगे। चमगादड़ों की मौत के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। गर्मी की वजह से मौत की आशंका

आशंका जतायी जा रही है कि चमगादड़ों की मौत गर्मी की वजह से हुई है। मंगलवार को पलामू प्रमंडल में रिकॉर्ड तापमान के आंकड़े दर्ज किये गये। 47 साल बाद पलामू में 47.8 डिग्री सेल्सियस जबकि गढ़वा में 47.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के कारण चमगादड़ों की मौत हो रही है।

## गर्मी आते ही जंगलों में तेंदू पत्ता की तुड़ाई शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** गर्मी का मौसम आते ही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों में तेंदू पत्ता की तुड़ाई शुरू हो जाती है। तेंदु पत्ता तुड़ाई का कार्य गरीब परिवार के लिए बहुत ही अच्छा रोजगार है, इसमें ग्रामीण को अच्छी खासी कमाई हो जाती हैं। तेंदूपत्ता की तुड़ाई 10 से 15 दिन तक चलता है, जिसमें प्रखंड के सैकड़ों महिला पुरुष मजदूर को रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है। गौरतलब हो कि मई महीने की शुरूआत से ही तेंदू पत्ता की तुड़ाई के लिए ग्रामीण सुरक्षित जंगलों से सक्रिय हो जाते हैं, और इस तेंदू पत्ता की तुड़ाई के लिए ग्रामीण क्षेत्र में पूरा परिवार जुटता है, खासकर तेंदुपत्ता आदिवासियों को सबसे ज्यादा रोजगार और आर्थिक रूप से सक्षम बनाता है। तेंदू पत्ता से होने वाला आमदनी सोने चांदी के व्यापार से होने वाला आमदनी के बराबर होती है, यहीं वजह है, कि इस तेंदू पत्ता को हरा सोना भी कहते हैं। पुरुष की तुलना में महिलाएं ही इस कार्य में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं, महिलाएं तेंदू पत्ता तुड़ाई में समय भी कम लेती हैं, और पत्ते भी ज्यादा तोड़ती हैं, जिस घर में अधिक महिलाएं होती है, वे और भी ज्यादा पत्ते तोड़ लती हैं। सुबह होते ही परिवार के बड़े सदस्य जहां तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर निकल जाते हैं, वहीं परिवार के अन्य सदस्य पत्तों को गडी बनाने में लग जाते है। ज्ञात हो कि इस तेंदूपत्ते से बीड़ी तैयार की जाती है, सबसे पहले इन पत्तों को जंगल से तोड़कर लाया जाता है इसके बाद पत्तों को पोला बनाकर गडी के सामान तैयार कर सुखाया जाता है इसकी मांग देश के कई हिस्सों में होती हैं।



### वन विभाग के माध्यम से निकलती हैं निविदा

तेंदूपत्ता का तुड़ाई के लिए वन निगम निविदा निकालती है। बड़े-बड़े ठेकेदार निविदा डालते हैं, टेंडर फाईनल होने के बाद ठेकेदार द्वारा संबंधित वन क्षेत्र के एरिया में जंगलों से पत्ते की तुड़ाई मजदूरों के द्वारा कराई जाती हैं, जिससे मजदूरों को रोजगार तो मिलता ही है, साथ ही साथ सरकार को भी राजस्व प्राप्त होता है।

**मजदूरों ने कहा कि 10-15 दिनों तक मिल जाता है, रोजगार**

इस कार्य में लगे मजदूरो ने बताया कि 10 से 15 दिन तक रोजगार मिल जाता है, और एक आदमी का 5 से 10 हजार तक आमदनी होता है। उन्होंने बताया कि सुबह-सुबह जंगल चले जाते हैं, और दोपहर होते ही घर वापस आ जाते हैं, और फिर पूरा परिवार खाना खाकर पोला बनाकर तैयार करते हैं। शाम को ठेकेदार द्वारा खोले गये खलिहान में बेच आते हैं। जिससे हम लोग का बरसात का खर्च भी आ जाता है।



## खोया - पाया

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-02224 दिनांक- 27.05.2024 मैं, हिमान्शु राज, पिता श्री संजय प्रसाद, निवासी- कामतौल, रेलवे स्टेशन, ग्राम चहुटा, थाना- बिसफी, जिला- मधुबनी, बिहार, वर्तमान पता- 102, जानकी गार्डेन, हिनु, थाना- डोरण्डा, जिला- राँची, झारखण्ड, आधार नं0 2135 3120 8983 शपथपूर्वक निम्न ब्यान देता हूँ कि जो मेरे जानकारी में सत्य एवं सही है :-1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मैं वर्ष 2022 में 10 वीं कक्षा से उर्तीण किया हूँ मुझे बोर्ड से अंक पत्र, प्रवेश पत्र, माइग्रेसन प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह कि मैं दिनांक- 25.05. 2024 ई0 को हिनु से एयरपोर्ट जाने के कम में रास्ते में मेरा प्रमाण पत्र तथा 10 वीं कक्षा से संबंधित अन्य प्रमाण-पत्र रास्ते में गिर गया बहुत खोजबीन करने के बाद भी मुझे प्रमाण-पत्र नहीं मिल पाया। 4. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपना प्रमाण-पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने एवं सन्हा दर्ज करने हेतु सम्पन्न कर रहा हूँ। 5. यह कि शपथ-पत्र के पारा 1 से 4 तक लिखी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।यह शपथ-पत्र आज दिनांक- 27 मई 2024 ई0 को रांची कोर्ट परिसर में बनाया।
खोया हुआ उक्त प्रमाण पत्र जिन सज्जन को भी मिले तो कृपया निम्न मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करें
मो. 9833506787

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-4334 दिनांक- 16.04.2024 मैं, फुलवा मुंडा / महावीर मुंडा, पिता - जागो मुंडा, उम्र लगभग 68 वर्ष, आस्था-हिंदू, राष्ट्रीयता भारतीय, निवासी ग्राम-घाघरा, देवरिया, डाकघर- देवरिया बड़गांव, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ (झारखंड) एतत्द्वारा सत्यनिष्ठा से निम्नानुसार पुष्टि और घोषणा करता हूं :-
1. मेरा वास्तविक और सही नाम फुलवा मुंडा है जो मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3207 4679 2751 और CZWPM9127P पर अंकित है।
2. यह कि मेरी यूको बैंक पतरातू शाखा में खाता संख्या 005151 में मेरा नाम महावीर मुंडा बताया गया है, जो मेरा उपनाम है।
3. फुलवा मुंडा और महावीर मुंडा दोनों एक ही व्यक्ति यानी मेरे नाम हैं। यह शपथ पत्र किसी आवश्यक कार्य के लिए प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के लिए आवश्यक है।
उपरोक्त कथन सत्य एवं सही हैं।

# कच्चा बांध में डूबे दो बच्चे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** उगरा मेढो सीमावर्ती क्षेत्र स्थित प्राकृतिक ढोंढा में निर्मित कच्चा बांध में नहाने के दौरान नाबालिक एक बच्चा एवं एक बच्ची की मौत पानी में डूबने हो गयी। जिसकी सूचना मिलते ही प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन घटना स्थल पहुंच घटना का लिया जायजा। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा मेढो सीमावर्ती क्षेत्र के मेढो स्कूल से पश्चिम में प्राकृतिक ढोढा में निर्मित कच्चा बांध में नहाने के दौरान दोनो बच्चों का मौत हो गयी। बताया जाता है कि दोनो बच्चा मवेशी चरवाही करने गये हुए थे। जहां और भी छोटे छोटे बच्चे मौजूद थे। उसी दौरान दोनो बच्चा बांध में नहाने गये और गहरे पानी में चले गये। जिसे डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गयी। वही मृतक का पहचान उगरा टंगरा टोली निवासी बंधना भगत का 9 वर्षीय पुत्र रितेश भगत के रूप में किया गया तथा बच्ची का पहचान गुमला जिला के पूसो थाना क्षेत्र के हरीबरी निवासी रुदना उरांव का 8 वर्षीय पुत्री अनूपा कुमारी के रूप में किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अनूपा कुमारी उगरा टंगरा टोली अपने नानी घर स्वर्गीय सत्यनरायण उरांव के यहां आयी थी और मवेशी चरवाही के लिए गांव के बच्चों के साथ चली गयी थी। ढोढा में बच्चों को डूबने की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू एसआइ मनोज कुमार एएसआइ जमशेद खान दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच बच्चों का शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। इस संदर्भ में बीडीओ का कहना है कि नाबालिग दोनो बच्चों की मौत पानी मे डूबने से हुआ है। जो बहुत ही दुःखद घटना है। साथ ही बताते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार सहयोग प्रदान किया जायेगा। फिलहाल पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया को आरम्भ कर दिया गया है।

# लातेहार में मनरेगा मजदूर की फर्जी आइडी बनाकर करोड़ों का घोटाला

## उपायुक्त को दिया आवेदन, जांच कराने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार ग्राम पंचायत शीशी, प्रखण्ड-लातेहार, जिला-लातेहार में मनरेगा योजना के तहत पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जई एवं बिचौलिया के मिली भगत से बिना काम कराये फर्जी मजदूर आईडी बनाकर करोड़ो रूपया गमन किया गया। सीसी पंचायत के मनरेगा योजना अंतर्गत बिना काम करने वाले मजदूर के नाम से बिचौलिया के माध्यम से पैसा निकाल लिया गया। दूसरा फर्जी मजदूर नाबालिग का भी आईडी और लातेहार जेल में बन्दी था, उन्हें भी मजदूरी दिखाकर उनलोंगो के नाम से राशी चार हजार रुपया निकाल लिया गया है। और पंचायत मोंगर का योजना वर्क कोड बिना काम कराये पंचायत के योजना देखाकर 20 से 25 योजना का पैसा निकाल लिया गया। इस तरह के फर्जी योजना, फर्जी कार्ड, फर्जी मजदूर, फर्जी लाभूक बनाकर महोदया ग्राम शीशी, कल्याणपुर, नावाडीह, बारियातु खालसा गावों के योजना पेपर पर बनाकर फर्जी मजदूर खाता लातेहार शहर के लोगो के व्यक्ति के आईडी बनाकर पैसा निकाला जा रहा है। वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कुल योजना शीशी पंचायत में देखा जाय तो 600 योजना से अधिक पेपर पर मिलेगा पर जमीन पर देखा जाय तो 100 योजना भी नहीं मिलेगा। क्योंकि पुराना योजना को ही देखाकर पैसा निकाला गया है। ये जाँच का विषय है। जिसके नाम पर योजना है वो सिर्फ कागज पर रहता है। लाभूक को पता ही नहीं है कि हमारा नाम पर कोई योजना भी चल रह है इससे बड़ा लूट क्या हो सकता है। सारी बात से अस्पष्ट हो जाता है कि एक बिचौलिया के एक ही घर में 40 योजना पास कागज पर हो जाता है, पर 40 घर में एक भी योजना पास नहीं होता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से आग्रह करते हुए आवेदन देकर पंचायत शीशी में मनरेगा के नाम पर लूट हो रहे है। उसे जांच करते हुए दोषी लोगो पर उचित कारवाई करने कि मांग किया है ताकि गांव के मजदूरो का सही अधिकार मिल सके।

# सरिया लदा ट्रक घाटी में गिरा चालक और खलासी की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया घाटी में अगले सुबह 5:00 बजे रांची की ओर से आ रही सरिया लदा हुआ 12 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर अमझरिया घाटी के खाई में जा गिरा। जिससे घटनास्थल पर ही चालक और उपचालक की मौत हो गई बताया जाता है कि चालक और उपचालक जीजा साला के रिश्ते में लगते थे यह चालक और उपचालक लातेहार के दूरुआ के रहने वाले हैं। घटना बुधवार की पहले सुबह 5:00 की बताई जा रही है सुबह घटना होने के आशंका से लोगों ने बताया कि चालक को आंख लग जाने के कारण यह घटना घाटी है ट्रक लगभग सड़क से 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी है जिससे सरिया और ट्रक के साथ मृतक दो व्यक्तियों को निकालने में चंदवा पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना के कुछ घंटे के बाद चंदवा थाना को घटना होने की सूचना मिली सूचना मिलने के बाद चंदवा थाना के थाना प्रभारी रणधीर कुमार अपने सदर बल के साथ घटना स्थल पर जाकर देखा तो घटना बहुत भयावह थी। तुरंत बाद पुलिस ने क्रेन के माध्यम से सरिया को निकालने का काम शुरू कर दिया गया परंतु 12 घंटे के बाद भी मृत व्यक्तियों के शव को परिजनों को नही सौपा गया था। क्यों कि खाई में गिर जाने के बाद बहुत मस्कत से शव को पुलिस के द्वारा निकाला गया। इधर घटना कि सूचना मिलने के बाद चालक और उपचालक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# पीडीजे की बैठक में नशा के खिलाफ अभियान चलाने का लिया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय के अध्यक्षता में पीडीजे कार्यालय कक्ष में विभिन्न विषयों को लेकर एक जिला स्तरीय बैठक बुलायी गयी। जिसमें उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, सीजीएम कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, व्यवहार न्यायालय निबंधक अमित कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन राजमोहन खलको, पीएचइडी ईई, भवन निर्माण विभाग के एक्सियूटिव इंजीनियर, गवर्नमेंट प्लीडर, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, जिला समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य, मंडल कारा के जेलर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति, विक्टिम कंपनसेशन कमेटी तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये विभिन्न दिशा निर्देशों के आलोक में इस मीटिंग को आहुत किया गया था। इस मीटिंग में पोक्सो केस सहित अन्य केस में गवाहों को खासकर डॉक्टर एवं अनुसंधानकर्ता की अविलंब उपस्थिति को लेकर चर्चा की गयी। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में सदर अस्पताल लोहरदगा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशा- पान के खिलाफ प्रचार प्रसार एवं प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। जेल में बंद गरीब बंदी जो अपना फाइन नहीं दे पाते हैं, उनकी ओर से सरकार के द्वारा फाइन दिए जाने संबंधी गठित एंपावर्ड कमेटी के कार्य करने के रूप- रेखा तैयार की गयी।

# कल्याण गुरुकुल में युवती की संदेहास्पद स्थिति में मौत



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** कल्याण गुरुकुल में एक युवती की मौत की खबर आ रही है। युवती गढ़वा जिला के कदलिया गाँव की रहने वाली बताई जा रही है। युवती का नाम रूपा कुमारी 19वर्ष पिता देव कुमार पासवान के रूप में पहचान हुई। युवती कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षण के लिए पिछले कई महीनो सेअपनी बहन के साथ रह रही थी। घटना की सूचना पाकर गुरुकुल में मनिका पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। खबर लिखे जाने तक मृतीका के परिजन नहीं पहुंचे थे। वहीं प्रशासन बिना परिजन के आये कुछ बताने से इनकार किया है।

# ग्राहक पंचायत ने उपभोक्ता मंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

**उत्पादन लागत से 100 गुना अधिक अंकित किये जा रहे मूल्य से ग्राहक परेशान : डॉ.चन्दन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से बुधवार को उपभोक्ता मामले मंत्री खाध एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय केन्द्र सरकार के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वाले में डॉ. चन्दन कुमार सिंह,अभय कुमार,मिलन शुक्ला शामिल हैं।

सौंपे गए ज्ञापन में एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) की छपाई पर नियम/विधान का अधिनियमन की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि एमआरपी की शुरूआत एक सकारात्मक कदम है, लेकिन कानून इस बारे में कोई दिशा-निर्देश नहीं देती है कि एमआरपी क्या होगी। एमआरपी अपारदर्शी है और उपभोक्ता को एमआरपी कि संरचना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। डॉ चन्दन कुमार सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, एक स्वयंसेवी संगठन है। जो 1974 से ग्राहक जागरूकता, ग्राहक शिक्षा और ग्राहक समस्या के लिए मार्गदर्शन के क्षेत्र में काम कर रही है। ग्राहक पंचायत कार्यक्रम कार्य पूरे भारत के (उत्तर पूर्व राज्यों को छोड़कर) राज्य स्तरीय संगठन और 500 से अधिक जिला स्तरीय पदाधिकारी हैं। हमारा संगठन ग्राहक के अधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन से जुड़ा देश का अग्रणी संगठन है। यह वर्ष हम 'स्वर्ण जयंती वर्ष' मना रहे हैं, और राष्ट्रीय स्तर के विषय को लेकर जागरण कर रहे हैं। एमआरपी के विषय को लेकर सरकार, समाज और सोशल मीडिया के माध्यम से हम कार्य कर रहे हैं। वहीं दिये गये ज्ञापन में कहा है कि भारत साकार ने 1990 में खुदरा बिक्री के लिए रखे जाने वाले उत्पाद की पैकिंग पर कानूनी मेट्रोलॉजी कानून के तहत अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की छपाई अनिवार्य कर दी, जिससे उत्पाद को मुद्रित एमआरपी से अधिक पर बेचना अपराध हो गया। उपभोक्ताओं के हित में एबीजीपी की मांग है कि एमआरपी संरचना निष्पक्ष, पारदर्शी और आसानी से समझी जाने वाली होनी चाहिए। इसके लिए एबीजीपी ने इस पत्र के माध्यम से सरकार से एमआरपी की छपाई के लिए अधिकतम सीमा निर्धारित करने वाले नियम/ अधिनियम/ विधान/ आदेश लाने को कहा है।

दवाओं की उत्पादक लागत (सीओपी) मुद्रित एमआरपी से सौ गुना कम है। निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं, वितरकों, स्टॉकिस्टों, डॉक्टरों की लॉबी के साथ-साथ अन्ततः खुदरा विक्रेताओं से लेकर सभी फार्मास्युटिकल चैनलों द्वारा ग्राहकों को धोखा दिया जाता है और लूटा जाता है।

# सरनाटोली हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा और महाआरती का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा महा आरती का कार्यक्रम सरना टोली हनुमान मंदिर में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष रमेश साहू एवं विशिष्ट अतिथि चंदन गोयल थे। लोहरदगा जिला प्रखंड और नगर में सभी मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ एवं महा आरती का कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में माताएं बहनें राम भक्त शामिल होकर सनातन एकता का परिचय दे रहे। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि 4 जून को लोहरदगा जिला में मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमे सुबह 6:00 बजे सिठियो नदी से कलश लेकर बरवा टोली मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में समापन किया जायेगा। प्रसाद वितरण किया जायेगा। सभी माता बहनों और राम भक्तों से आग्रह होगा कि कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। विशिष्ट अतिथि चंदन गोयल ने कहा कि इस बार 4 जून को कलश यात्रा ऐतिहासिक होगा। जिसमें हजारों की संख्या में माताएं बहने आकर कलश यात्रा में सम्मिलित होंगे। जिन भी माताएं बहने रामभक्त को जाना हो उसकी व्यवस्था बरवा टोली मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर से सिठियो नदी जाने के लिए बस टेंपो इत्यादि की व्यवस्था की गयी है। सचिन कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला में मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर एक पहचान के रूप में विकसित है। दूसरे जिला के लोग जब लोहरदगा आते हैं तो एक बार मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में जाकर माता का आशीर्वाद लेते हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व सत्यम कुमार एवं अशोक कसकर ने की। मंत्र उच्चारण दीपक वर्मा के द्वारा की गयी। कार्यक्रम का संबोधित प्रमोद प्रजापति के द्वारा किया गया।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब का किया जीर्णोद्धार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड अंतर्गत बदला महादेवटोली के ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से गांव मे स्थित तलाब का जीर्णोद्धार किया गया। महादेव टोली के ग्रामीणों ने पूर्व मुखिया एतवा उरांव के नेतृत्व में गांव मे स्थित सैकड़ो वर्ष पुराना तालाब का जीर्णोद्धार किया। नंदलाल महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि बदला पंचायत के महादेव टोली ग्राम में स्थित तलाब काफी पुराना तालाब है। जिसका साफ सफाई के लिये प्रशासनिक पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से गुहार लगाया गया। परंतु आज तक किसी ने तालाब का जीर्णोद्धार के लिये पहल नही किया। काफी पुराना तालाब होने के कारण पानी दूषित हो गया था। तालाब के अगले बगल काफी गंदगी फैल गया था। जिसे ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर आपसी सहयोग से तालाब का साफ सफाई व जीर्णोद्धार किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया एतवा उरांव, नन्दलाल महतो, राजू उरांव, विकास उरांव, चुइया उरांव, जतरु उरांव, सुइरु उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# नहीं शुरू हुआ चोपन-चुनार सवारी ट्रेन का परिचालन, लोग परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन में कोरोना काल में बंद किये गये चोपन चुनार सवारी गाड़ी का परिचालन शुरू नही होने से बरवाडीह में यात्रियों को परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन की ओर आने जाने के लिए कई ट्रेनों के परिचालन हो रहा जिससे इस रेल खंड में लोगो को राहत है। लेकिन चोपन चुनार की और बरवाडीह से जाने वाली यात्रियों की सुविधाजनक चोपन चुनार सवारी गाड़ी का सफल परिचालन किया जाता था। लेकिन कोरोना काल में सभी ट्रेनों की परिचालन बंद कर दिये जाने के साथ बरवाडीह से खुलने वाली चोपन चुनार सवारी गाड़ी का भी परिचालन बंद कर दिया गया था। लेकिन धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने के बाद सभी ट्रेनों का परिचालन भी धीरे धीरे शुरू किया गया लेकिन कोरोना काल खत्म होने के दो वर्ष बाद भी चोपन चुनार सवारी गाड़ी का परिचालन शुरू नही किया गया। कई बार इस ट्रेन का परिचालन पुन शुरू करने की मांग जोर शोर से उठाया गया। यही नहीं पलामू संसदीय क्षेत्र के निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम ने भी रेल मंत्रालय से चोपन चुनार रेल खंड के लोगो की परेशानियों को देखते हुए इस महत्वपूर्ण ट्रेन का परिचालन पुन शुरू करने की मांग किया था लेकिन अब तक इस ट्रेन का परिचालन पुन शुरू नही हो सका। इसके साथ चोपन जंक्शन तक चलने वाली त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को भी कोरोना काल से बंद कर दिया और इसे भी अब तक शुरू नही किया गया है। ऐसे में इन दोनो ट्रेनों का परिचालन पुन शुरू होने की आस अब चुनाव परिणाम आने के बाद पलामू व चतरा के विजय प्राप्त करने वाले विजेता सांसद से रहेगी।

# 34 वर्ष पुरानी सिकनी कोलियरी आज भी विकास के इंतजार में

**मुकेश कुमार सिंह**

**लातेहार।** लातेहार जिला स्थित एक मात्र झारखंड सरकार द्वारा संचालित झारखंड खनिज विकास निगम लिमिटेड सिकनी कोयला परियोजना सन 1990 से चल रहा है। यह कोलियरी का खनन पट्टा प्रथम में 49.5 एकड़ भूमि में खनन कार्य करने के लिए मिला था। वही क्षेत्र में खनन कार्य होने के पश्चात दूसरी बार पुनः 49.5 एकड़ भूमि खनन करने को निगम को दिया गया। उसके बाद भूमि समाप्त हो गयी और भूमि नहीं रहने के कारण सिकनी कोलियरी बंद हो गयी। किसी तरह से तीसरी बार तीसरी बार 125 एकड़ भूमि खनन करने को राज्य सरकार के द्वारा आवंटित किया गया। जिसपर अभी खनन कार्य जारी है। वह भी भूमि अब समाप्ति की ओर है। इधर खनन करने वाले ठेकेदार को अक्टूबर 2024 तक ही समय सीमा है। यदि समय रहते निगम के द्वारा खनन कार्य के लिए टेंडर नहीं किया जाता है। तो फिर से सिकनी कोलियरी बंद होने कि प्रबल संभावना जताई जा रही है।

**निगम की क्या रही है नीति :** अभी वर्तमान में निगम के गलत नीति और ठेकेदार के लापरवाही के कारण महीना में 15 दिन चालू रहता है और 15 दिन बंद रहता है। जिससे यहां से जुड़े लोगों का रोजी-रोटी में सवाल खड़े हो रहे है। इस पर राज्य सरकार का भी




कोई विशेष ध्यान नहीं है। जबकि इस क्षेत्र में कोयला का अकूत भंडार है। यदि सही तरीके से कोलियरी को चलाया जाए तो प्रत्येक दिन हजारों लोगो का रोजगार सही तरीके से चलता रहेगा।

**कोलियरी खुलने से लोगों का विकास बिल्कुल शून्य :** यह कोलियरी लगभग 34 वर्षों से निगम के द्वारा चलाया जा रहा है। परंतु इस क्षेत्र में सीएसआर के तहत कोई कार्य नहीं किया गया है। जैसे शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल कॉलेज चिकित्सा के क्षेत्र में एक अच्छा हॉस्पिटल वहीं मानव जीवन को जीने के लिए स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीण आज तक स्वच्छ पेयजल पीने के लिए भी तरसते हैं। वहीं जानकार बताते हैं कि सिकनी कोलियरी में खनन कार्य होने से जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है। जिससे आसपास के क्षेत्र ग्राम सिकनी, ब्राह्मणी ,सांसग में जल संकट पूरी तरह से है। पीने के लिए भी नल कूप बांध तालाब पूरी तरह सुख ने के कगार पर हैं। जिससे वहां के लोगो को पानी पीने की भी समस्या उत्पन्न हो गई है।

**सीएसआर के तहत मिलने वाली राशि से क्षेत्र के लोगो को कई फायदा नही :** सिकनी कोलियरी के द्वारा जो सीएसआर फंड से कार्य 15 किलोमीटर के रेडियस में करना होता है। झारखंड अलग होने के बाद राज्य सरकार जिला मुख्यालय में डीएमएफटी फंड का स्टोर कराया जाता है। डीएमएफटी फंड से जो प्रभावित क्षेत्र में काम होना चाहिए वह आज तक नहीं किया है। सिकनी कोलियरी के स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारे कोलियरी से जो भी विकास फंड जिला में जमा होता है उसे अन्य जगहों पर खर्च किया जाता है। जबकि प्रभावित क्षेत्रों में यहां तक की प्रखंड के कोई भी क्षेत्र में आज तक ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया है। जिससे चंदवा प्रखंड के लोगों को इसका लाभ मिलता हो।

**सिकनी कोलियरी खुलने से खेती पर प्रभाव :** ग्रामीणों का कहना है कि सिकनी कोलियरी खुलने से हम लोग का रोजगार भी सही ढंग से नही मिल पाया। उसके साथ आसपास के खेत में जो सिंचाई होती थी ग्रामीण खेत में खेती करने पर निर्भर रहते थे। वह भी खत्म हो गया। खनन होने लगा तभी जलस्तर धीरे-धीरे नीचे चला गया। जमीन बंजारा होता चला गया। जिससे खेती भी करना मुश्किल हो गया।

# सरहुल पूजा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** प्रत्येक वर्ष बारिश होने से पूर्व क्षेत्र की खुशहाली, अच्छी बारिश,पैदावार होने के लिए पंचायत स्तर पर होने वाली सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सभी पंचायतों में बारिश होने से पूर्व अलग अलग दिनों में गांव के बैगा पाहन द्वारा सरहुल पूजा का आयोजन किया जाता है। गुरुवार प्रातः बरवाडीह पंचायत स्तरीय सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के छठ नदी किनारे गांव के बैगा भवनाथ सिंह बैगा द्वारा आसपास से जुटे ग्रामीणों की उपस्थिति में सरहुल पूजा किया गया। जिसमें ग्राम देवता के पूजा अर्चना के बाद बलि पूजन का आयोजन किया गया। वही बलि पूजन के बाद प्रसाद सभी लोगो के बीच वितरण किया गया। मौके पर अनिल कुमार चंद्रवंशी, बैजनाथ राम, चुनमुन भगत, लोकनाथ राम, सुबोध कुमार, मुन्ना चंद्रवंशी समेत गढ़वातांड, बाजार, आदर्शनगर के कई ग्रामीण शामिल हुए।

## तीन गाड़ियां आपस में टकरायी, तीन लोग घायल

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना चौक के समीप बुधवार को सुबह लगभग 7:30 बजे रांची सिमडेगा मुख्य पथ ब्लॉक परिसर के समीप भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनो कार में सवार परिवार रांची से छत्तीसगढ़ रायगढ़ जा रही थी। इस दौरान नैनो कार पहले पिकअप सवारी गाड़ी से टकरायी उसके बाद विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर से सीधी भिड़ंत हो गयी। नैनो कार चालक सरोज अली और उसका पूरा परिवार कार में फंस गया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा निकाला गया और बसिया कोनबीर स्थित रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां नैनो कार में सवार सरोज अली उम्र 40 साल, नूरी खातून उम्र 35 साल एवं उनके पुत्र साद अली उम्र 7 साल को गंभीर चोट आने के कारण डॉक्टर के द्वारा रांची रेफर कर दिया गया।

# सोनमेर में टीम ने की बाल मजदूरी की शिकायत की जांच

**बाल मजदूरों के अभिभावकों से पूछ ताछ कर बनायी जा रही है जांच रिपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड के सोनमेर गांव में मनरेगा योजना में बाल मजदूरी कराये जाने को लेकर बीडीओ सुप्रिया भगत ने टीम गठित किया। गठित टीम द्वारा बुधवार को सोनमेर गांव पहुंची। और कार्य स्थल पर जाकर बाल मजदूरी कराये जाने की जांच की। इस जांच टीम में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सूर्यवंशम ठाकुर, मनरेगा बीपीओ हरीश कुमार प्रजापति एवं सहायक अभियंता दिवाकर केसरी शामिल थे। मालूम हो कि विगत एक माह पूर्व सोनमेर गांव में लाभुक दिनेश साहू एवं मनरेगा मेट कमला देवी के द्वारा बाल मजदूरी कराये जाने से सम्बधित मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद बीडीओ सुप्रिया भगत द्वारा यह जांच टीम गठित की गयी। इस जांच टीम के द्वारा जब बाल मजदूर कमलेश खडिया के संबंध में पूछा गया तो मेट कमल देवी ने कहा कि वो विगत 8 दिन से हॉस्टल में है। इसलिये आज नही आ पाया। जबकि बाल मजदूरी करने वाले के पिता ने बेटे से मजदूरी कराने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि उनका बेटा कमलेश आज ट्रैक्टर में काम करने के लिए गया हुआ है।जांच टीम के द्वारा उक्त योजना में मास्टर रॉल में दर्ज मनरेगा मजदूरों से बयान लिया गया। हालांकि उक्त में से अधिकतर बयान देने देने वाले मनरेगा मजदूर बाल मजदूरी होने के समय कार्य स्थल पर अनुपस्थित थे।योजना के मेट कमला देवी के व्यवहार पर जांच टीम के सदस्य द्वारा उन्हें डांटते हुए शांत कराया गया। अन्यथा उंसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।बीडीओ सुप्रिया भगत ने इस संबंध में कहा कि जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही वे इस मामले पर कुछ बयान दे सकेंगी।

**जांच टीम पर धौंस जमा कर जांच प्रभावित करने की भी कोशिश**

जांच टीम जब घटनास्थल पर पहुँची तो लाभुक दिनेश साहू के द्वारा कुम्हारी निवासी ओमप्रकाश साहू को बुलाया गया।ओमप्रकाश साहू द्वारा जाचस्थल पर कहा गया कि इस तरह नही होता है और उनके द्वारा खबर लिखने वाले पत्रकार को धमकाने की कोशिश करते हुए पूरे जांच को प्रभावित करने की कोशिश भी की गयी। जांच के दौरान जांच टीम द्वारा मेट, बाल मजदूरी करने वाले के अभिभावकों से पूछताछ कर उनसे बयान पर हस्ताक्षर लिया गया।जब जांच टीम जांच करने गयी तो लाभुक दिनेश साहू द्वारा पूर्व सूचना के आधार पर नाश्ता पानी की व्यवस्था भी की गई। लेकिन मीडिया के उपस्थिति को देखते हुए नाश्ता करने से इंकार कर दिया गया। इस पूरे जांच के दौरान उन लोगो से बयान लिया गया जिनका नाम तो मनरेगा मास्टर रॉल में दर्ज है पर बाल मजदूरी कराने के दौरान वे कार्यस्थल पर अनुपस्थित थे। अब सवाल उठता है कि जो खुद बाल मजदूरी और फर्जी निकासी में शामिल है वो आरोप लगने के बाद अपनी गलती स्वीकार ही क्यो करेगे। ऐसे भी जांच टीम को बाल मजदूरी करने वाले के बाल मजदूरी करने के वक्त उनके द्वारा दिया गया बयान,मेट के पति जो बिना मास्टर रॉल कार्य करने जगमोहन साहू के कार्यस्थल के बयान से इस्तेफाक नही रखते है।जांच टीम के एक सदस्य का कहना था कि इस तरह का मामला को प्रकाश में नही लाना चाहिए जिससे प्रखंड की बदनामी होती है तो सर जी क्या बाल मजदूरी कराना, फर्जी निकासी कराने पर प्रखंड का नाम रोशन होगा।

इस मौके पर योजना के लाभुक दिनेश साहू, मेट कमला देवी, कुम्हारी निवासी ओमप्रकाश साहू मेट के पति जगमोहन साहू,मास्टर रोल में दर्ज मनरेगा मजदूर आदि उपस्थित थे।

# बॉक्साइट लदे ट्रक ने दुकान को मारी टक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिवंश फोनेक्स दुकान को बॉक्साइट ट्रक की टक्कर में क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही सड़क किनारे खड़े एक माल वाहक पिकअप और बिजली के पोल को भी क्षतिग्रस्त वाहन द्वारा किया गया। घटना की जानकारी बुधवार को देते हुए दुकान के संचालक दीपक गुप्ता ने बताया कि अज्ञात बॉक्साइट वाहन मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि करीब 1 बजे दुकान को टक्कर मार दी। इसके साथ ही ट्रक चालक वाहन को बैक कर भागने की फिराक में एक बिजली पोल और सड़क किनारे खड़े एक मालवाहक पिकअप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन का पीछा करने तक में वाहन फरार हो गया। वहीं दुकान के संचालक ने लाखों रुपए का नुकसान उक्त घटना से बताया। वहीं पुलिस को सूचना रात में दिए जाने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। बता दे की कई बॉक्साइट वाहन धड़ल्ले से इस क्षेत्र में बिना लाइसेंस बने ड्राइवर द्वारा दौड़ाया जाता है। लेकिन इस ओर प्रशासन नजर नहीं देती है। सिर्फ बाइक चेकिंग करने का काम पुलिस करती है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने के ख्याल से नवडीहा के समीप खड़ा किया था जहां से वाहन को जब्त किया गया है।

# बाइक सवार ने कांग्रेस प्रखंड अल्प संख्यक अध्यक्ष को मारी टक्कर, घटना स्थल पर मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पालकोट के कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रखंड अध्यक्ष इरफान की सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना गुमला लोहरदगा रोड स्थित पुराना बस पड़ाव के समीप बुधवार को सुबह 11 बजे घटी। जब इरफान पैदल सड़क पार कर रहे थे। व्यवसायी सह कांग्रेसी नेता पालकोट निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद इरफान मियां उर्फ कारो को केटीएम बाइक सवार हिमेश कुमार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही व्यवसायी की मौत हो गई। घटना के बाद बाइक सवार युवक भी गिरकर घायल हुआ कुछ लोगों ने युवक को दूसरे बाइक में बैठकर घटनास्थल से भगा दिया वहीं स्थानीय लोगों की मदद से व्यवसायी को सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के मुताबिक व्यवसायी पुराना बस डिपो के समीप बाइक खड़ा कर सड़क पार कर एक दुकान में साउंड सिस्टम बनाने जा रहा था बताया जाता है कि वायवसायी का पालकोट में ही जिसान साउंड सिस्टम नमक एक दुकान है। वहीं पुलिस घटनास्थल पहुंचकर केटीएम बाइक को जप्त कर थाना ले आई है। इसके बाद आगे की जांच में जुड़ गई है। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया युवक बाइक काफी तीव्र गति से बाइक चला रहा था जिसके वह नियंत्रण नहीं कर पाया और सड़क पार कर है व्यवसायी को टक्कर मार दी। वही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप चुकी है।

# पालकोट में झारखंड पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गोबरसिल्ली चटान के नीचे काजू बगान में झारखड पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री झारखड सरकार के एनोस एक्का के अध्यक्षता में हुई। कार्यकर्ता सम्मेलन में पालकोट प्रखंड के चौदह पंचायत के कार्यकर्ता शामिल होकर इस बार के विधान सभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाकर कर झारखड विधान सभा भेजने और झारखड पार्टी का मुख्य उद्देश्य जल-जंगल जमीन को रक्षा करते हुए झारखड पार्टी के अस्तित्व को बचाने के लिये हमेशा तैयार रहने की बात कही गयी। कार्यक्रम को सबोंधित करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि आप लोगों का सुख दुख का साथी एनोस एक्का है। आप बताये कि आपके पालकोट में सड़क, बिजली, लोगों को आवास के साथ वृद्धा, विधवा पेंशन कोई आज दिलाने का काम किया है। कोई कुछ नहीं कर सकता है, सिर्फ झारखड पार्टी के ही लोग आपके सुख दुःख में साथ देगें और आपको आगे लेकर जायेंगे। इस लिए आप लोग इस बार कमर कस लें इस बार के विधानसभा चुनाव में झारखड पार्टी के उम्मीदवार को साथ दे और अपने गांव घर का दिशा व दशा को बदलें। इस अवसर पर सैकडो.के संख्या में विभिन्न दलों के लोगों ने पार्टी का दामन थामा जिसे एनोस एक्का ने अपने पार्टी का सिंबल देकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर आतिश सिंह, रोहित साहू, चमरू सिंह, रवि साहू, विकास साहू, लक्ष्मण नायक, महादेव केसरी, उतम साहू, विभव संदेश एक्का, आइरिन एक्का समेत भारी संख्या में झापा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार



**भरनो (आजाद सिपाही)।** युवती को 8 माह तक बंधक बनाकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को भरनो पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। भरनो थाना क्षेत्र की एक 18 वर्षीय आदिवासी युवती को अम्बोवा गांव निवासी महताब आलम ने काम दिलाने के नाम पर रांची में किराए के मकान पर बंधक बनाकर यौन शौषण करता था। किसी तरह युवती भागकर गांव पहुंची और थाना में केस दर्ज कराया। इधर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मौत का अड्डा बनता जा रहा है सदर अस्पताल, डीसी लें एक्शन : भूषण भगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव टीम ने पिछले दिनों सदर अस्पताल गुमला का दौरा किया था और शनिवार को प्रसव के बाद बिल्डिंग्स के कारण उषा देवी सिसई निवासी की मृत्यु हो गयी थी। मिशन बदलाव ने परिजनों से मुलाकात भी किया गया था। जिसमें उषा देवी के परिजनों ने सदर अस्पताल गुमला में होने वाली लापरवाही को लेकर बताया कि प्रसव के बाद सदर अस्पताल में एडमिट मरीज को देखने के लिए कोई डॉक्टर मौजूद नही था। डॉक्टर दोपहर का लंच का बहाना बनाकर एडमिट होने के बाद दुबारा नहीं आये। परिजनों ने डॉक्टर डॉक्टर बोलके के कई बार विनंती कि लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ। क्योंकि डॉक्टर ड्यूटी से नदारद थे। महिला की मृत्यु होने के बाद मामलों के रफा दफा के लिए कोई महिला चिकित्सक आयी। उषा की मृत्यु के बाद परिजनों ने बताया कि रक्त स्राव को डॉक्टर के रहते रोका जा सकता था अगर डॉक्टर मौजूद रहके सही मार्गदर्शन उपस्थित नर्स को दिया जाता। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया कि आज कल आए दिन गुमला के एक मात्र सदर अस्पताल इन दिनों मौत का अड्डा बन बन गया है। सदर अस्पताल के चिकित्सक केवल प्राइवेट प्रैक्टिस कर गाढ़ी कमायी करने में मशगुल है। उपायुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में जिला बिनोद साहू, प्रदीप वर्मा, विनय गोप, ज्योति वर्मा, सुशील इंदवार, अनंत कुमार, विकास कुमार उपस्थित थे।

# विशप लिनुस पिंगल एक्का पहुंचे पैतृक गांव, नाच-गान के साथ हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर।** गुमला धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष विशप लिनुस पिंगल एक्का बुधवार को अपने पैतृक गांव बुकमा पहुंचे। विशप बनने के बाद पहली बार गाँव आने पर क्षेत्र के इसाई भाईचारे के हजारों की संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनका पारंपरिक तरीके से नृत्य मंडली के द्वरा नाच गाना के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विशप लिनुस पिंगल एक्का ने ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रगट किया। बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने अपने माता-पिता को विश्वास और बुलाहट में आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पुरोहित सेवा कार्य के लिए बनते हैं। अतः उन्हें अपने प्रभु के कामों को करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने युवाओं विद्यार्थियों से पढ़ाई पर ध्यान देते हुए अच्छे शिक्षा प्राप्त करने की बात कही। आज के समय में युवा नशा आदि के चपेट में आकर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं उन्होंने युवाओं से खास अपील करते हुए कहा कि नशा से दूर होकर अच्छी शिक्षा पाकर आप अपने परिवार गांव और समाज का नाम रोशन करें। शिक्षित व्यक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से भी.जी फादर इमानुएल कुजूर, फा. जेफ्रीनुस तिर्की, चैनपुर डीन फा. जेबीरयानुस किंडो, आलोक एक्का, पवन लकड़ा, अमित तिर्की, बिनलवा मिंज, रेमिश टोप्पो, मारियानुस टोप्पो, सिपरियन कुल्लू, राजेन्द्र तिर्की, कुलदीप खलखो, अरविंद कुजूर, नवीन सहित कई पुरोहित उपस्थित थे।

# मिर्गी और एनीमिया की जांच-उपचार के लिए शिविर की तैयारी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** आगामी 31 मई 2024 को मिर्गी एवं एनीमिया बीमारी की जांच उपचार एवं दवा वितरण हेतु होने वाली शिविर की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुशल एक्का, बीपीआरओ शंकर साहू, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, अशोक कुमार दाल भात केंद्र घाघरा संचालिका मौजूद थे। बैठक में आगामी 31 मई 2024 दिन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में मिर्गी एवं एनीमिया बीमारी की जांच उपचार एवं दवा वितरण हेतु होने वाली शिविर के बारे में गंभीरता पूर्वक चर्चा की गयी। शिविर का सफल संचालन करने के लिए प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। भारी से भारी संख्या में लोग उक्त शिविर में आकर जांच एवं उपचार का लाभ उठा सके। जिसके लिए सभी पंचायत के पंचायत सेवक, आंगनवाड़ी का सेविका, स्वास्थ्य सहिया को अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दाल भात केंद्र के संचालिका सूरजमुखी महिला मंडल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिसर में 31 मई को दाल भात केंद्र संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि शिविर में आने वाले व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि 31 को आयोजित होने वाली मिर्गी एवं एनीमिया जांच एवं उपचार शिविर में दिल्ली एम्स के डडॉक्टर ममता भूषण सिंह एमडी डीएम, न्यूरोलॉजि, एम्स दिल्ली एवं उनके चार डॉक्टर के टीम द्वारा मिर्गी एवं एनीमिया बीमारी की जांच एवं उपचार किया जायेगा। वहीं उपस्थित प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी पंचायत के पंचायत सेवक सहित सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्यों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## 77 वां बाइबल क्लास का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के जारी प्रखंड के सकतार गांव के जेएलइ चर्च में 77 वां बाइबल क्लास का मंगलवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक, बिशप लोलस मिंज, जी एस एन बारला, उत्तरी दक्षिणी रांची के एस एन बारला, जे एन चर्च रांची से पादरी विनोद बारवा, पारिस गुमला के पादरी आनंद भगत, चैनपुर क्षेत्र के प्रचारक पादरी राजकुमारी बारवा उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि दिलीप बड़ाइक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा ईसाई मिशनरी द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर कई प्रकार के कार्यक्रम किया जा रहे हैं जो सराहनीय है मेरी ओर से सामाजिक हित में जो भी कार्य होगा उसमें मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# एपिलेप्सी के मरीजों के लिए निःशुल्क जांच शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल एवं दिशा निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग गुमला के द्वारा प्रोजेक्ट आशा फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टीशन के तहत मिर्गी के मरीजों के लिए तीन दिवसीय निः शुल्क जांच एवं इलाज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत बुधवार से की गयी है। बुधवार को उक्त शिविर का आयोजन सीएचसी डुमरी में किया गया। जिसमें स्थानीय मरीजों सहित नजदीकी जिलों के मरीज भी इस शिविर में पहुंचे एवं अपना निः शुल्क जांच व इलाज करवाया। यह शिविर कल दिनांक 30 मई को रेफरल अस्पताल बसिया में एवं 31 मई को सीएचसी घाघरा में भी आयोजित की जायगी। शिविर में एम्स नयी दिल्ली के न्यूरोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ ममता भूषण सिंह (एमडी डीएम न्यूरोलॉजी) एवं उनकी टीम के द्वारा मरीजों की जाँच की जा रही है। जांच उपरांत निः शुल्क दवा एवं काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**मिर्गी एक बीमारी है जिससे भयभीत होने की आवश्यकता नहीं : उपायुक्त :** मिर्गी के मरीजों के इलाज तथा जांच हेतु डुमरी प्रखंड में आयोजित कैंप का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जिले के मुख्य रूप से सुदूरवर्ती क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को मिर्गी की बीमारी के विषय में जानकारी नहीं होने के कारण ग्रामीण अक्सर मिर्गी के मरीजों से भयभीत हो जाते हैं अथवा उन्हें अंधविश्वास से जोड़कर उन्हें झाड़फुंक के लिए ले जाते है, जिस कारण मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पाता है एवं मरीज कभी ठीक नहीं हो पाते हैं एवं कई बार अंधविश्वास के कारण मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है। इसका एक और मुख्य कारण यह भी है कि मरीजों तथा उनके परिवार जनों को नजदीक में इलाज या इलाज से जुड़े जानकारी नहीं होने के कारण भी मिर्गी के मरीज बेहतर इलाज से वंचित रह जाते हैं, जिसे देखते हुए गुमला जिला में मिर्गी के मरीजों के लिए लगातार निः शुल्क जांच एवं इलाज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के कैंप का आयोजन करने का सिलसिला जारी रहेगा।

**प्रोजेक्ट आशा के तहत एपिलेप्सी कैंप का आयोजन : एसीएमओ**

कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि गुमला जिले में प्रोजेक्ट आशा के तहत एपिलेप्सी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस बार जिले के 3 प्रखंडों में 31 मई तक एपिलेप्सी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न केवल गुमला बल्कि गुमला के नजदीकी जिलों से भी संपर्क स्थापित किया गया है एवं वहां के भी मरीजों का निः शुल्क जांच व इलाज किया जा रहा है।

## कुआं में गिरने से मजदूर घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआडीह निवासी 32 वर्षीय युवक सचिन टोप्पो बंधवा गांव में मनरेगा के तहत बन रहे कुएं में चक्कर खाकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। काम करने के दौरान करीब 20 फीट नीचे वह सिर के बल पत्थर में गिर गया। जानकारी के मुताबिक बंदुआ गांव में मनरेगा के तहत कुआं निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मजदूर मजदूरी करने गया हुआ था। दिनभर तपती धूप में उसने काम किया। मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे उसे अचानक चक्कर आ गया।

## माता मरियम हमारी आदर्श मां, उनसे प्रेरणा लें : जोसिमा खाखा



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि माता मरियम हमारी आदर्श मां है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लें और हम भी माता मरियम की तरह अपने बच्चों का लालन पालन करें। जोसिमा खाखा पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा भीखाटोली गांव में आयोजित जेठ जतरा सह मरिया प्रोशेसन कार्यक्रम में बोल रही थी। मौके पर पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश डुंगडुंग और फा लाजरुश मिंज द्वारा मिस्?सा बलिदान चढ़ाया गया। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के खुशहाली एवं विकास के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि हम सभी अपने धर्म की रक्षा करने के लिए एकजूट रहना है। प्रतिदिन प्रार्थना करने में समय गुजारें। उन्होंने कहा कि असहाय एवं गरीबों की सेवा करें। गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा की ईश्वर की सच्ची सेवा है।

# जनता कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें गड़बड़ी होने पर करें शिकायत: कमलेश

## सभी निमार्णाधीन व कार्य पूर्ण हुई सड़कों की गुणवत्ता की जांच करें अभियंता

**सड़क निर्माण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र की कुछ सड़कों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिलने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि काफी मेहनत के बाद सड़कों को स्वीकृति मिलती है। निविदा डालने का सभी को अधिकार है। काम किसे मिला उससे उन्हें कोई लेना देना नहीं है। मगर काम जिस ठेकेदार को मिला है, उन्हें हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में लीपा पोती नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि बल्डीहरी गाजीबिहरा सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने पहले भी विभागीय अभियंताओं को चेतावनी दी है। हुसैनाबाद-हरिहरगंज क्षेत्र में बन रही सभी सड़कों की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों को भी ध्यान देने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि उनके इलाके में जितनी भी सड़के बन रही हैं, उस सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को विभाग बिना गहन जांच भुगतान नहीं करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता कर भुगतान करने वाले अभियंताओं के खिलाफ भी वह संबंधित विभागों के सचिवों को पत्र लिख कर सड़कों की गुणवत्ता की जांच करा कर दोषी अभियंता व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। साथ ही आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के माध्यम से रखेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यादेश के बाद भी जो ठेकेदार काम शुरू नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्रवाई करें या खुद कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति होंगे विकास कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अच्छा कार्य नहीं करने वाले संवेदकों को ब्लैक लिस्ट करने की भी कार्रवाई कराई जाएगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पलामू में एयर फोर्स ने अग्निवीर वायु म्यूजिशियन के लिए मांगा आवेदन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीर वायू (म्यूजिशियन) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पांच जून तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए इंडियन एयर फोर्स की ऑफिसियल वेबसाइट अग्निपथपायु.सीडीएसी.इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद केवल रजिस्टर्ड उम्मीदवारों को ही प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा। इसे लेकर रैली स्थान पर पहुंचना होगा। रैली का आयोजन तीन से 12 जुलाई के बीच 3 एएससी एयरफोर्स स्टेशन कानपुर और 7 एएससी बेंगलुरुमें किया जायेगा। इन पदों के लिए वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जो अविवाहित हैं और उम्मीदवार ने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं की परीक्षा में सफलता पायी हो। उम्मीदवारों को म्यूजिक की समझ होनी चाहिए। उम्मीदवारों को टेंपो, पिच और गायन में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता होनी चाहिए। इसी के साथ उम्मीदवारों को वाद्य यंत्र का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। साथ ही उम्मीदवारों को फ्लूटयनी बांसुरी, पिकोलो, ओबो, शहनाई आदि की समझ होनी चाहिए।

### हुसैनाबाद के नये डाक निरीक्षक ने किया योगदान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला मुख्य डाकघर में हुसैनाबाद के नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने योगदान किया। इसके पूर्व वे डाक निरीक्षक पूर्वी धनबाद के पद पर कार्यरत थे। यहां के पूर्व डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता का जमशेदपुर ट्रांसफर हो जाने के कारण यह पद रिक्त था। नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार के आगमन पर सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया। जिनमें उप डाक पाल रंजीत राम, अरविन्द ओझा, रवि कुमार, अमित कुमार सिंह अधिदर्शक, पप्पू प्रसाद, संतोष टुडू, अभिषेक प्रभाकर, देवेंद्र नाथ गुप्ता, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, रविकांत सिंह, सुधीर ठाकुर आदि शामिल थे।

### मासिक धर्म कोई बीमारी या पाप नहीं : रितु अग्रवाल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा के तत्वावधान में बुधवार को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर रानी बाजार राजेंद्र नगर में एक सादा समारोह आयोजित माहवारी के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष रितू अग्रवाल ने महिलाओं को मासिक धर्म पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ सुथरे कपड़े व नैपकिन का उपयोग करना चाहिए। मासिक धर्म कोई बीमारी या पाप नहीं है। इसके पूर्व जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों के बीच वस्त्र एवं नैपकिन वितरण किया गया। मौके पर मारवाड़ी महिला समिति की प्रियंका चौधरी, कविता अग्रवाल, राखी चौधरी, पूनम अग्रवाल,दीपा अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

## गौ यज्ञ में शामिल हुए विधायक डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता



29 पलामू-2

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड अंतर्गत सोरठ के तुरियादोहार में पांच दिवसीय धेनु धरती, कृषि कल्याण वैदिक महायंज्ञ 24 से 28 मई तक आयोजित हो रहा है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए। यज्ञ कमेटी के लोगों ने विधायक को फूल माला और चुनरी देकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने विशाल भंडारे का शुरूवात किया। विधायक ने कहा कि सनातन धर्म में गौ रक्षा को भारत के सभी महापुरुषो ने श्रेष्ठ एवं सर्वोत्तम बताया है। गौ रक्षा एवं गौ पालन करना मनुष्य मात्र का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गाय का दूध व घी शीतकाल में अमृत तुल्य है। अर्थराइटिस, गठिया, अरुचि, विषम ज्वर, मोटापा, बवासीर सृजन, खांसी आदि रोगों को दूर करने में समर्थ है। गाय के दूध में केरोटीन नामक पीला पदार्थ होता है जो स्वर्ण अंश माना जाता है और आंखों कि रौशनी बढ़ाती है। विधायक ने गौशाला खोले जाने को लेकर संस्थापक डॉ अवधेश कुमार और देवव्रत की सराहना की। वहीं, महंत गोपालचार्य जी महाराज एवं गौ कथावचक श्रीश्री 108 पंडित रविरंजन प्रभु जी महाराज द्वारा पांच दिनों तक रात्रि में प्रवचन किया गया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, हरिद्वार महतो, डॉ अवधेश कुमार, देवव्रत कुमार, ताल मुखिया अनीता लोहरा, विजय ठाकुर, बृजनंदन राम, डॉ कार्तिक कुमार, द्वारिका महतो, अलोक सोनी, अनूप सोनी, धर्मेंद्र कुमार, अपटेश कुमार, अमरेश राम, मोहन कुमार, प्रवीण कुमार, शिवशंकर यादव, उदय राम, राजीव रंजन सिंह, मनोज महतो आदि उपस्थित थे।

## पलामू में आफत की गर्मी, पारा पहुंचा 47.8 डिग्री

### लोग अभी भी सतर्क हों और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगायें : कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में इन दिनों भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुहाल है। पिछले कई दशकों का रिकॉर्ड भी इस वर्ष टूटने की कगार पर है। लगातार दूसरे दिन बुधवार को पलामू का तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बतातें चलें कि मंगलवार को यहां का तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। साल 1978 के बाद 28 और 29 मई 2024 को पलामू सबसे अधिक तापमान के आंकड़े के रिकॉर्ड पर पहुंच गया। पूरे झारखंड में बुधवार को पलामू में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी से पलामू इलाके में जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह 10 बजे के बाद से ही सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। पलामू में इस तरह की काफी लंबे अरसे के बाद देखने को मिल रहा है। जानकारों की मानें तो इस तरह की पिछले कई दशकों में इस देखने को मिल रही है। इस तपती गर्मी से आम लोगों का तो जीना दुभर है ही पशु-पक्षियों के लिए यह एक बड़ी समय बनते जा रही है। पलामू के लगभग वाटर रिसोर्सेज सूख गए हैं। यहां की लाइफ लाइन कोयल नदी पूरी तरह से सूख गई है। अब लोगों के बीच जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने बताया कि जंगल में पेड़-पौधों का कम होना बढ़ते तापमान का सबसे बड़ा कारण है। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही रिकॉर्ड तापमान से लोगों को सीख लेना चाहिए और पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी नहीं सचेत हुए तो आने वाले वक्त में स्थिति और भयावह होगी। हमने इसी को ध्यान में रखते हुए पेड़ पौधे बचाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चला रहे हैं उसके बाद भी लोगों को समझ में नहीं आ रहा।

### पीटीआर के इलाके में जारी हुआ हाइ अलर्ट

भीषण गर्मी को देखते हुए पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में भी अलर्ट जारी किया गया है। जल स्रोत और उसके आसपास निगरानी रखी जा रही है। वन्य जीव और उनके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। पलामू टाइगर रिजर्व के कुमार आशुतोष ने बताया कि सोलर सिस्टम से वन्य जीवों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## हमारा परिवार ज्योति के प्रकाश से रोशन रहा है : आनंद शंकर

**साहित्य, संगीत एवं शिक्षा के संगम का दूसरा नाम ज्योति प्रकाश था**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के चर्चित समाजसेवी स्व ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में उनके परिवार के सदस्यों, गणमान्य लोगों व कॉलेज के शिक्षक-छात्राओं की उपस्थिति में बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर स्व ज्योति प्रकाश जी की पत्नी द्रौपदी देवी ने माल्यार्पण कर नमन किया। संस्था के अध्यक्ष एवं स्व ज्योति प्रकाश के बड़े पुत्र आनंद शंकर ने अपने पिता के बारे में कहा कि उनके पिता समाज के लिए सदैव समर्पित रहे। समाज को जहां भी जिस चीज की आवश्यकता हुई उसे पूरा करने का यथासंभव प्रयास किया। मुझे अपने पिता पर गर्व है। जब समाज में टीवी की बीमारी से लोग मरा करते थे, टीवी को छुआछूत की बीमारी समझते थे उस वक्त उन्होंने सदर अस्पताल में अपनी ओर से ज्योति प्रकाश टीवी वार्ड का निर्माण करा कर समाज को समर्पित किया था। आनंद शंकर ने बताया कि जब पूरे भारत में सिनेमा के अलावा इंटरटेनमेंट का दूसरा कोई साधन नहीं हुआ करता था उस वक्त एकीकृत बिहार में दो सिनेमा हॉल था पटना में रीजेंट और रांची में रूपपाश्री। तीसरा हमारे पिताजी स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने डाल्टनगंज जैसे छोटे जगह में मोहन सिनेमा हॉल बनाकर समाज को समर्पित किया। यही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में छात्र कॉमर्स की पढ़ाई करने के लिए रांची, पटना जाया करते थे। उस वक्त ज्योति प्रकाश जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना की जहां आज हजारों छात्र कॉमर्स के साथ कई विषय की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने छोटे बच्चों के शिक्षा के लिए आनंद शंकर रोटरी स्कूल की स्थापना भी की। हमारे पिता द्वारा मेरे छोटे भाई के नाम से थाना रोड स्थित ज्ञान शंकर दुर्गा मंडप का निर्माण करा कर समाज को समर्पित किया। उन्होंने उस वक्त डाल्टनगंज जैसे पिछड़े जगह में शास्त्रीय संगीत की हस्तियां पदम श्री बिस्मिल्लाह खान, पद्मश्री कृष्ण महाराज, पद्मश्री रिजा देवी, पद्मश्री दोदाई महाराज, पद्मश्री रवि शंकर, पद्मश्री सितारा देवी, पद्मश्री शोभा गुड्डू, कबीर बेदी की पत्नी प्रतिमा बेदी, अभिनेता गोविंदा की मां निर्मला अरुण जी को कई बार डाल्टनगंज में बुलाकर यहां के लोगों को सुनने का अवसर दिया। बताया कि उनके पिता एक कुशल व्यवसायी के अलावे एक अच्छे साहित्यकार भी थे जिनकी लिखी हुई किताब आज भी रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा स्थापित शांतिनिकेतन में चलती है। आज हमारा परिवार उनके ज्योति के प्रकाश से रोशन है। हम उन्हें शत-शत नमन करते हैं। इस मौके पर ज्ञान शंकर, पुत्रवधू नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, पौत्र आकर्ष आनंद, पौत्र वधु शिवानी आनंद, कॉलेज की प्रिंसिपल अनुपमा गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत राम, रिंकू दूबे, सुधांशु शेखर, अरविंद अग्रवाल, भूपेंद्र होरा, पुनीत सिंह, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## एमकेडीएमवी में चल रहे एनसीसी शिविर में दिया गया शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डालटेनगंज एमकेडीएमवी पब्लिक स्कूल में 22 से 31 मई तक आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी शिविर में बुधवार को 9वें दिन कैडेट्स को शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दिन प्रातः 6 से 7 बजे तक कैडेट्स को ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, सामाजिक जागृति सोशल अवेयरनेस का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद नौ बजे से 12.40 बजे तक विभिन्न विषयों से संबंधित कक्षाएं चली। चार से पांच बजे तक गेम्स, परेड किया गया। मार्च पास्ट का प्रशिक्षण कैडेट्स को अलग-अलग दलों में बांट कर दिया गया। जिसमें इसकी बारीकियों पर ध्यान आकर्षित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने बताया कि यह शिविर एनसीसी झारखंड 44वीं बटालियन पलामू के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी की देखरेख में आयोजित है। कर्नल मुखर्जी के सभी सहयोगी पूर्ण समर्पण एवं मनोयोग पूर्वक अहर्निश कैडेट्स के साथ रहते हैं। उन्हें हर पल, हर संभव सहयोग एवं उचित निर्देश प्रदान कर शिविर के उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ खान ने कहा कि यहां से प्रशिक्षित 517 कैडेट्स 396 बालक एवं 121 बालिका अन्य विषयों के साथ-साथ अनुशासन, देश सेवा एवं समर्पण का प्रशिक्षण प्राप्त कर उसे अपने जीवन, व्यवहार, आचरण, समाज एवं कक्षा-कक्षों तक ले जाएंगे। ये कैडेट्स पूर्ण रूपेण परिपक्व और देश को समर्पित युवा के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व निभाएंगे। डॉ खान ने कहा कि कैडेट्स को भारतीय सेना के तीनों अंगों में भर्ती के समय उचित अधिभार एवं प्राथमिकता मिलती है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। इसके बिना कोई भी ऑनलाइन परीक्षा में नहीं बैठ सकता है। वहीं, प्राचार्य ने बताया कि शिविर में कुल आठ विद्यालयों महाविद्यालय के कैडेट्स सर्टिफिकेट ए, बी एवं सी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें जीएलए कॉलेज, जेएस कॉलेज, वाईएसएन कॉलेज डाल्टनगंज तथा सर्टिफिकेट ए के लिए प्रशिक्षु विद्यालय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, गिरवर इंटर कॉलेज, ब्राह्मण विद्यालय, जिला स्कूल पलामू एवं इंटर कॉलेज बालूमाथ के कैडेट्स सम्मिलित हैं। इसे सफल बनाने में सूबेदार मेजर मन्ना उरांव, दिलीप कुमार साहनी, तरुणी सेन नायक, विमलेश सिंह, नायब सूबेदार बिरसा उरांव, हवलदार लाल पूर्ति, पवन कुमार, स्वर्णजीत सिंह, रमेश कुमार, विजय धनवार, अमरनाथ मुंडा, राजू मुंडा, ज्योति मुंडा, ज्योति मोहन, जेबियल कुजूर आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# स्पोर्ट्स



भारतीय गैंडमास्टर डी गुकेश और वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच की भारत मेजबानी कर सकता है। एआइसीएफ ने नवंबर-दिसंबर महीने में होने वाले इस मुकाबले को होस्ट करने के लिए विड किया है।

## गुकेश-लिरेन के वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच की मेजबानी करेगा भारत

**एफआइडीइ ने कहा- हमें भारत से मिली है विड**



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच की मेजबानी भारत कर सकता है। ऑल इंडिया चेस फेडरेशन (एआइसीएफ) ने नवंबर-दिसंबर महीने में होने वाले इस मुकाबले को होस्ट करने के लिए विड किया है। यह विड तमिलनाडु सरकार की ओर से समिट की गई है। एफआइडीइ के सीइओ एमिल सितोवस्की ने एजेंसी पीटीआइ को बताया कि हमें भारत की ओर से विड मिली है। भारत के अलावा अब तक किसी और देश ने विड नहीं किया है। विडिंग की आखिरी डेट 31 मई है। यदि एफआइडीइ को अगले 2 दिनों में किसी देश से विड प्राप्त नहीं होती है, तो भारत की दावेदारी तय हो जाएगी। सितोवस्की ने कहा कि 'अभी तक किसी अन्य देश ने बोली नहीं लगाई है, लेकिन समय सीमा इस हफ्ते के अंत तक है। उसके बाद अगले सप्ताह एफआइडीइ परिषद की बैठक होगी। इसके बाद तय प्रक्रिया का पालन किया करते हुए हम मेजबानी के अधिकार के बारे में फैसला करेंगे। अगर एफआइडीइ बोली जीतता है, तो उसे करीब 71 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। बतातें चलें कि 17 साल के गुकेश ने पिछले महीने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीता था। वे ऐसा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश से पहले रूसी खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने 1984 में सबसे कम उम्र 22 साल में यह टूनामेंट जीता था। वहीं, गुकेश यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था। तब उनकी उम्र 26 साल थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा कि 'बहुत खुशी हो रही है। मैंने अपने सहयोगी ग्रिगोरी गैजेव्स्की के साथ के साथ मिलकर काफी तैयारी की थी। इससे मदद मिली। गुकेश ने पिछले साल चीन के हांग्जो एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। 2015 में गुकेश एशियाई स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-9 का खिताब जीतने के साथ कैंडिडेट मास्टर बने थे। गुकेश ने अब तक 5 गोल्ड एशियाई यूथ चैंपियनशिप जीती हैं। 2019 में वे भारत के सबसे युवा और वर्ल्ड के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने थे।

### कौन हैं डी गुकेश

गुकेश डी का पूरा नाम डोमाराजू गुकेश है और वे चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी। नागैया इंटरनेशनल स्तर के चेस खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलोजिस्ट हैं।

## भारतीय बास्केटबॉल संघ के मुख्य प्रशिक्षक बने जेपी सिंह

**तीन दिवसीय 24वां झारखंड स्टेट यूथ बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सेक्टर-4 स्थित एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 24वां झारखंड स्टेट यूथ बास्केटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में शशि भूषण मोहंती द्रोणाचार्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह याद रखना ही महत्वपूर्ण है कि जीत और हार खेल का केवल एक हिस्सा है। खेल का आनंद लें और अनुसाशन के साथ अच्छा खेलें। अंतर्राष्ट्रीय कोच जेपी सिंह ने कहा कि आपका हौसला आपकी तकनीक आपका प्रशिक्षण आपको विजेता टीम बनाए रखने में मदद करती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत जरूरी हैं। साथ ही, यह हमारी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कारक है। इसके अलावा, खेल का लक्ष्य मानसिक, नैतिक और शारीरिक विकास का सर्वांगीण विकास करना। फाइंनल में बालक टीम बीएसए और जेबीए के बीच मुकाबला रहा जिसमें ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन विजेता रहा। वहीं, बालिका में आरबीए और इएहडीबीए के बीच मुकाबला रहा। जिसमें ईस्ट सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन बालिका टीम विजेता रही। सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भारतीय बास्केटबॉल संघ के मुख्य कोच ने कहा कि जो खिलाड़ी लक्ष्य के साथ सही मार्गदर्शन में परिश्रम करता है वो अपनी मंजिल तक अवश्य पहुंचता है। उन्होंने बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव एवं उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए ढेरों बधाई दी। वहीं, खिलाड़ियों के विजेता और उप विजेता टीम के बीच शशि भूषण मोंहती द्रोणाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, जेपी सिंह भारतीय बास्केटबॉल संघ के मुख्य प्रशिक्षक बने। बालक वर्ग में फाइनल बोकारो स्पोर्ट्स एसोसिएशन और जमशेदपुर बास्केटबाल एसोसिएशन के बीच खेला गया जिसमें जमशेदपुर ने बोकारो को 42/32 अंक से पराजातित कर खिताब पे अपना कब्जा किया। सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भारतीय बास्केटबॉल संघ के मुख्य कोच ने कहा कि जो खिलाड़ी लक्ष्य के साथ सही मार्गदर्शन में परिश्रम करता है वो अपनी मंजिल तक अवश्य पहुचता है।

# काउंटिंग हॉल में मोबाइल और खाद्य पदार्थ ले जाने पर पाबंदी

## चार जून की सुबह 6.30 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम, आठ बजे से काउंटिंग शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कृषि बाजार समिति में आगामी चार जून की सुबह 6.30 बजे काउंटिंग एजेंट के सामने धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया, बोकारो और चंदनकियारी के स्ट्रांग रूम खोलने की प्रक्रिया शुरू होगी। सुबह आठ बजे से काउंटिंग शुरू होगी। काउंटिंग हाल में मोबाइल फोन और खाद्य पदार्थ ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने दी। वे बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करती डीसी माधवी मिश्रा।

हुई बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि काउंटिंग में धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया तथा चंदनकियारी के लिए 20-20 और बोकारो के लिए 24 टेबल होंगे। पोस्टल बैलट की काउंटिंग 40 टेबल पर की जाएगी। सभी अभ्यर्थी काउंटिंग एजेंट की सूची एक जून की शाम पांच बजे तक जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। जिसमें एजेंट कौन विधानसभा के किस टेबल पर रहेंगे, का उल्लेख भी करना होगा। दो जून को प्राप्त सूची के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा फोटो युक्त महचान पक्ष जारी किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पोस्टल बैलट के लिए पुराने समाहरणालय के ट्रेजरी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। चार जून की सुबह छह बजे ट्रेजरी से काउंटिंग एजेंट के सामने मेजिस्ट्रेट, पुलिस फोर्स के साथ जीपीएस लगे वाहन में पोस्टल बैलेट कृषि बाजार समिति लाए जाएंगे। काउंटिंग के दौरान धनबाद, झरिया व निरसा के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर के थवसीलन और सिंदरी, बोकारो व चंदनकियारी के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर डीजे वसावा मौजूद रहेंगे। वहीं हर काउंटिंग टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे। प्रत्येक राउंड की गिनती की इनकोर पर ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। डीसी ने काउंटिंग के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया। बैठक में आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, भाजपा के प्रतिनिधि नरेंद्र त्रिवेदी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

# गिरिडीह के चिकित्सक डॉ अमित गोंड का निधन

**प्रेनक्रियाज से थे ग्रसित, हैदराबाद में चल रहा था इलाज, कई दिनों से वेंटिलेशन पर थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** दूसरो को जिंदगी देने वाले गिरिडीह के प्रसिद्ध युवा सर्जन डॉक्टर अमित गौंड खुद अपनी जिदंगी की जंग हार गए। बुधवार अहले सुबह हैदराबाद में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। 42 वर्षीय डॉक्टर अमित गौंड पिछ्ले कई दिनों से पेनक्रियाज संक्रमण से ग्रसित थ। उनका इलाज हैदराबाद एआइजी



अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान अचानक देर रात उनकी तबियत अधिक बिगड़ गई और बुधवार अहले सुबह उनका निधन हो गया। डॉ अमित गोंड गिरिडीह के एक युवा और झारखंड स्तर पर तेजी से उभरते हुए अच्छे सर्जन थे। कई गरीबों का वे नियमित निःशुल्क इलाज किया करते थे। शहर के बस स्टैंड के पास उनके नवनिर्मित नर्सिंग होम मर्सी हॉस्पिटल का उद्घाटन एक जून को होने वाला था। उनके निधन पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, राजकुमार राज, दिनेश यादव, रंजीत राय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ रेडक्रॉस सोसायटी, चेंबर ऑफ कॉमर्स, आईएमए के पदाधिकारियों आदि ने शोक व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि उनके आकस्मिक निधन से गिरिडीह को चिकित्सा क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है।

# मेगा टिकट जांच अभियान में 2059 यात्री पकड़ाये, वसूला गया 11 लाख का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में 24 घंटे गहन टिकट जांच की गयी। इसमें कुल 2059 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 10 लाख 97 हजार 430 रुपये बतौर जुर्माना राशि वसूली गयी। जांच अभियान में 189 टिकट जांच कर्मियों को लगाया



गया था। अधिकारियों ने बताया कि धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तऔर भविष्य में भी यह जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है, ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें।

# डीसी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने बुधवार को कृषि बाजार समिति में विधानसभावार बनाए गए मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक जाने वाले मार्ग, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा, फायर सेफ्टी, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अलग-अलग स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल, टेबल नंबर इत्यादि के लिए साइन बोर्ड लगाने, स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक जाने वाले मार्ग पर शेड बनाने, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा मतगणना के लिए चयनित कर्मियों का अपोइंटमेंट लेटर शीघ्र जारी करने का निर्देश दिया। मौके पर आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

# बोकारो का सेल स्टील प्लांट 'कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित

## भुवनेश्वर में आठ जून को कार्यक्रम आयोजित कर दिया जायेगा सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरूआत में बोकारो स्टील प्लांट ने 'पर्यावरण उत्कृष्टता' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार' प्राप्त कर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। 15 मई को सार्वजनिक उद्यम, हैदराबाद और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओडिशा के इसीएस (पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता) विभाग के जूरी सदस्यों के सामने सहायक महा प्रबंधक (पर्यावरण) नितेश रंजनद्वारा प्रस्तुति दी गई थी। जूरी के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का सटीक समाधान महा प्रबंधक (पर्यावरण) एनपी श्रीवास्तव ने किया था। जूरी पर्यावरण संरक्षण के लिए बोकारो स्टील प्लांट की गतिशील पहल




और स्टील निर्माण के सस्टेनेबिल तरीकों को अपनाने के प्रयासों से काफी प्रभावित हुई। जूरी सदस्यों ने सेल, बोकारो स्टील प्लांट को विजेता के रूप में अनुशंसित किया है। पुरस्कार समारोह आठ जून को भुवनेश्वर में, इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह पुरस्कार पर्यावरण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में बीएसएल ने सर्कुलर इकोनॉमी, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण का उपयोग कर विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने का अभियान चलाया है। यहां यह उल्लेख करना है कि बीएसएल ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन में 12.07 फीसदी की कमी और स्पेसिफिक एफ्फ्लुएंट डिस्चार्ज में 77.3 फीसदी की कमी हासिल की है। वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान बीएसएल में 100 फीसदी ठोस अपशिष्ट उपयोग हासिल किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए बीएसएल ने शुरूआत से अभी तक 47 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। सीओपी26 में भारत द्वारा प्रतिबद्ध 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए कूलिंग पोंड की पहचान की गई है। जीएचजी उत्सर्जन में कमी द्वारा नेट- न्यूट्रेलिटी प्राप्त करने के लिए विभिन्न संचालन उत्कृष्टता और ऊर्जा दक्षता की पहल कर रहा है।

# एसआइएस विशेष भर्ती अभियान में स्वांग दक्षिणी से 10 युवाओं का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** स्वांग दक्षिणी पंचायत सचिवालय में बुधवार को एसआइएस सुरक्षा कंपनी की ओर से बोकारो जिले में विशेष भर्ती अभियान चलाया गया। इसके तहत सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर के भर्ती के लिए 10वीं और 12वीं पास 18 से 37 वर्ष के युवाओं के लिए शिविर लगाया गया था। जिसमें स्वांग दक्षिणी और आसपास के शिक्षित युवाओं ने भाग लिया। भर्ती अधिकारी गौतम



सिंह ने बताया कि शिविर में शामिल अभ्यर्थियों में से कुल 10 का चयन किया गया। जिसमें चंदन कुमार, सोनू कुमार राम, सौरव कुमार, मंगल नोनिया, मुकेश बेदिया जॉय बनर्जी, शिवकुमार पासवान, परमेश्वर यादव आदि शामिल है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा। इसके बाद नियुक्ति दी जायेगी। नियुक्ति के बाद बेतन एवं भत्ता भी दिया जायेगा। इस मौके पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह और पंचायत सचिव रितु कुमारी, ओम किंकर वर्मा उपस्थित थे।

# मुकदमों की जानकारी के लिए न्यायालय परिसर में खुला पूछताछ केंद्र

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट और बोकारो जिला जज अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर तेनुघाट न्यायालय परिसर में पूछताछ केंद्र बनाया गया है । इसकी जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि यहां पर कोई भी वकील, मुवक्किल या अन्य कोई पहुंचकर अपने मुकदमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कोल डंप में कोयला उठाव नहीं होने से नाराज असंगठिन मजदूरों का प्रदर्शन, कोयला मिलने के आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा।** बीसीसीएल एरिया-5 के निचितपुर कोलियरी अंतर्गत कोल डंप में कोयला उठाव नहीं होने के प्रतिवाद में असंगठित मजदूरों ने बुधवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि निचितपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जीएल धुर्वे के मनमानी रवैया के कारण निचितपुर कोल डंप में असंगठित मजदूरों को कोयला उठाव के लिए कोयला आवंटित नहीं किया जा रहा है। जिस कारण निचितपुर कोल डंप के करीब 32 दंगल के करीब 600 मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच



गए हैं। असंगठित मजदूरों ने बताया कि पिछले छह महीने से नियमित कोयला नहीं मिलने से मजदूरों की स्थिति खराब हो गई है। असंगठित मजदूरों ने कहा कि जब से जएल धुर्वे ने पद संभाला है तभी से कोयला गिराने में कटौती की गई। जिसका खामियाजा असंगठित मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि एक दंगल को 10 से 12 दिन पर एक गाड़ी कोयला दिया जा रहा है। जबकि यहां 32 दंगल कार्य करता है। ऐसे में एक दंगल को गाड़ी मिलने में महीनों लग जा रहा है। इसलिए सभी असंगठित मजदूर विरोध दर्ज करा रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए कोल डंप में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने से मजदूरों में काफी रोष है। वहीं, असंगठित मजदूरों के विरोध प्रदर्शन पर निचितपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जीएल धुर्वे ने बताया कि माइंस में पानी भरने के कारण कोयला का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसी कारण कोयला कम मात्रा में भेजा जा रहा है। आनेवाले दिनों में स्थिति सामान्य हो जायेगी। वैसे मजदूरों की स्थिति को देखते हुए निचितपुर कोल डंप में कोयला उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। असंगठित मजदूरों को जल्द ही मैनुअल लोडिंग के लिए कोयला मिल जायेगा। वहीं, मांगों को लेकर परियोजना पदाधिकारी के आश्वासन के बाद असंगठित मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

# मदद मांगने पहुंचे युवक पर थाना प्रभारी ने बरसायी लाठियां, एसएसपी ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ससुराल वालों द्वारा कथित मारपीट के बाद युवक ने 100 नंबर डायल कर पुलिस की मदद लेनी चाही। पर पुलिस ने मदद के बजाय उक्त युवक की ही बुरी तरह पिटाई कर दी। पुलिस की बार से घायल युवक शहर के सदर अस्पताल में भर्ती है। उसने थाना प्रभारी और एक अन्य पुलिस कर्मी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सिटी एसपी से शिकायत की है। वहीं मामले में एसएसपी ने जांच के लिए डीएसपी विधि व्यवस्था को जिम्मा सौंपा है। एसएसपी का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक



राजगंज थाना क्षेत्र के दास टोला निवासी अमित कुमार दास का केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर बस्ती में ससुराल है। पिछले एक महीने से उसकी पत्नी अपने मायके में ही रह रही थी। पत्नी को लेने के लिए वह पिता मुनीलाल दास के साथ गोधर बस्ती स्थित ससुराल गया था। जहां सास और ससुर से बात कर रहा था। तभी उसके चचेरे साला राजन दास अपने तीन चार लड़कों के साथ पहुंचा और मारपीट करने लगा। पिता मुनिलाल दास ने 100 नंबर पर डायल कर पुलिस से मदद मांगी। सूचना पाकर केंदुआडीह पुलिस मौके पर पहुंची भी और युवक को थाना ले गई। कुछ देर बाद राजन दास भी थाना पहुंचा। उसने थाना प्रभारी आरएन ठाकुर से अकेले में बात की। जिसके बाद थाना प्रभारी आरएन ठाकुर ने गाली गलौज करते हुए 100 से अधिक बार उठक बैठक कराया और डंडे से पिटाई की। बाद में हालत गंभीर होने पर पीआर बांड भरवाकर छोड़ दिया।

# दुर्घटना में घायल युवक को बेरमो विधायक ने पहुंचाया अस्पताल



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के फुसरो-चंद्रपुरा मुख्य मार्ग के कल्याणी में एटक कार्यालय के समीप बोलेरो एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवग घायल हो गया। उसकी पहचान मकोली निवासी अश्विनी कुमार के रूप में हुई है। इसी बीच फुसरो से चंद्रपुरा की ओर जा रहे बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की नजर पड़ी तो वे घटना स्थल पहुंचे और अपने गार्ड के सहयोग से घायल युवक को ढोरी सीसीएल केंद्रीय अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया। उसका इलाज चिकित्सको ने किया। बताया जा रहा कि युवक अपनी बाइक से जा रहा था तभी सीसीएल के अधीन चलने वाले बोलेरो गाड़ी से टक्कर हो गयी।

## नवपदस्थापित इंस्पेक्टर से मुखिया ने की मुलाकात

# छोटे-छोटे मामलों का निष्पादन गांव स्तर से करने का प्रयास करें: इंस्पेक्टर ममता

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकांत महतो समेत शिक्षक व क्षेत्र के समाजसेवीयों ने महुदा थाना में नव पदस्थापित इंस्पेक्टर ममता कुमारी का बुधवार को बुके देकर व सॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मुखिया सूर्यकांत महतो ने इस औपचारिक मुलाकात के दौरान इंस्पेक्टर से आग्रह किया कि क्षेत्र की समस्या के निदान में उनका सहयोग लिया जाए। साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में हर संभव मदद की जाएगी। वहीं नए पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी ने मुखिया से अनुरोध किया कि छोटे-छोटे



मामलों का निष्पादन गांव स्तर से करने का प्रयास करें। कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरूरी है। आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। इसलिए लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, पुलिस से डरें नहीं। पुलिस अपराध एवं अपराधियों के लिए है। आम लोगों के लिए पुलिस प्रशासन भी आम इंसान है। मौके पर सुरेश महतो, प्रोफेसर भरत महतो, वासुदेव रजक आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, नगर पंचायत डोमचाँच**
**(ईमेल आई डी :—nagarpan.dm@gmail.com)**

पत्रांक........... न0/पं0          दिनांक : ........../......./2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

डोमचॉच नगर पंचायत अंतर्गत बोरिंग में प्रयुक्त रीग मशीन धारक एवं भवन/भूमि मालिक को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 28.05.2024 से निम्नलिखित नियम बोरिंग को लेकर पालन करना सुनिश्चित करेगें।

1. कोई भी रीग मशीन धारक नगरपालिका की भूमि तथा सडक, नाली, तालाब या अन्य किसी प्रकार की नगर पंचायत डोमचाँच की संपति पर 4 इंच/ 6 इंच का बोरिंग कार्य भवन मालिक के कहने पर नहीं करेगें अन्यथा प्रयुक्त रीग मशीन धारक पर 6 इंच के बोरिंग के संबंध में रू0 1,00,000/— के अतिरिक्त रू0 25,000/— आर्थिक दण्ड कुल रू0 1,25,000/— (आर्थिक दण्ड) लगाया जायेगा। 4 इंच के बोरिंग के संबंध में यह दण्ड की राशि रू0 25,000/— होगी एवं बोरिंग को सील कर दी जायेगी।
2. यदि भवन मालिक सडक,नाली,तालाब या नगरपालिका की अन्य संपति पर बोरिंग करवाते हैं तो बोंरिग करने के पूर्व उन्हें स्वत: यह इसकी जाँच करायी जायेगी। जाँच मे यह प्रमाणित हो जाता है कि बोरिंग कराया जानेवाला स्थान रैयती है तभी कराने की अनुमति दी जायेगी अन्यथा नही करा सकते है।

पूर्व से निबंधित Rig Machine को भी कार्य करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि उक्त कार्य के लिए उन्हें विधिवत अनुमति संबंधी आदेश पत्र प्राप्त हो।

दण्ड की राशि की वसूली तक उक्त अभियान में पकडी गई गाडी संबंधित थाना को संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा सुपूर्द की जायेगी। प्रशासक, नगर पंचायत डोमचाँच आदेश के बाद ही गाडी संबंधित थाने से मुक्त हो सकेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत डोमचांच।

PR.NO.325164 Urban Development(24-25):D



पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी गणेश मिश्र से मुलाकात कर चुनावी रणनीति बनाकर मधुपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान किया।

# मुख्यमंत्री के विशेष सचिव कुट्टे निलंबित

## आज दिल्ली आवासीय कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत निर्वाचन आयोग (इसीआइ) ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के विशेष सचिव और वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी डीएस कुट्टे को निलंबित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आशीष सिंह के स्वास्थ्य की जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। विधायक प्रशांत जगदेव के खिलाफ फिर से इवीएम छेड़छाड़ मामले की जांच कर तुरंत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। आयोग की ओर से मंगलवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) निकुंज बिहारी धल को लिखे पत्र में सचिव राकेश कुमार ने कहा कि कुट्टे और सिंह पर सोमवार को चुनाव प्रक्रिया में अनैतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाया गया था। इसके आधार पर आयोग द्वारा तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये हैं। निर्णय के अनुसार, कुट्टे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें ओडिशा सरकार, नयी दिल्ली के निवासी आयुक्त के कार्यालय में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए कहा गया है। कुट्टे को आज (बुधवार) दोपहर 3 बजे तक वहां पहुंचने का निर्देश दिया गया है। सीइओ को कुट्टे के खिलाफ राज्य के मुख्य सचिव के पास शिकायत दर्ज कराने का भी निर्देश दिया गया है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि 30 तारीख को शाम 5 बजे तक शिकायत दर्ज कराई जाए। इसी तरह आयोग ने डॉक्टरों की एक विशेष टीम द्वारा पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) आशीष सिंह, जो मुख्यमंत्री की सुरक्षा के प्रभारी हैं, उनकी चिकित्सा जांच का भी आदेश दिया है। 30 तारीख से पहले उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जांच करने के लिए निदेशक, एम्स, भुवनेश्वर की अध्यक्षता में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। **तबीयत खराब होने के कारण आशीष 4 मई से एम्स में इलाज करा रहे हैं।** इसकी वास्तविकता की जांच करने और 31 तारीख तक आयोग को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। आयोग के पत्र में कहा गया है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी इन सभी प्रक्रियाओं पर समन्वय करेंगे और रिपोर्ट देंगे।

# ओड़िशा सीएम की बिगड़ती तबीयत साजिश तो नहीं : मोदी

- प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा की सरकार बनी तो करायेंगे जांच
- मोदी ने ओड़िशा में चुनावी जनसभा को किया संबोधित
- मोदी ने कहा बीजेडी के 25 साल के राज्य को फुलस्टॉप लगाना तय कर लिया है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खराब स्वास्थ्य पर चिंता जतायी है। मोदी ने कहा कि उनकी बिगड़ती सेहत के पीछे साजिश तो नहीं? अगर ओड़िशा में भाजपा की सरकार बनी, तो हम नवीन बाबू के खराब स्वास्थ्य के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी बनायेंगे। मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में नवीन बाबू की तबीयत इतनी कैसे बिगड़ गयी। सालों से उनके करीब रहे लोग जब मुझसे मिलते हैं, तो उनकी सेहत की चर्चा करते हैं। वे बताते हैं कि नवीन बाबू अब खुद से कुछ भी नहीं कर पाते। क्या उनकी तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है? मोदी बुधवार को ओड़िशा के मयूरभंज जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### आने वाले पांच साल में होगा कायाकल्प

प्रधानमंत्री ने जनसभा में बीजू जनता दल और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो विकास लोगों ने दशकों में नहीं देखा था, वह पिछले दस साल में देखा है। 2014 में हम 11वें नंबर की इकोनॉमी थे। आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक ताकत बन गये हैं। आने वाले पांच साल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनने जा रहा है। इस दौरान अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत बनता देखेंगे। शानदार हाइवे, एक्सप्रेस वे और रेलवे का पूरी तरह कायाकल्प होता देखेंगे।

### बीजेडी पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि ओड़िशा ने भी बीजेडी के 25 साल के राज्य को फुलस्टॉप लगाना तय कर लिया है। मैं यहां आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। साथ ही साथ निमंत्रण देने भी आया हूं। 10 जून को भाजपा का विधायक ओड़िशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाला है। उन्होंने कहा कि मयूरभंज की ये धरती नारी सशक्तिकरण की धरती है। अभी तक मयूरभंज का जयकारा इसलिए होता था, क्योंकि यहां मां सुभद्रा के रथ को केवल महिलाएं खींचती हैं, लेकिन अब मयूरभंज की बेटी 140 करोड़ लोगों के देश का नेतृत्व कर रही है। हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी देश की तीनों सेनाओं को कमांड करती हैं और वो मयूरभंज की बेटी हैं। यह मयूरभंज के लिए, ओड़िशा के लिए और पूरे देश की नारी शक्ति के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार आदिवासी गौरव और आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। ये अटल जी की सरकार थी, जब अलग आदिवासी मंत्रालय बना था। भाजपा ने ही संथाली भाषा को आठवीं अनुसूचि में शामिल किया था। देश का कोई पहला प्रधानमंत्री, जो भगवान बिरसा मुंडा के गांव गया और वहां की मिट्टी को अपने माथे पर लगाया, वह नरेंद्र मोदी हैं।

# मोदी का ध्यान टेलीविजन पर प्रसारित हुआ तो टीएमसी चुनाव आयोग से शिकायत करेगी : ममता

- कन्याकुमारी में होने वाले पीएम के ध्यान पर ममता ने उठाए सवाल
- कहा- मोदी हर चुनाव में अंतिम चरण के मतदान से पहले ध्यान में चले जाते हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी में ध्यान को टेलीविजन पर प्रसारित किया गया तो उनकी पार्टी चुनाव आयोग से शिकायत करेगी। उन्होंने दावा किया कि यह चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन होगा। भाजपा नेताओं के अनुसार, 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद पीएम कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक राक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि पीएम ध्यान कर सकते हैं, लेकिन इसे टेलीविजन पर प्रसारित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने पूछा कि क्या ध्यान करने के लिए किसी को कैमरा चाहिए? ममता ने दावा किया कि यह प्रचार समाप्त होने और मतदान की तिथि के बीच प्रचार करने का एक तरीका है। उसी मैदान में चुनावी सभा में बोलते हुए, जहां पीएम ने मंगलवार को जादवपुर से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रैली की थी, ममता ने दावा किया कि मोदी हर चुनाव में अंतिम चरण के मतदान से 48 घंटे पहले ध्यान में चले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ की गुफा में इसी तरह का ध्यान किया था। ममता ने कहा कि अगर वे (भाजपा) इस बार सत्ता में लौटते हैं, तो कोई राजनीतिक दल, चुनाव, स्वतंत्रता, धर्म, मानवता या संस्कृति नहीं रहेगी। पीएम मोदी 30 मई की शाम से एक जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। ये वही स्थान है, जहां विवेकानंद ध्यानरत रहे थे।

### ममता का कटाक्ष भाजपा को बंगाल में रसगुल्ला मिलेगा

ममता ने मोदी के इस दावे को खारिज किया कि भाजपा इस चुनाव में बंगाल में सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसका मतलब है कि वे हार गए हैं। कटाक्ष करते हुए ममता ने कहा कि उन्हें बंगाल में रसगुल्ला (शून्य) मिलेगा। ममता ने यह भी दोहराया कि टीएमसी दिल्ली में सरकार बनाने में विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन का समर्थन करेगी। हालांकि उन्होंने लोगों से फिर बंगाल में माकपा या कांग्रेस को एक भी वोट नहीं देने का आग्रह किया। ममता ने कहा कि अगर मैं कांग्रेस से बाहर नहीं आती और तृणमूल कांग्रेस नहीं बनाती, तो आज भी हम बंगाल में माकपा को नहीं हरा पाते। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने बंगाल से माकपा की सरकार को हटाने के लिए 34 साल तक उसके खिलाफ लड़ाई लड़ी। अगर हम ऐसा कर सकते हैं, तो हम भाजपा को भी हरा सकते हैं और हम ऐसा करेंगे। ममता ने आरोप लगाया कि माकपा और भाजपा ने मौजूदा चुनावों के लिए कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मौन सहमति बना ली है।

### ओबीसी आरक्षण पर फैसले स्वीकार नहीं

ममता ने यह भी दोहराया कि मैं कई वर्गों का ओबीसी आरक्षण का दर्जा रद करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करूंगी। उन्होंने दावा किया कि फैसले से सभी धर्मों के लोग प्रभावित होंगे। ममता पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने दिन में मथुरापुर में एक चुनावी सभा में कहा कि बंगाल में आरक्षण लूट लिया गया और मुसलमानों को झूठे ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए।

# एनटीपीसी ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा पहल के हिस्से के रूप में, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल रांची ने मंगलवार को हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन के परिसर में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक समाज में सफाई और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने नुक्कड़ नाटक देखने के लिए अपना समय निकाला। झारखंड एजुकेशनल एंड एनवायरनमेंट ट्रस्ट (जीट) के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को अपने पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने और कूड़ेदान में कचरे का उचित निपटान करने, सार्वजनिक स्थानों पर गुटखा न थूकने, खुले में शौच और पेशाब को रोकने के लिए सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने के माध्यम से एक स्वच्छ, स्वस्थ समाज बनाने के चल रहे प्रयास में हाथ मिलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्ट्रीट नाटक के अंत में कलाकारों ने दर्शकों को स्थानीय स्वच्छता अभियानों में भाग लेने और अपने दैनिक जीवन में स्थायी आदतें अपनाने के लिए आमंत्रित किया। रसोई अपशिष्ट जैसे अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए शहरी खेती (अपशिष्ट प्रबंधन और जैविक खेती पर काम करने वाला संगठन) के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में कार्यालय कैंटीन कर्मचारियों यानी भारतीय कॉफी हाउस (आइसीएच) के लिए आयोजित की गयी थी, जिसमें प्रतिभागियों को शिक्षित किया गया था कि दैनिक आधार पर उत्पन्न रसोई अपशिष्ट को कैसे रीसायकल और पुनः उपयोग किया जाए और जैविक खाद में परिवर्तित किया जाए जिसका उपयोग कार्यालय परिसर में स्थापित फूलदान के लिए किया जा सकता है, जिससे पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण में योगदान दिया जा सके।

# सोआ संकाय सदस्यों ने किया पशु चिकित्सा विज्ञान पर लिखी गयी पुस्तकों का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोज रंजन नायक ने मंगलवार को सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन संस्थान (आइवीएसएएच) के संकाय द्वारा पशु रोगविज्ञान पर दो पुस्तकों का विमोचन किया। पशु चिकित्सा उत्कृष्टता के लिए पोषण संबंधी जैव रसायनः एक समग्र दृष्टिकोण₹ नामक पुस्तक संस्थान में सहायक प्रोफेसर डॉ योरा रीना, डॉ जूली चकमा और डॉ दिव्यप्रकाश आर चोरवाड़ा, द्वारा लिखी गयी। पुस्तक एक व्यापक मार्गदर्शिका है जिसे पशु चिकित्सा विज्ञान के संदर्भ में पोषण संबंधी जैव रसायन की समझ को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है, संस्थान के एक अन्य सहायक प्रोफेसर (डॉ) दीपक कुमार चौरासिया द्वारा लिखित पुस्तक ₹एग्जाम स्पेशलः योर परफेक्ट एग्जाम फ्रेंड छात्रों के लिए लिखी गयी है। दोनों पुस्तकों के विमोचन के अवसर पर प्रो (डॉ) नाइक सोआ ने चारों संकाय सदस्यों के प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि चार शिक्षक देश के चार अलग-अलग राज्यों से सोआ में शामिल हुए थे, जो बढ़ते विश्वविद्यालय की विविधता को दर्शाता है। पशु पोषण विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करते हुए, डॉ रीना ने 2023 में आइसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल से पशु पोषण में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। 2018 में, उन्होंने असम कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। डॉ चकमा ने 2020 में इंफाल के केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने के बाद 2023 में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आइवीआरआइ) से पशु पोषण में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वह पशुचिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, त्रिपुरा से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसी तरह, डॉ चोरवाड़ा ने आइवीआरआइ से पशु जैव रसायन में पीएचडी और 2018 में जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात से पशु चिकित्सा जैव रसायन में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। डॉ चौरसिया दुर्ग वेटरनरी कॉलेज, छत्तीसगढ़ से अपनी स्नातक शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने ओड़िशा कृषि और तकनीकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से संबद्ध ओड़िशा वेटरनरी कॉलेज से एमवीएससी और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

IGI Certified Diamond Jewellery
50% Off on Making CHARGE
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
91 9955526560
91 9431143722

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**